मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| धनबाद | 26.9 | 13.0 |
| जमशेदपुर | 29.1 | 10.6 |
| डालटनगंज | 27.8 | 07.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* * *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in
रविवार, 11 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 02, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 294
आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र



पेज 10
अंडर-19 विश्व कप
बड़ों का बदला लेंगे भारतीय युवा जांबाज

# जिस रिपोर्ट को विस ने स्वीकारा, उसे प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने नकारा

■ अनियमितता के आरोपी अधिकारी के पक्ष में उतरे राज्य के पीसीसीएफ ■ मामला एनटीपीसी की ओर से 100 एकड़ में अवैध खनन का

जिस रिपोर्ट को सरकार ने विधानसभा में रखा था. उसे झारखंड प्रधान मुख्य वन संरक्षक ने एक सिरे से नकार दिया है. मामला यह है कि जिसमें अवैध खनन के दोषियों को बचाने के लिए रिपोर्ट बनाने वाले अधिकारी को बचाने के लिए झारखंड सरकार द्वारा विधानसभा मे दिए जवाब को ही वन विभाग गलत साबित करते हुए सरकार को रिपोर्ट भेज दी है. जिसे लेकर शिकायतकर्ता मंटू सोनी ने पीसीसीएफ और विजिलेंस (वन विभाग) के अधिकारी पर विभागीय और कानूनी कार्रवाई के लिए सरकार को पत्र लिखा है. जिसकी प्रतिलिपि राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव और ईडी तथा सीबीआई को भी दी गई है. शुभम संदेश इस मामले की पहले से ही परत दर परत खुलासा करता रहा है. फिर इस मामले में एक नया खुलासा सामने आया है. पेश है शुभम संदेश के ब्यूरो प्रमुख प्रवीण कुमार की रिपोर्ट...

## सरकार की रिपोर्ट सही, या पीसीसीएफ की

हजारीबाग के बड़कागांव में एनटीपीसी की पंकरी बरवाडीह कोल परियोजना के एमडीओ त्रिवेणी-सैनिक माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा फॉरेस्ट क्लीयरेंस की शर्तों का उल्लंघन कर 37.20 हेक्टेयर एरिया में अवैध खनन किया गया था. जिसको लेकर विधानसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में झारखंड सरकार ने यह माना था कि अवैध खनन हुआ है और यह मामला वन संरक्षक अधिनियम 1980 के उल्लंघन से संबंधित है एवं वन संरक्षण अधिनियम 1980 की धारा 3 बी के आलोक में प्रतिष्ठान द्वारा किए गए अपराध के लिए उक्त अवधि में प्रतिष्ठान के प्रमुख को दोषी माना जाता है. साथ ही कार्रवाई का निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया जाता है. परंतु हजारीबाग के तत्कालीन वन प्रमंडल पदाधिकारी आरएन मिश्रा ने अवैध खनन की पुष्टि होने पर अपनी पहली रिपोर्ट को बदल कर दोषयों पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई के लिए अनुसंशा नही की थी. मंटू सोनी की शिकायत पर झारखंड सरकार ने पीसीसीएफ को मुख्य वन संरक्षक (सतर्कता) से जांच करवा कर रिपोर्ट मांगी थी. आठ महीने बाद पीसीसीएफ ने आरएन मिश्रा के रिपोर्ट को सही मानते हुए सरकार को रिपोर्ट भेज दी. जिसमें उनके द्वारा अवैध खनन के दोषयों पर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई नही करने का अनुसंशा की गयी थी. ऐसे में सवाल उठता है कि झारखंड सरकार ने जो जवाब विधानसभा में दिया वह सही है या पीसीसीएफ ने झारखंड सरकार को जो जवाब भेजा है, वह सही है.



## डीएफओ ने बदली रिपोर्ट

एनटीपीसी द्वारा 100 एकड़ में अवैध खनन की पुष्टि विभागीय जांच में हुई थी. रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद पश्चिमी वन प्रमंडल पदाधिकारी आरएन मिश्रा ने वन संरक्षक प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग को पत्र लिख कर तीन बिंदुओं पर कार्रवाई की अनुशंसा की थी. पहले बिंदु में अनाधिकृत खनन हेतु उपयोग किए सौ एकड़ एरिया के पांच गुना एनपीवी वसूलने, दूसरे में सौ एकड़ एरिया के पांच गुना दंड क्षतिपूर्ति पौधारोपण करने और तीसरे बिंदु में एनटीपीसी के कार्यकारी निदेशक प्रशांत कश्यप, विक्रम चंद्र दुबे, अपर महाप्रबंधक और रंजीत प्रसाद उप महाप्रबंधक पर वन संरक्षण एक्ट 1980 के तहत 3 ए और 3 बी धाराओं में कार्रवाई की अनुशंसा की गई थी. लेकिन उसके बाद वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल के कार्यालय के हवाले से, जिसमें उन्हें एनटीपीसी का पक्ष लेने को कहा गया था. लेकिन मिश्रा ने एनटीपीसी और उसके एमडीओ त्रिवेणी-सैनिक माइनिंग प्रा लि से सांठगांठ कर अवैध खनन के दोषियों से ही पक्ष लेकर तथ्यों का गलत विश्लेषण कर वन संरक्षक प्रादेशिक अंचल को लिखी अपनी पहली रिपोर्ट को बदल कर वन संरक्षक प्रादेशिक अंचल को दूसरी रिपोर्ट लिख दी. जिसमें किसी को दोषी नही बताया और सिर्फ अनाधिकृत खनन हेतु उपयोग किए सौ एकड़ एरिया के पांच गुना एनपी भी वसूलने और सौ एकड़ एरिया में अवैध खनन के पांच गुणा दंड क्षतिपूर्ति करने का अनुशंसा पत्र लिखा और दोषियों को बचाने के लिए पहली रिपोर्ट में वर्णित वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत 3ए और 3 बी धाराओं में कार्रवाई की अनुशंसा को छुपा दिया, ताकि दोषियों पर वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत दोषियों को 3ए और 3बी धाराओं में कार्रवाई से बचाया जा सके.

## ब्रीफ खबरें

### संसद की कार्यवाही की गयी स्थगित

**नयी दिल्ली।** वर्तमान लोकसभा की अंतिम बैठक शनिवार को समाप्त हुई और निचले सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई. इस 17वीं लोकसभा में कामकाज की उत्पादकता 97 प्रतिशत रही और अनुच्छेद 370 हटाने और महिला आरक्षण से संबंधित कई महत्वपूर्ण विधेयक पारित किए गए. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 17वीं लोकसभा में बजट सत्र के अंतिम दिन अपने संबोधन में कहा कि इस लोकसभा में 97 प्रतिशत उत्पादकता रही जिसमें विशेष रूप से महिला सांसदों की भागीदारी रही. सदन की बैठक में पीएम नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और विभिन्न दलों के नेता उपस्थित थे.

### 7 करोड़ कर्मचारियों के लिए खुशखबरी

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ के करीब 7 करोड़ से भी अधिक पीएफ (पीएफ) खाताधारकों के लिए बड़ी खुशखबरी है. शनिवार को हुई सीबीटी की बैठक में इसमें 0.10 फीसदी की तगड़ी बढ़ोतरी करने का फैसला किया गया है. ईपीएफओ ने 2023-24 के लिए प्रोविडेंट फंड यानी पीएफ की ब्याज दर 8.25 फीसदी फिक्स कर दी है. यह पिछले 3 सालों में सबसे अधिक है.

### देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल: राहुल

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को आरोप लगाया



कि देश में भ्रष्टाचारियों का अमृतकाल चल रहा है. कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि देश की जनता परेशान है, लेकिन भ्रष्टाचारी चैन की वंशी बजा रहे हैं.

## राज्य में 2027 तक सबके पास होगा अपना पक्का मकान : सीएम

# मिटेगी शहर-गांव की दूरी

■ सीएम ने पलामूवासियों को दी 456.6 करोड़ की पाइपलाइन सिंचाई योजना की सौगात

**शुभम संदेश टीम। मेदिनीनगर/गढ़वा**

सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि जल्द ही गांव और शहर के बीच की दूरी मिटा दी जाएगी. 2027 तक सभी के पास अपना पक्का मकान होगा. सीएम शनिवार को सोन-कोयल-औरंगा पाइपलाइन परियोजना का शिलान्यास कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि इस परियोजना के पूरा होने पर यहां के खेतों को हमेशा पानी मिलेगा. डेढ़ से दो साल में इसका निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा. सुखाड़ की समस्या भी नहीं रहेगी. इस पाइप लाइन परियोजना का प्रोजेक्ट कॉस्ट 456.6 करोड़ है.

सीएम ने कहा कि हेमंत सोरेन के सपनों को यह सरकार पूरा करेगी. हेमंत की गाड़ी ग्राम योजना लागू होगी. सूबे में अब किसी को पैदल नहीं चलना पड़ेगा. योजना के शुरू हो जाने के बाद गांव के लोग मुफ्त में बस से शहर जा सकेंगे. पेंशनभोगी बुजुर्ग हों या स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चे, किसी को बस में किराया नहीं देना होगा. निःशक्त हों या गरीब परिवार के लोग, सभी मुफ्त में इस बस में यात्रा कर सकेंगे.

**मंडल डैम बन गया है कमंडलः सत्यानंद भोक्ता :** मंडल डैम कमंडल बन गया है. घोषणाएं तो होती है लेकिन पूरी नहीं होती, मंडल उदाहरण है. मंत्री ने कहा, सोन कोयल औरंगा परियोजना से सिंचाई सुविधा मिलेगी, किसानों को लाभ होगा. विधायक मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि परियोजना ऐतिहासिक है. इससे काफी लोगों को फायदा होगा. विधायक रामचन्द्र सिंह ने कहा कि यह क्षेत्र सूखे से जूझ रहा है, सिंचाई परियोजना से समस्या दूर हो जाएगी. कार्यक्रम में सीएम के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, पलामू कमिश्नर, जल संसाधन विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, आईजी राजकुमार लकड़ा, डीसी शशि रंजन, एसपी रिश्मा रमेशन समेत कई अधिकारी मौजूद थे.

## पलामू की खेतों में रहेगा सालों भर पानी




### हेमंत को परेशान कर रही मोदी सरकार : चंपाई

सीएम ने केंद्र की मोदी सरकार पर जम कर हमला बोला. कहा कि मोदी सरकार हेमंत सोरेन को परेशान कर रही है. हेमंत की सरकार ने कई ऐतिहासिक काम किये हैं, कोरोना में दो साल गुजर गये. लेकिन तब भी हेमंत ने बेहतर काम किया. सरकार ने उस दौरान किसी को निराश नहीं होने दिया. चंपाई ने आरोप लगाया कि भाजपा ने राज्य को बर्बाद कर दिया. सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दिया गया. चंपाई ने कहा कि केंद्र सोचता है कि सबको घर देगा. खूब प्रचार करता है, लेकिन झारखंड को धोखा दिया गया. जब भाजपा सरकार ने 8 लाख लोगों को आवास नहीं दिया, तो हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना शुरू की. केंद्र ने प्रधानमंत्री आवास देने से इंकार किया, तो हेमंत ने अपने दम पर लोगों को पक्का मकान देने का फैसला किया. इसके लिए अबुआ आवास योजना लेकर आए. सबसे ज्यादा समय तक भाजपा ने झारखंड पर शासन किया. पर राज्य की उन्नति के लिए कुछ नहीं किया.

## जिस प्रोजेक्ट को हेमंत सरकार ने दी थी मंजूरी, चंपाई ने रखी आधारशिला

**रांची।** पलामू की जिस सोन-कोयल-औरंगा पाइपलाइन प्रोजेक्ट को हेमंत कैबिनेट ने मंजूरी दी थी, उसी की आधारशिला चंपाई सोरेन ने रखी. इस प्रोजेक्ट की घोषणा 2019 में विस चुनाव के दौरान की गई थी. इसके बाद तमाम अड़चनों को दूर करते हुए 2023 में हेमंत कैबिनेट ने इसकी मंजूरी दी थी. इस परियोजना की लागत 456 करोड़ है. इस प्रोजेक्ट से 95 गांवों के 25 हजार परिवारों को लाभ मिलेगा. पाइप लाइन प्रोजेक्ट के पूरा होने पर चैनपुर, मेदिनीनगर, सतबरवा, लेस्लीगंज, छतरपुर, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज, बिश्रामपुर, पड़वा, नावाबाजार के इलाकों को फायदा होगा.

### 95 गांवों के 25 हजार परिवारों को प्रोजेक्ट से मिलेगा लाभ

### किस नदी से किस जलाशय में आएगा पानी

- औरंगा नदी से मलय, पोस्तिया नाला, पनघटवा, कचहड़वा टांड़, कुन्देलवा, वाहेरधवा नाला समेत अन्य जलाशय में पानी आएगा.
- उतरी कोयल पाइपलाइन से रानीताल, टेमराई, बुटनडूबा और रास्ते में आने वाले सभी जलाशयों में पानी आएगा.
- सोन नदी से बतरे, धनकई, ताली, सुखनदिया, करमा काला एवं अन्य छोटे-बड़े जलाशय में पानी आएगा.
- उत्तरी कोयल से 4.498 एमसीएम पानी लिया जाएगा.
- औरंगा नदी से 19.429 एमसीएम पानी लिया जाएगा.
- सोन नदी से 7.470 एमसीएम पानी लिया जाएगा.
- पलामू की 14 हजार हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की सुविधा मिलेगी.
- जुलाई से अक्टूबर तक लिफ्ट किया जाएगा पानी.

## लोकसभा में गृह मंत्री अमित शाह का बड़ा ऐलान

# चुनाव से पहले ही लागू होगा सीएए

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लोकसभा चुनावों में भाजपा को 300 से ज्यादा सीट मिलेंगी. जबकि, एनडीए 400 से ज्यादा सीट हासिल करेगा. आम चुनाव के नतीजों पर कोई संशय की स्थिति नहीं है. यहां तक कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को भी अहसास हो गया है कि उन्हें फिर से विपक्ष में बैठना होगा. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने ये बातें शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान कहीं. नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) पर अमित शाह ने कहा कि चुनाव से पहले पूरे देश में इसे लेकर अधिसूचना आ जाएगी. इस संबंध में नियम जारी करने के बाद इसे लोकसभा चुनाव से पहले ही लागू किया जाएगा. उन्होंने साफ किया कि सीएए किसी के लिए भी नागरिकता छीनने का कानून नहीं है. हमारे मुस्लिम भाइयों को गुमराह किया जा रहा है. भड़काया जा रहा है. सीएए केवल उन लोगों को नागरिकता देने के लिए है जो पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश में उत्पीड़न का सामना करने के बाद यहां आए हैं. यह किसी की भारतीय की नागरिकता छीनने का कानून नहीं है.

**क्षेत्रीय दलों से गठबंधन पर कही ये बात :** कार्यक्रम के दौरान उनसे राष्ट्रीय लोकदल (रालोद), शिरोमणि अकाली दल (शिअद) और कुछ अन्य क्षेत्रीय दलों के एनडीए में शामिल होने की संभावना के बारे में पूछा गया. इस पर गृहमंत्री ने कहा, भाजपा परिवार नियोजन में भरोसा करती है, लेकिन राजनीति में नहीं. शिअद के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, बातचीत चल रही है, लेकिन अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है. उन्होंने कहा, 2024 का चुनाव एनडीए और विपक्षी गठबंधन के बीच नहीं, बल्कि विकास और केवल नारे देने वालों के बीच होगा.

### राहुल गांधी पर साधा निशाना



राहुल गांधी की न्याय यात्रा पर उन्होंने कहा, नेहरू-गांधी परिवार के वारिस को इस तरह के मार्च के साथ आगे बढ़ने का हक नहीं है, क्योंकि 1947 में देश के विभाजन के लिए उनकी पार्टी जिम्मेदार थी. संसद में श्वेत पत्र पर कहा, यह जरूरी था, क्योंकि देश को यह जानने का पूरा हक है कि कांग्रेस नीत यूपीए ने 2014 में सत्ता खोने से पहले क्या गड़बड़ी की थी.

### 17वीं लोकसभा ने बनाए नए बेंचमार्क: मोदी

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में बजट सत्र में शनिवार को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पर चर्चा करके पीएम नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया गया. इसमें मोदी ने भी भाग लिया. मोदी ने कहा कि सरकार के 5 साल देश में रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के रहे हैं. देश 17वीं लोकसभा को आशीर्वाद देगा. मोदी ने कहा, पिछले 5 सालों में देश सेवा में बड़े निर्णय हुए. आज का दिन महत्वपूर्ण है. देश नया विश्वास अनुभव कर रहा है. पांच साल में रिफार्म, ट्रांसफॉर्म और परफॉर्म का काम हो रहा है. उन्होंने कहा कि यह बहुत कम देखा गया है कि सुधार और प्रदर्शन दोनों होते हैं और हम परिवर्तन को अपनी आंखों के सामने देख सकते हैं. देश 17वीं लोकसभा के माध्यम से इसका अनुभव कर रहा है और मेरा दृढ़ विश्वास है कि देश 17वीं लोकसभा को आशीर्वाद देना जारी रखेगा. 17वीं लोकसभा ने नए बेंचमार्क बनाए हैं.



### धालभूमगढ़ हवाई अड्डे का मुद्दा सांसद ने उठाया

**जमशेदपुर।** भाजपा सांसद विद्युत बरण महतो ने प्रस्तावित धालभूमगढ़ हवाई अड्डे को लेकर उड्डयन मंत्रालय से हस्तक्षेप की मांग की है. इसका 2019 में भूमि-पूजन हुआ था, जिसपर काम शुरू नहीं हुआ. महतो ने लोकसभा में कहा कि यह हवाई अड्डा कोल्हान क्षेत्र के लिए एक वरदान होगा, जो खनिजों से समृद्ध और झारखंड का औद्योगिक केंद्र है. इसका भूमि पूजन 2019 में तत्कालीन सीएम रघुवर दास और मंत्री जयंत सिन्हा ने किया था. झारखंड सरकार ने अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में लचर रुख अपनाया है.

## सेल के ठेका मजदूरों को बड़ी राहत

# अब मूल वेतन के साथ 3700 अतिरिक्त मिलेगा

**संवाददाता। किरीबुरु-नोवामुंडी**

एनजेसीएस, दिल्ली में सेल प्रबंधन व ट्रेड यूनियनों की महत्वपूर्ण बैठक के बाद सेल के तमाम उपक्रमों में कार्यरत ठेका मजदूरों के एडब्लूए के पैसा में बढोत्तरी की गयी. सेल की झारखंड एवं ओडिशा खदानों में काम करने वाले ठेका मजदूरों को मूल वेतन के अलावा एडब्लूए के रूप में अब 3700 रुपए प्रति माह अलग से मिलेंगे. पहले एडब्लूए 2300 रुपए प्रति माह मिलते थे. लेकिन बैठक में सहमति के बाद 1400 रुपए (53.85 रुपए प्रतिदिन) बढोतरी के साथ अब 3700 रुपए अतिरिक्त मिलेगा. इस बढ़ोतरी से ठेका मजदूरों में हर्ष है. अब मार्च माह से एडब्लूए का पैसा बढ़ कर मजदूरों के खाते में आएगा.

भारतीय इस्पात मजदूर महासंघ (बीएमएस) के मिडिया प्रभारी सह कोषाध्यक्ष संतोष कुमार पंडा ने बताया कि एनजेसीएस की बैठक में पिछली रिवीजन से 100 फीसदी बढ़ोतरी पर सेल प्रबंधन से सहमति बन गई है. एडब्ल्यूए की राशि तय होने के साथ ही नाइट शिफ्ट एलाउंस और ग्रुप इंश्योरेंस पर भी चर्चा की गई. प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि प्रत्येक यूनिट अपने-अपना स्तर पर इएसआई एवं सेफ्टी वेलफेयर इंश्योरेंस लागू करेगी. उन्होंने बताया कि वर्ष 2009 में पहली बार ठेका मजदूरों को 1000 रुपए एडब्ल्यूए की राशि मंजूर की गई थी. बाद में 2014 में माइंस के मजदूरों के लिए इस राशि में 1300 रुपए की बढ़ोतरी कर 2300 रुपये की गई थी. एनजेसीएस सब कमेटी की बैठक में बीएमएस के उद्योग प्रभारी (स्टील एंड कोल) देवेंद्र कुमार पांडेय ने 2014 में हुई बढ़ोतरी राशि का 100 फीसदी बढ़ोतरी करने का लगातार दबाव सेल प्रबंधन पर बनाये रखा.

### खास बातें

- दिल्ली में एनजेसीएस की बैठक में 100% की बढ़ोतरी पर बनी सहमति

### एडब्लूए की राशि तय

सेल की अन्य स्टील प्लांट एवं यूनिट्स में ठेका मजदूरों को नई अधिकतम बढ़ोतरी के साथ तय की गई एडब्लूए की राशि इस प्रकार है- बीएसपी-3700, डीएसपी-2600, आरएसपी-4100, बीएसएल-4100, आईएसपी-3300, एएसपी-2600, एसएसपी-3300, भीआईएसपी-3700, सीएफपी-2800, एसआरयू-4100, सीडी-3700, सीसीएसओ-3300, सीएमओ(टी एंड एस)-3300, आरडीसीआईएस-3300, सीईटी-3300, एमटीआई-3300, जीडी एंड एसजीडब्लू-3300, इएमडी-3300, सीओ-3050, झारखंड एवं ओडिशा खान समूह - 3700 रुपए मार्च से मिलेगा.

## विश्वास मत: एनडीए व महागठबंधन हुआ चौकन्ना, फ्लोर टेस्ट सबों के लिए होगी अग्निपरीक्षा

# बिहार में कल 'खेला' को लेकर 'महाभारत'

**ज्ञानवर्द्धन मिश्र। पटना**

बिहार में एनडीए सरकार के अस्तित्व को लेकर सोमवार को विधान सभा में होने वाले फ्लोर टेस्ट को लेकर राजनीतिक गतिविधियों में अप्रत्याशित तेजी आ गयी है. विधायकों को जोड़े रखने के लिए भोज की राजनीति ने जोर पकड़ लिया है. 48 घंटे में कोई बड़ा ''खेला'' न हो जाए, इसे लेकर एनडीए और मगठबंधन में शामिल घटक दल के नेता सतर्क हो उठे हैं.

भाजपा और जदयू ने अपने सभी विधायकों को काल कर पटना में रहने का फरमान जारी किया है. अंत-अंत तक खेला होने का दावा करने वाले पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को भी कठिन अग्निपरीक्षा के दौर से गुजरना पड़ रहा है. एक ओर जहां परिवार के सदस्यों पर ईडी के रडार तो दूसरी ओर 12 को बहुमत साबित करने की मशक्कत. चिंता सिर्फ राजद में ही नहीं बल्कि महागठबंधन में शामिल कांग्रेस को भी है. वामदल तनाव रहित है क्योंकि उसके विधायक एकजुट हैं. कमोबेश यही स्थिति एनडीए में है. महागठबंधन के इस दावे की कि जदयू के कई विधायक उनके संपर्क में है, जदयू चौकन्ना हो उठा है. मंत्री विजय कुमार चौधरी और श्रवण कुमार अपने विधायकों से निरंतर संपर्क बनाने में जुटे हैं. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी द्वारा दिये गए रात्रि भोज के बाद श्रवण कुमार ने भी इसका आयोजन किया.





### बिहार विधानसभा का गणित

**एनडीए**

- भाजपा 78
- जदयू 45
- हम 04
- निर्दल 01

कुल- 128

बहुमत से 6 अधिक




बहुमत के लिए चाहिए 122

**महागठबंधन**

- राजद 79
- कांग्रेस 19
- वामदल 16

कुल- 114

बहुमत के लिए चाहिए 8 सीट

### सक्रिय हुए लालू प्रसाद यादव

एनडीए सरकार की हार के लिए लालू प्रसाद सक्रिय हैं. लालू ने माले के दो विधायकों को दूत बना कर जीतन राम मांझी को मनाने भेजा. मांझी और उनके बेटे से मुलाकात करने के बाद माले विधायक महबूब आलम ने गोल मटोल जवाब दिया और कहा कि मांझी हमारे गार्जियन हैं, उनके स्वास्थ्य का हाल पूछने के लिए गये थे. माले के एक अन्य विधायक सत्यदेव राम ने कहा कि मांझी गरीबों का सवाल उठाते रहे हैं. हम उनसे आग्रह करने आए थे कि आगे भी वे गरीबों के मुद्दों को उठाते रहें. माले विधायकों की अचानक मांझी जी से मुलाकात ने नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है.

### फ्लोर टेस्ट में कोई खेला नहीं होगा:

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने पार्टी की ओर से कड़ा संदेश दिया है. मिश्र ने कहा कि सोमवार को होनेवाले फ्लोर टेस्ट में कहीं कोई खेला नहीं होनेवाला है. एनडीए सरकार बड़ी आसानी से बहुमत साबित कर लेगा. महागठबंधन के एक फैमिली लिमिटेड दल की ओर से भले ही अनलिमिटेड दावे किये जा रहे हों. लेकिन, फ्लोर टेस्ट में उनके सारे दावे फुस्स हो जाएंगे. अब इस फैमिली पार्टी को अपनी पार्टी में खेला होने का डर सता रहा है. पार्टी के कई विधायक असंतुष्ट हैं. एनडीए में कोई खेला नहीं होनेवाला.

### व्यापार के लिए मिला था 14,204 व्यापारियों को लाइसेंस,702 व्यापारियों का लाइसेंस सस्पेंड, 3731 का लाइसेंस डिएक्टिव

# झारखंड में खनिजों का व्यापार कर रहे हैं 8872 व्यापारी

रवि भारती। रांची

झारखंड में फिलहाल कोयला सहित अन्य खनिजों के व्यापार में 8872 व्यापारी लगे हैं. इन्हीं व्यापारियों के माध्यम से खनिजों की खरीद बिक्री होती है. खान विभाग से खनिजों के व्यापार के लिए कुल 14204 व्यापारियों (डीलर) को खनिज की खरीद बिक्री का लाइसेंस मिला था. इसमें से खास विभाग ने 702 व्यापारियों का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है. 3731 व्यापारियों का लाइसेंस डिएक्टिव है. 899 व्यापारियों का लाइसेंस लैप्स हो गया है.

**कोयला की बिक्री के किस क्षेत्र में कितना को लाइसेंस**

| जगह का नाम | व्यापारियों को मिले लाइसेंस |
|---|---|
| धनबाद | 2163 |
| दुमका | 528 |
| हजारीबाग | 4734 |
| कोल्हान | 113 |
| पलामू | 1226 |
| रांची | 626 |

**लघु खनिज की बिक्री के लिए कितने को लाइसेंस**

| जगह का नाम | व्यापारियों को मिले लाइसेंस |
|---|---|
| धनबाद | 618 |
| दुमका | 1778 |
| हजारीबाग | 908 |
| कोल्हान | 389 |
| पलामू | 498 |
| रांची | 363 |

**गैर खनिज की बिक्री के लिए कितने को लाइसेंस**

| जगह का नाम | व्यापारियों को मिले लाइसेंस |
|---|---|
| धनबाद | 73 |
| दुमका | 13 |
| हजारीबाग | 982 |
| कोल्हान | 382 |
| पलामू | 30 |
| रांची | 30 |

**प्रोसेसिंग यूनिट के 315 लाइसेंस सस्पेंड**

खान विभाग ने खनिजों के 315 प्रोसेसिंग यूनिटों का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है. वर्तमान में 3742 प्रोसेसिंग यूनिट चल रही हैं. 378 प्रोसेसिंग यूनिटों का लाइसेंस लैप्स हो गया है. 1512 प्रोसेसिंग यूनिट डिएक्टिवेट हैं. झारखंड में कुल 6062 प्रोसेसिंग यूनिट हैं.

**6417 ट्रेडरों में से 1884 ट्रेडर डिएक्टिवेट**

झारखंड में कुल 6417 ट्रेडरों में से 1884 ट्रेडर खनिज के व्यापार से डिएक्टिवेट हो गए हैं. 260 ट्रेडरों का लाइसेंस सस्पेंड है. 438 ट्रेडरों का लाइसेंस लैप्स हो गया है. वर्तमान में 3809 ट्रेडर कार्यरत हैं.

**127 स्टोरेज डिपो का लाइसेंस सस्पेंड**

खान विभाग ने खनिजों के 127 स्टोरेज डिपो का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है. इसमें डीलरों की संख्या 1974 है. जिसमें 1321 डीलर ही खनिजों का व्यापार कर रहे हैं. 83 का लाइसेंस लैप्स हो गया है. 335 स्टोरेज डिएक्टिवेट हैं.

**एक नजर खरीद बिक्री पर**

- खनिजों की ढुलाई के लिए निर्गत किए गए 409756 ई परमिट चालान
- 47931852 ई-पास किए गए निर्गत
- खनिजों की ढुलाई के लिए रजिस्टर्ड किए गए 98594 वाहन
- 993 ट्रांसपोर्टरों का लाइसेंस किया गया रिन्यूअल

### राज्य के नक्सलग्रस्त जिलों को मिली केंद्र की सौगात

# 7 जिलों को 52 करोड़

**चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी चाईबासा और सरायकेला में खर्च होगी धनराशि**

सौरभ सिंह। रांची

झारखंड के सात अतिनक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों को वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 52 करोड़ मिले हैं. यह राशि केंद्र प्रायोजित पुलिस आधुनिकीकरण योजना अंतर्गत विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत दी गयी है. जिन जिले के लिए इस राशि का आवंटन किया गया हैं उसमें चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, चाईबासा, सरायकेला और लोहरदगा जिला शामिल हैं.

**गृह मंत्रालय ने विशेष केंद्रीय सहायता देने की बनायी थी योजना :** विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत मिली राशि से राज्य के छह जिलों में सार्वजनिक आधारभूत संरचना और सेवाओं से संबंधित क्रिटिकल गैप्स को भरा जाएगा. इसके लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने देश के अति उग्रवाद प्रभावित जिलों में विशेष केंद्रीय सहायता देने की योजना बनायी थी, जिसमें छह जिले झारखंड के हैं.

**अति माओवाद प्रभाव वाले 25 में से 8 जिले झारखंड के :** माओवादियों की सक्रियता के लिहाज से अति माओवाद प्रभाव श्रेणी में हैं. वहीं, राज्य के 16 जिलों में माओवादियों का प्रभाव है. केंद्रीय गृह मंत्रालय के मुताबिक, पूर्व में देशभर के 90 जिले माओवाद प्रभावित थे. लेकिन अब इसकी संख्या घटकर 70 रह गयी है. केंद्र ने 70 में से 25 जिलों को अति माओवादी प्रभाव वाला माना है. देश के अति माओवाद प्रभाव वाले 25 में 8 जिले झारखंड के हैं. झारखंड में माओवाद प्रभाव वाले 16 जिलों में रांची, खूंटी, बोकारो, चतरा, धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, सिमडेगा, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं. वहीं आठ अति माओवाद प्रभावित जिलों में चतरा, गिरिडीह, गुमला, खूंटी, लोहरदगा, लातेहार, सरायकेला-खरसावां, पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं.

### केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के पैब की बैठक में 2024-25 के बजट की मंजूरी

## चंपाई सरकार पर मेहरबान हुआ केंद्र दी करोड़ों की सौगात

संवाददाता। रांची

झारखंड में चंपाई सोरेन के नेतृत्व में नयी सरकार बनने के बाद केंद्र सरकार मेहरबान हो गयी है. और राज्य सरकार के लिए एक बड़ी धनराशि आवंटित की है. समग्र शिक्षा अभियान के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए लगभग 2,330 करोड़ रुपए के बजट की स्वीकृति मिली है. झारखंड के लिए इस बजट की स्वीकृति नयी दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के प्रोग्राम एप्रूवल बोर्ड की हुई बैठक में मिली. इसमें 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देगी, जबकि 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार को देना होगा. बैठक में यह भी कहा गया कि चालू वित्तीय वर्ष में मार्च तक होने वाले खर्च के आधार पर बची हुई राशि का स्पिल ओवर होगा अर्थात उक्त राशि 2024-25 में खर्च हो सकेगी. इसके लिए राज्य सरकार को अलग से प्रस्ताव देना होगा.

**पैब की बैठक में 61 नए स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा की दी गई स्वीकृति**

पैब की बैठक में 61 नए स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा की स्वीकृति दी गई. जिन स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा का कार्यक्रम चल रहा है, वहां यह जारी रहेगा. वहीं, 600 अन्य स्कूलों में बाल वाटिका (प्री प्राइमरी) की पढ़ाई शुरू करने की स्वीकृति दी गई. इन स्कूलों में छोटे बच्चों के लिए अनुकूल बेंच-डेस्क तथा खेल की सामग्री खरीदी जाएगी. साथ ही कक्षाओं व स्कूल की दीवारों में छोटे बच्चों के सीखने के लिए आवश्यक जानकारियों की पेंटिंग कराई जाएगी. वित्तीय वर्ष 2024-25 के समग्र शिक्षा अभियान के बजट में उन सभी कार्यक्रमों व योजनाओं के लिए राशि स्वीकृत हुई है जो पहले से संचालित हैं.

- 600 स्कूलों में शुरू होगी बाल वाटिका (प्री प्राइमरी) की पढ़ाई
- समग्र शिक्षा अभियान के लिए 2,330 करोड़ की मिली स्वीकृति

**पारा शिक्षकों, बीआरपी-सीआरपी को मानदेय की स्वीकृति**

कक्षा एक से आठ के बच्चों के लिए निशुल्क पुस्तकें, पोशाक, स्कूल किट आदि इनमें सम्मिलित हैं. पारा शिक्षकों, बीआरपी-सीआरपी एवं अन्य परियोजना कर्मियों के मानदेय की तो स्वीकृति मिली है, लेकिन इसमें किसी प्रकार की वृद्धि नहीं हुई है. नए स्कूलों के निर्माण के लिए राज्य सरकार की ओर से कोई प्रस्ताव ही नहीं भेजा गया था. बैठक में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के पदाधिकारियों ने विभिन्न कार्यक्रमों में तेजी लाने तथा कार्यक्रमों के संचालन में वित्तीय दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालन के निर्देश दिए. साथ ही जिन जिलों में बच्चों की अनुपस्थिति कम है तथा ड्राप आउट अधिक है, उनमें विशेष ध्यान देने तथा नियमित निगरानी पर जोर दिया.

## हाइकोर्ट में हाजिर हुए होमगार्ड के डीजी अनिल पालटा

संवाददाता। रांची

होमगार्ड के जवानों को समान काम के बदले वेतन देने के मामले में शनिवार होमगार्ड के डीजी अनिल पालटा हाइकोर्ट में हाजिर हुए. इस मामले में अजय प्रसाद की अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई. इसमें होमगार्ड डीजी ने अदालत को आश्वस्त किया कि सिंगल बेंच के आदेश का अनुपालन 30 दिन में कर दिया जाएगा. इस मामले पर अब चार अप्रैल को सुनवाई होगी. बताते चलें कि अदालत ने 25 अगस्त 2017 के सिंगल बेंच के आदेश का अनुपालन करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया था. आदेश का अनुपालन नहीं होने पर होमगार्ड के वरीय अधिकारियों को सशरीर उपस्थित होने का आदेश दिया था.

**इस मामले में क्या कहना है प्रार्थी का**

होमगार्ड का पोस्ट सिविल पोस्ट है. **रेगुलर पुलिस की तरह उन्हें भी सेवा में संबंधित लाभ दिया जाए.** 1984 से 1990 के बीच होमगार्ड के रूप में नियुक्त हुआ था. **हाई कोर्ट की एकल पीठ ने 25 अगस्त 2017 को प्रार्थी एवं अन्य दूसरे होमगार्ड को लाभ देने के संबंध में कानून सम्मत निर्णय लेने का राज्य सरकार को निर्देश दिया था.**

इस केस को राज्य सरकार के पास रिमांड बैक कर दिया था. 23 फरवरी 2017 के सरकार के आदेश को निरस्त कर दिया था.

## पंकज मिश्रा को बेल देने से हाईकोर्ट का इनकार

**रांची।** साहिबगंज जिले में अवैध खनन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मुख्यमंत्री के बरहेट विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा की जमानत याचिका झारखंड हाईकोर्ट ने खारिज का दी है. न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने 8 फरवरी को पंकज मिश्रा की बेल पर सुनवाई की थी. अदालत ने सभी पक्षों का बहस सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रखा था. पंकज मिश्रा को ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के केस में 19 जुलाई 2022 को गिरफ्तार किया था. तब से वह जेल में ही है. पंकज मिश्रा की जमानत अर्जी निचली अदालत ने पहले ही खारिज कर दी है. अब हाईकोर्ट में भी पंकज मिश्रा को बेल देने से इनकार कर दिया है.

### सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को किया रद्द

## डिस्ट्रिक जज नियुक्ति का मामला

संवाददाता। रांची

डिस्ट्रिक जज के रिक्त पदों पर नियुक्ति के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया है. साथ ही खाली पड़े नौ रिक्त पदों पर नियुक्ति का भी आदेश दिया है. इस मामले की सुनवाई सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जस्टिस अनिरुद्ध बोस की अदालत में हुई. जिसमें अदालत ने सुशील कुमार पांडे एवं अन्य के मामले में यह फैसला सुनाया. बताते चलें कि पूर्व में हाईकोर्ट ने 22 पदों में से 13 पदों पर मेरिट लिस्ट जारी कर नियुक्ति की अनुशंसा की थी. इसमें नौ पद खाली रह गए थे.

**क्या है मामला**

- साल 2022 में 22 जिला जजों की नियुक्ति से जुड़ा हुआ है यह मामला
- **झारखंड हाईकोर्ट ने झारखंड सुपीरियर ज्यूडिशल सर्विस कैडर के तहत 22 पद पर नियुक्ति के लिए नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की थी**
- नियुक्ति प्रक्रिया के बीच में हाईकोर्ट ने बदलाव किया था
- **इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी**
- मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद सुप्रीम कोर्ट अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था

## यूपीए ने 10 सालों में देश को खोखला कर दिया था, मोदी सरकार ने संकट से उबारा : प्रदीप वर्मा

प्रमुख संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा ने संसद में केंद्रीय वित्त मंत्री की ओर से आर्थिक विषयों पर पेश श्वेत पत्र को लेकर कांग्रेस पर हमला बोला है. भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उन्होंने कहा कि इस श्वेतपत्र में यूपीए सरकार के 10 साल (2004 से 14) की नाकामियां और एनडीए सरकार के 10 साल (2014 से 24) की उपलब्धियां मौजूद है. दोनों सरकार के 10 साल के शासनकाल के आर्थिक पहलुओं का तुलनात्मक अध्ययन करें तो यह पता चलता है कि यूपीए ने देश को 10 सालों में आर्थिक रूप से खोखला कर दिया था. जबकि मोदी सरकार ने आर्थिक व्यवस्था को मजबूत किया.



**मोदी के हाथ में बागडोर आयी, तो मिला रोजगार**

प्रदीप वर्मा ने कहा कि यूपीए सरकार में 2G, कोयला, ट्रक कॉमनवेल्थ गेम, आदर्श कोऑपरेटिव सोसाइटी, शारदा चिट फंड, लैंड फॉर जॉब जैसे कई बड़े घोटाले हुए थे. उस वक्त प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह मजबूर होकर देश की अर्थव्यवस्था को चौपट होते हुए देख रहे थे. जब मोदी सरकार के हाथ में देश की बागडोर आयी, तब शौचालय बनाने का काम शुरू हुआ. इससे लोगों को रोजगार मिला. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बनने शुरू हुए. इससे भी लोगों को रोजगार मिला. आयुष्मान कार्ड दिया गया.

**2014 में एनपीए का प्रतिशत 12.5% था, अब 2% से ज्यादा नहीं**

प्रदीप वर्मा ने कहा कि भाजपा को 2014 में ही श्वेत पत्र जारी कर देना चाहिए था. लेकिन हमने ऐसा नहीं किया, क्योंकि इससे हमें पॉलिटिकल लाभ तो मिलता लेकिन देश की बदनामी होती. प्रदीप वर्मा ने कहा कि बैंक अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण स्तंभ होते हैं. वाजपेई सरकार जब 2004 में सत्ता से गयी थी, तब बैंकों में एनपीए का प्रतिशत 7.8 फीसदी था. इसके बाद 2014 में जब यूपीए सरकार का शासन खत्म हुआ, उस वक्त एनपीए का प्रतिशत 12.5 फीसदी था. मोदी सरकार को बेहद जर्जर बैंकिंग सिस्टम मिला था.

CLASSIFIED







































राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार


www.lagatar.in | रविवार, 11 फरवरी 2024 ● माघ शुक्ल पक्ष 02, संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 1, अंक : 294 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




**बड़गाईं अंचल कार्यालय में पंजी टू सहित अन्य कागजात की भी जांच की**

# हल्काकर्मी भानु प्रताप को लेकर बरियातू के 8.5 एकड़ भूखंड पर पहुंची ईडी

सौरभ सिंह। रांची



लैंड स्कैम मामले में बड़गाईं अंचल के तत्कालीन राजस्व उपनिरीक्षक (हल्काकर्मी) भानु प्रताप से जोनल ऑफिस में पूछताछ के क्रम में शनिवार को ईडी के अफसर उसे लेकर बरियातू स्थित 8.5 एकड़ के भूखंड पर पहुंचे. इस भूखंड पर कथित रूप से पूर्व सीएम हेमंत सोरेन का कब्जा बताया गया था.ईडी के अफसरों ने भानु के साथ उस भूखंड का स्पॉट वेरीफिकेशन करने के साथ ही उससे जमीन के संबंध में पूछताछ की. ईडी की अब तक की जांच में यह पता चला है कि भानु प्रताप ने 8.5 एकड़ जमीन सहित अवैध रूप से संपत्ति हासिल करने में पूर्व सीएम की मदद की थी. लैंड स्कैम से जुड़े भूखंड पर ईडी के अफसरों ने भानु से कई सवाल पूछे. अभी इस भूखंड से संबंधित मामले में ईडी ने जो सवाल भानु से पूछे हैं, उससे और भी कई अहम खुलासे हो सकते हैं. भूखंड पर भानु से पूछताछ के बाद ईडी की टीम उसे साथ लेकर बड़गाईं अंचल कार्यालय भी पहुंची. यहां अंचलाधिकारी की उ जी-मौजूदगी में पंजी टू सहित अन्य कागजात की जांच की. संबंधित कर्मियों से भी पूछताछ की.



### शाम 5 बजे पहुंचे पिंटू, पेपर जमा कर लौटे

पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू शनिवार शाम लगभग 5 बजे ईडी ऑफिस पहुंचे. वे ईडी द्वारा मांगे गए कुछ पेपर लेकर पहुंचे थे. पेपर जमा कर थोड़ी देर बाद ही वे बाहर निकल गये. इससे पहले ईडी ने शुक्रवार को अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू से पूछताछ की थी. उनके मोबाइल फोन का पूरा डेटा उनकी मौजूदगी में निकाला और इसकी क्लोनिंग की थी.

### विनोद सिंह, साहिबगंज डीसी और धीरज साहू से पूछताछ

सत्ता शीर्ष के करीबी आर्किटेक्ट विनोद सिंह, साहिबगंज के उपायुक्त रामनिवास यादव और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू शनिवार को ईडी ऑफिस पहुंचे थे. ईडी की टीम ने सभी से लंबी पूछताछ की. सबसे पहले आर्किटेक्ट विनोद सिंह, उसके बाद सांसद धीरज साहू, फिर साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के जोनल ऑफिस पहुंचे थे. वहीं शाम लगभग 5 बजे पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार रहे अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू भी ईडी ऑफिस पहुंचे. हालांकि कुछ ही देर के बाद वह ईडी ऑफिस से बाहर निकल गये.

### आईएएस-आईपीएस अफसरों की ट्रांसफर-पोस्टिंग के सवाल पूछे

जानकारी के मुताबिक आर्किटेक्ट विनोद सिंह के मोबाइल फोन से ईडी को जमीन से संबंधित कई दस्तावेज मिले हैं. जो जानकारी सामने आ रही है, उनके मोबाइल फोन से जमीन का नक्शा और कई दस्तावेज भी मिले हैं. ईडी ने विनोद सिंह से चैट से जुड़े ज्यादा सवाल किये. सूत्रों के मुताबिक, ईडी को विनोद सिंह के मोबाइल से कई आईएएस-आईपीएस अधिकारियों के साथ हुई बातचीत (चैट) और ट्रांसफर- पोस्टिंग के लिए लेनदेन की डील से संबंधित जानकारी मिली है. जेल अफसरों की ट्रांसफर -पोस्टिंग को लेकर उगाही से जुड़े चैट भी मिले हैं.

### आमदनी और संपत्ति से संबंधित सवाल भी ईडी ने पूछे थे

इससे पहले ईडी ने आर्किटेक्ट विनोद सिंह से शुक्रवार को उनसे पूछताछ की गयी था. इस दौरान विनोद सिंह से उनकी और पारिवारिक सदस्यों की आमदनी और संपत्ति से संबंधित सवाल पूछे गये. इसके अलावा उसके मोबाइल के वाट्स ऐप मैसेज को दिखा कर सवाल किये गये. पूछताछ में उसने कुछ सवालों के जवाब दिये, जबकि कुछ सवालों को टालने की भी कोशिश की.

### सांसद धीरज साहू से जब्त बीएमडब्ल्यू के बारे में पूछताछ

29 जनवरी को दिल्ली स्थित सीएम आवास से ईडी ने बीएमडब्ल्यू जब्त की थी. इस संबंध में सांसद धीरज साहू से पूछताछ की गयी. ईडी ने कोलकाता में प्रेमनाथ अग्रवाल के घर रेड के दौरान मिली जानकारी के बाद गुरुग्राम स्थित एक आलीशान फ्लैट पर छापा मारा था. अग्रवाल ने इसे अपना कार्यालय बताया था, जबकि केयर टेकर ने फ्लैट को धीरज साहू का बताया था.

### डीसी से पूछा- घर में कारतूस व नकद रुपये कहां से आये

3 जनवरी की छापेमारी में ईडी को डीसी रामनिवास यादव के आवासीय कार्यालय से 21 कारतूस, पांच खोखे के अलावा 7.25 लाख रुपये नकद बरामद हुए थे. शनिवार को ईडी कारतूस व बरामद नकद रुपये के संबंध में डीसी रामनिवास यादव से पूछताछ की. ईडी कारतूस, खोखे व नकदी के स्रोत की जानकारी लेने के लिए ही डीसी रामनिवास यादव को दो बार समन कर चुकी थी.

---

## ब्रीफ खबरें

### 5वें दिन कुएं से बरामद हुआ बबलू का शव

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बागबेड़ा थाना अंतर्गत रेलवे इंजीनियरिंग कॉलोनी स्थित कुएं में गिरे बबलू रजक का शव पांचवें दिन शनिवार सुबह बरामद किया गया. सुबह बबलू का शव पानी में पाया गया. स्थानीय लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस ने गोताखोरों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. 6 फरवरी को बबलू के साथी विक्रम की बातों पर पुलिस लगातार बबलू का शव तलाश रही थी. विक्रम ने पुलिस को बताया था कि मंगलवार की देर शाम वह बबलू रजक के साथ था. रेलवे इंजीनियरिंग कॉलोनी में वाहन का लाइट देख दोनों भागने लगे. इसी क्रम में बबलू कुएं में गिर गया.

### विदेश में नौकरी के नाम पर 1.31 लाख की ठगी

**गुमला।** विदेश में नौकरी देने के नाम पर साइबर अपराधियों ने कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र का मजदूर परशुराम साय से लगभग एक लाख 31 हजार रुपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है. परशुराम साय ने शनिवार को मजदूर नेता जुम्मन खान से संपर्क कर मामले की जानकारी दी और कठी करने वाले कंपनी से राशि वापसी कराने में सहयोग करने का अनुरोध किया है. परशुराम साय के अनुसार फेसबुक में कार्ड जारी किया गया था जिसमें सीटू ए ग्रुप एससीओ 230 -231, चौथा तल्ला सेक्टर 34-A चंडीगढ़ का पता दर्ज था. जिसमें 7837000291, 9517703953, 9115614221 मोबाइल नंबर दिया गया था और विदेश में नौकरी के लिए संपर्क करने की बात कही गई थी. संपर्क करने पर परशुराम साय से किस्त में पैसे लिए. चंडीगढ़ का कार्यालय भ बुलाया. आवश्यक कागजात की मांग करने लगे और कभी कैश व कभी गुगल फोन पे के माध्यम से राशि की मांग की गई और वे उनके झांसे में आकर पैसा देता रहा. अब उस नंबर पर बात नहीं हो रही है. जिसे मैं काफी परेशान हूं.

### मुठभेड़ में घायल जवान एम्स में भर्ती

**रांची।** चतरा में नक्सली मुठभेड़ में घायल जवान आकाश सिंह को दिल्ली के एम्स में भर्ती कराया गया है. आकाश सिंह रांची के आर्किड अस्पताल में भर्ती थे. उनको ग्रीन कॉरिडोर बना कर एयरपोर्ट ले जाया गया और वहां से दिल्ली एम्स ले जाया गया. गौरतलब है कि बीती 7 फरवरी को चतरा में नक्सलियों और पुलिस के बीच मुठभेड़ में दो जवान बिहार के गया जिले के वजीरगंज निवासी सिकंदर सिंह और पलामू के तरहसी निवासी सुकन राम शहीद हो गए थे. जबकि, भभुआ निवासी आकाश सिंह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए थे. उन्हें एयर लिफ्ट कर रांची के आर्किड अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

---

**बीबीएमकेयू व अंतर्गत धनबाद व बोकारो के कॉलेजों में पठन-पाठन ठप**

# बीबीएमकेयू में मारपीट के बाद एबीवीपी की तालाबंदी

**संवाददाता। धनबाद |** सरस्वती पूजा के चंदा को लेकर विनोद बिहारी महतो यूनिवर्सिटी में मारपीट व हंगामे के दूसरे दिन एबीवीपी की तरफ से विरोध स्वरूप धनबाद के कॉलेजों में शनिवार को तालाबंदी की गई. इस कारण बीबीएमकेयू और अंतर्गत कालेजों में पठन-पाठन का कार्य बाधित रहा. वहीं शनिवार को होने वाले स्नातक सेमेस्टर-3 की परीक्षा भी नहीं हो सकी. प्रबंधन ने परीक्षा को स्थगित कर दिया है. एबीवीपी मारपीट में शामिल छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग कर रहे हैं. चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गयी, तो जोरदार आंदोलन होगा.

## सरस्वती पूजा चंदा विवाद : एनएसयूआई और आजसू के साथ विद्यार्थी परिषद के सदस्य उलझ गये थे



### सरस्वती पूजा को लेकर तैयारी चल रही थी

बताते चलें कि बीबीएमकेयू में सरस्वती पूजा को लेकर तैयारी चल रही थी. इसी क्रम में एनएसयूआई और आजसू के छात्र क्लास में घूम-घूमकर चंदा कर रहे थे. पीजी फिजिक्स की क्लास में चंदा को लेकर पहुंचने पर छात्रों के बीच विवाद हो गया. धक्का-मुक्की हुई और फिजिक्स विभाग के प्रोफेसर ने विवाद को रोकने का प्रयास तो कुछ छात्र उनसे भी उलझ गए. बाद में किसी तरह विवाद को रोका गया. लेकिन एक पक्ष यूनिवर्सिटी के बाहर गेट पर आकर खड़ा हो गया, जब दूसरा पक्ष वहां पहुंचा तो दोनों में फिर विवाद हो गया और जमकर मारपीट हुई. एबीवीपी के दो छात्र जख्मी हो गए. बाद में दोनों पक्षों ने बरवाअड्डा थाने में शिकायत की थी, हालांकि फिलहाल तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है.

### प्रबंधन कार्रवाई करे नहीं तो होगा जोरदार आंदोलन : एबीवीपी

**धनबाद।** एबीवीपी धनबाद के विभाग संयोजक शिवम कुमार ने कहा कि यह विवाद कॉलेज परिसर के अंदर हुआ है और एक प्रोफेसर के साथ बदसलूकी हुई है. इसी में एबीवीपी के लोगों ने विरोध किया तो उनके साथ भी मारपीट हुई. ऐसे में प्रबंधन को एफआइआर करानी चाहिए, यदि प्रबंधन ऐसा नहीं करता है तो इसका एबीवीपी जोरदार तरीके से विरोध करेगा. महानगर मंत्री किशोर कुमार झा ने कहा कि शिक्षक के सम्मान में एबीवीपी ने नारा देते हुए कहा कि ये गुंडा गर्दी नहीं चलेगी. प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि जल्द से जल्द करवाई हो अन्यथा विद्यार्थी परिषद रोज और उग्र आंदोलन करेगी. विश्वविद्यालय विद्यार्थियों का नहीं गुंडों का गढ़ बन गया है. विद्यार्थियों पर ऐसा बर्बरता पूर्ण हमला निंदनीय है, एबीवीपी एक ही मांग करती है कि दोषियों पर जल्द से जल्द विश्वविद्यालय की तरफ से कार्रवाई हो.



- एबीवीपी के लोगों ने विरोध किया तो उनके साथ भी मारपीट हुई

---

# सड़क दुर्घटना में मौत के बाद झरिया में हुआ जमकर बवाल

**आक्रोशित लोगों ने सौ से अधिक वाहनों में की तोड़फोड़, आगजनी और मारपीट**



- इकलौते बेटे की मौत पर लोगों का गुस्सा फूटा, आठ घंटे तक रखा सड़क जाम
- जाम के दौरान वाहन चालकों के साथ भी बसलूकी, पुलिस के साथ भी धक्का-मुक्की

संवाददाता। झरिया

झरिया थाना क्षेत्र के सिंह नगर में शनिवार की सुबह ट्रक की चपेट में आकर एक नाबालिग छात्र की दर्दनाक मौत हो गई. वारदात में ट्रक ने राज प्लस टू के इंटर के छात्र अर्णव कुमार को अपने चपेट में ले लिया और मौके पर ही छात्र की दर्दनाक मौत हो गई. अर्णव अपने माता पिता का इकलौता चिराग था. घटना से गुस्साए लोगों ने इस मार्ग में हाइवा परिचालन बंद करने की मांग को लेकर सिंह नगर में जमकर तांडव मचाया. शव को रखकर सड़क जाम करते हुए सिंह नगर मार्ग में खड़े एक सौ से अधिक हाइवा व ट्रकों में तोड़फोड़ कर दी और उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया. चालक, खलासी व मुंशी को भी दौड़ा-दौड़ा कर पीटा. सूचना पाकर झरिया थाना के टाइगर पुलिस और दो आरक्षी पहुंचे. जहां आक्रोशित लोगों ने इन पुलिस वालों की पिटाई व फजीहत कर दी. मोबाइल व कैमरे से फोटो करने वालों को भी नहीं बख्श रहे थे.

बता दें कि अर्नब की छोटी बहन आरोही कतरास मोड़ स्थित आइएसएल स्कूल में तीसरे वर्ग में पढ़ती है. रोज की तरह शनिवार को अर्नब अपनी बहन को स्कूल में छोड़कर भूली क्वार्टर जा रहा था. तभी उक्त ट्रक ने अर्नब को अपने चपेट में ले लिया. वारदात के बाद चालक ट्रक लेकर भागने लगा. जहां स्थानीय लोगों ने ट्रक को थोड़ी दूर पर पकड़ लिया हालांकि चालक ट्रक छोड़कर भाग निकला. इधर घटना से आक्रोशित लोगों ने सिंह नगर मार्ग, तालाब व यार्ड में खड़े एक सौ से अधिक वाहनों का शीशा तोड़ दिया. सात घंटा बाद कतरास मोड़ में झरिया इंस्पेक्टर संतोष सिंह, बस्ताकोला महाप्रबंधक की ओर से भेजे गए विवेक पाठक, केडी पांडे, भाजपा नेता इंदछ शिखा मिश्रा के बीच वार्ता हुई. जिसमें कहा गया कि बस्ताकोला महाप्रबंधक धनबाद में नहीं हैं. इस मार्ग में हाइवा परिचालन के मुद्दे पर सोमवार को त्रिपक्षीय वार्ता होगी. इसके बाद शव को उठाकर पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेजा गया.

### नेतागिरी चमकाने पहुंचे नेताओं की फजीहत

सिंह नगर में सड़क जाम कर आक्रोश व्यक्त कर रहे स्थानीय लागों ने नेतागिरी चमकाने पहुंचे कई छुटभैया नेताओं की फजीहत कर दी. कई नेता कोयला ट्रांसपोर्टिंग कंपनी में अपनी शाख बढ़ाने के लिए सड़क जाम को समाप्त करने पहुंचे थे. पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने सहित अन्य मांगों को पूरा करवाने का दिलासा देने की बात कही. जिस पर स्थानीय लोग भड़कते हुए कहा यह समस्या सिंह नगर के बस्ती के लोगों का है. यहां किसी की नेतागिरी नहीं चलेगी. इस दौरान कुछ आक्रोशित युवकों ने जाम हटाने पहुंच रहे कई नेताओं की बारी-बारी से फजीहत किया. तोड़फोड़ एवं सड़क जाम की सूचना पर प्रबंधन का पक्ष रखने पहुंचे थे लेकिन चशर्मसार होकर उन्हें लौटना पड़ा.

### 8 घंटे बाद पुलिस बल दोबारा पहुंचा

झरिया- केंदुआ मुख्य मार्ग सिंह नगर के समीप घटनास्थल पर अर्णव का शव रख कर सड़क जाम किये जाने पर झरिया थाना का गशती पहुंची थी. जिसे लोगों के भारी आक्रोश का सामना करना पडा. पुलिस गश्ती में शामिल जवानों को फजीहत होकर वापस होना पडा. इसके बाद करीब आठ घंटे तक तोड़ फोड़, अफरा तफरी, आगजनी की घटना के बाद भी पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचने की हिम्मत नहीं जुटा सकी. इस दौरान कुछ हुड़दंगी युवकों की टोली घूमघूम कर तेजन सिंह तालाब, गुलगुलिया पट्टी, मुख्य मार्ग के किनारे खड़े वाहनों में तोड़ फोड़ करती रही. कतरास मोड़ के समीप एक दुकान में बीसीसीएल पदाधिकारियों के साथ वार्ता के दौरान सहमति बनने के बाद ही पुलिस बल दोबारा घटनास्थल पर पहुंती और शव को एबुलेंस में डाल पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका.

### बीसीसीएल प्रबंधन व नेताओं के खिलाफ आक्रोश

सड़क जाम के बीच लोगों ने बीसीसीएल के बस्ताकोला क्षेत्रिय पदाधिकारियों, धनबाद डीटीओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मुख्य मार्ग पर दो टायर जलाकर सांकेतिक विरोध किया. कहा कि बीसीसीएल के बस्ताकोला के क्षेत्रीय पदाधिकारियों ने झरिया केंदुआ मार्ग पर ट्रांसपोटिंग वाहनों का कब्जा करवा दिया हैं. वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधि व यूनियन नेता भी ट्रांसपोटर से मिलीभगत किये हुए हैं। इन सभी के बीच आम जनता पिस रही है

---

**उपलब्धि** दक्षिण-पूर्व रेलवे जोन में बेस्ट स्टेशन का मिला खिताब

# रांची रेल मंडल ने 98% ट्रेनों का समय पर किया परिचालन

संवाददाता। रांची/ चक्रधरपुर



**89** रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवाओं और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया

दक्षिण पूर्व रेलवे में 68वें रेल सप्ताह पुरस्कार समारोह में रांची रेल मंडल को छह अवार्ड मिले हैं. ये अवार्ड कोलकाता में जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने दिए. दक्षिण-पूर्व जोन में रांची ने सबसे बेहतर ट्रेन ऑपरेशन किया है. रांची से 98% ट्रेनों का ऑपरेशन समय पर किया गया. बेस्ट स्टेशन का अवार्ड भी रांची को मिला है. सीनियर डीसीएम निशांत कुमार को स्टेशन का शील्ड दिया गया है. वहीं, हीं खेल में भी रांची को शील्ड मिला है. यहां की तीन खिलाड़ी निक्की प्रधान, सलीमा टेटे व संगीता कुमारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हॉकी में परफॉर्म कर रही हैं.

### चक्रधरपुर रेल मंडल को मिला समग्र दक्षता शील्ड

दक्षिण पूर्व रेलवे कोलकाता में आयोजित 68वां रेलवे सप्ताह समारोह में 89 रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों को उत्कृष्ट सेवाओं और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए सम्मानित किया गया. इस मौके पर ओवर ऑल इफिसियेंसी के लिए चक्रधरपुर मंडल को समग्र दक्षता की शील्ड प्रदानकिया गया. अन्य श्रेणियों में दक्षता शील्ड भी विभिन्न विभागों, कार्यशालाओं और स्टेशनों को दिया गया. रांची स्टेशन को बेस्ट केप्ट स्टेशन चुना गया है. कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में ओवर ऑल इफिसियेंसी शिल्ड रेल जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने चक्रधरपुर डीआरएम अरुण जातोह राठौड़ को दिया. यह सर्वोच्च सम्मान उस मंडल को मिलता है, जो यांत्रिक, अभियंत्रण, स्वास्थ्य, मॉडल कॉलोनी, सामग्री प्रबंधन, सर्वोत्तम निर्माण क्षेत्र इकाइ, परिचालन, टर्मिनल प्रबंधन समेत सभी क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करता है. वहीं दक्षिण पूर्व रेलवे का सर्वोच्च हेल्थ केयर शील्ड चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुब्रत कुमार मिश्रा को प्रदान किया गया.

### साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन का हुआ विस्तार

13287-13288 ट्रेन दुर्ग (छत्तीसगढ़) से चलकर राजेंद्रनगर (पटना) तक जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस अब आरा तक चलेगी. रेल मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है. उम्मीद की जा रही है कि 19 फरवरी से विस्तारित रूट पर साउथ बिहार एक्सप्रेस चलेगी. रेल मंत्रालय ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है. साउथ बिहार एक्सप्रेस अब तक दुर्ग वाया टाटानगर होते हुए राजेंद्र नगर तक जाती थी, लेकिन नये आदेश केतहत यह पटना, दानापुर, बिहटा में ठहराव के बाद आरा पहुंचेगी.

# फाइलेरिया की दवा खाने से दो दर्जन स्कूली बच्चे बीमार

संवाददाता। घाटशिला

**खास बातें**

- बीमार बच्चों को अस्पताल में कराया गया भर्ती, सामान्य
- डॉक्टर बोले-इससे घबराने की कोई जरूरत नहीं

प्रखंड के पुराना बनकाटी गांव के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलाने के बाद शनिवार को लगभग दो दर्जन बच्चे बीमार हो गए. बच्चों के बीमार होने की सूचना गांव में आग की तरह फैल गई. गांव में अफरा तफरी का माहौल बन गया. तत्काल सभी बच्चों को अनुमंडल अस्पताल लाया गया. अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सक डॉक्टर शिप्रा ने सभी का प्राथमिक उपचार किया. प्राथमिक उपचार के बाद बच्चों की स्थिति सामान्य है. विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक अनूप कुमार धावडिया ने बताया कि दोपहर 2 बजे भोजन करने के बाद बच्चों को दवा दिया गया. इसके आधे घंटे के अंदर बच्चों को उल्टी, सर में चक्कर एवं घबराहट होने की शिकायत की. तत्काल सभी बच्चों को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया. इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरएन सोरेन ने कहा कि इस तरह का सिमटम होना स्वाभाविक बात है. वैसे भी कृमी की दवा खाने से हल्का सा चक्कर या उल्टी होने जैसी स्थिति उत्पन्न होती है. उन्होंने कहा कि या तो बच्चों में फैलेरिया का संक्रमण है या फिर कृमी होगा जिसके कारण बच्चे बीमार हुए हैं.

## शहर में आज

1. कोल इंडिया की मैराथन दौड़ मोरहाबादी मैदान से सुबह 5 बजे. उड़नपरी पीटी उषा भी रांची पहुंची.
2. एसजीएफआई साईकिल प्रतियोगिता नेवरी चौक से सुबह 8 बजे
3. डीएवी ऑलोक पुंदाग में एनुअल स्पोटर्स मीट सुबह 9.30 बजे से
4. प्रदेश आंगनबाड़ी यूनियन का महास्मेलन पुराना विधानसभा परिसर में दोपहर 1 बजे

**सूचना:** शहर में होनेवाले कार्यक्रम, सेमिनार, प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों और खबरों से संबंधित जानकारी दैनिक शुभम संदेश के वाट्स ऐप नं 8102917469 पर दे सकते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### 25 की रात शबे बरात : इमारत-ए-शरीया

**रांची।** दारूल कजा इमारत-ए-शरीया, रांची के काजी शरीअत मुफ्ती मो. अनवर कासमी ने कहा कि शनिवार को रांची सहित देश के किसी भी क्षेत्र में शबानुल मोअज्जम महीने का चांद नजर नहीं आया. इसलिए रजब उल मुरज्जब महीने को 30 दिन का मानते हुए 12 फरवरी को शबानुल मोअज्जम महीने की पहली तारीख है और 25 फरवरी का दिन गुजर कर आनेवाली रात शबे बरात है. यही फैसला मरकजी दारुल कजा इमारत शारीया फुलवारी शरीफ पटना का है.

### बस-ट्रक में टक्कर, 2 यात्री की हालत गंभीर

**रांची।** एनएच 33 पर रांची से टाटा जा रही सफारी बस और ट्रक में जोरदार टक्कर के बाद ट्रक सड़क पर पलट गया. घटना रामपुर के पास शनिवार शाम करीब पांच बजे घटित हुई. इस घटना में बस के दो यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं. दोनो घायलों को बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक, ट्रक टाटा से रांची की ओर आ रहा था, जबकि बस रांची से टाटा की ओर जा रही थी. इस दौरान रामपुर के पास एक बाइक सवार को बचाने के क्रम में बस-ट्रक में आमने-सामने टक्टकर हो गई.

### रोलिंग ब्लॉक से 3 ट्रेनें प्रभावित, 1 का रूट बदला

**रांची।** दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य हेतु रोलिंग ब्लॉक लिया जाएगा. रांची रेल मंडल से चलने वाली 3 ट्रेनें प्रभावित रहेंगी. ट्रेन संख्या 18035/18036 खड़गपुर-हटिया-खड़गपुर एक्सप्रेस 12 व 15 फरवरी को रद्द रहेगी. 18601 टाटानगर-हटिया एक्सप्रेस ट्रेन 12, 15 एवं 16 फरवरी को परिवर्तित मार्ग चांडिल, गुंडा बिहार, मूरी होकर चलेगी. वहीं सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें 15 से 23 तक के लिए रद्द रहेगी.


फाउंटेन का नजारा


गुलाब का बाग


मनमोहक फूल

### राजभवन में फूलों के दीदार के लिए उमड़ रही भीड़ , स्कूली बच्चे शिक्षकों के संग ग्रुप में पहुंचे रहे हैं राजभवन

# फूलों की खूबसूरती और युवाओं-बच्चों से राजभवन का उद्यान गुलजार

संवाददाता। रांची

राज्यपाल के निर्देश पर राजभव का उद्यान शहरवासियों के लिए 6 फरवरी से खोला गया है. दिन के 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक लोग रंग-बिरंगे फूलों एवं राजभवन का दीदार करने पहुंच रहे हैं. शनिवार को राजभवन के उद्यान खुले 5 दिन हो गए. वहीं, बड़ी संख्या में लोगों ने राजभवन के उद्यान का करीब से दीदार करने पहुंचे थे.

इनमें स्कूली बच्चे भी कई ग्रुप में फूलों की अद्भुत सुंदरता को निहारते दिखे. स्कूलों से आये छोटे बच्चों की देख रेख के लिए शिक्षक पूरा ख्याल रख रहे थे. अबतक 55536 लोगों ने राजभन के बगिया का दीदार किया है. अब रविवार को छुट्टी का दिन है. इसलिए बड़ी संख्या में लोग राजभवन के बाग का दीदार करने पहुंचेंगे. वहीं, सोमवार के बाद राजभवन का उद्यान फिर से एक वर्ष के लिए बंद हो जाएगा. इसलिए रविवार को भीड़ उमड़ने का अनुमान है.


राजभवन के गेट पर भीड़

फोटो : रमीज

### अपर बाजार को अतिक्रमण व जाम मुक्त करने का दिया गया था आदेश

# हाईकोर्ट के आदेश की अनदेखी

संवाददाता। रांची

झारखंड हाइकोर्ट ने बीते साल अगस्त महीने में आदेश पारित कर अपर बाजार को तीन महीने में जाम और अतिक्रमण से मुक्त बनाने को कहा था. लेकिन, हाइकोर्ट के आदेश के करीब पांच माह बाद भी अपर बाजार में अतिक्रमण और जाम के साथ पार्किंग की समस्या पूर्ववत बनी हुई है. अब याचिकाकर्ता पंकज यादव ने दोबारा हाइकोर्ट जाने के लिए सोच रहे हैं. इस कड़ी में पंकज यादव ने नगर आयुक्त को भी पत्र लिख कर हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने के संबंध में अवगत कराया है. उन्होंने पत्र में कहा है कि डब्ल्यू पी-4619/2018 (पीआईएल संख्या) में दिनांक 17.08.23 को झारखंड हाईकोर्ट ने आदेश जारी कर तीन माह के अंदर रांची नगर निगम जैसे प्राधिकार को कानून द्वारा स्थापित प्रक्रियाओं का पालन कर अपर बाजार को जाम व अतिक्रमणमुक्त कराने का आदेश दिया था. लेकिन, निगम की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई. पंकज ने नगर आयुक्त से उक्त आदेश के कार्यान्वयन का निवेदन किया है.





**निगम सुस्त**

- तीन माह में कार्यान्वयन का झारखंड हाईकोर्ट ने दिया था आदेश
- याचिकाकर्ता ने नगर आयुक्त से की कार्रवाई की अपील

### जल्द संज्ञान नहीं लिया गया, तो हाईकोर्ट में दाखिल करेंगे कंटेम्प्ट याचिका : पंकज

गौरतलब हो कि हाईकोर्ट ने कहा था कि प्रत्येक भवन के सामनेवाले हिस्से को पूरे क्षेत्र में नो पार्किंग जोन घोषित किया जाएगा और नियम का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए. याचिकाकर्ता पंकज यादव ने कहा कि वह हैरान हैं कि न्यायालय के एक भी आदेश का पालन नहीं किया गया है. इससे पता चलता है कि नगर निगम के अधिकारियों को न्यायालय के आदेशों के प्रति कोई सम्मान नहीं है. पंकज ने यह भी कहा है कि अगर न्यायालय के आदेश की गंभीरता को समझते हुए नगर निगम की ओर से कार्रवाई नहीं की गई, तो जल्द ही संबंधित विभाग और अधिकारियों के खिलाफ हाईकोर्ट में आवमानना याचिका दायर करेंगे.

### मरांग गोमके जयपाल मुंडा और कांशीराम को भारत रत्न मिले : नायक

**रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह झारखंड-छत्तीसगढ़ के प्रभारी विजय शंकर नायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मेल भेजकर मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा और समाज सुधारक कांशीराम को भी भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की है. कहा कि मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा आदिवासियों और झारखंड आंदोलन के एक सर्वोच्च नेता थे. साथ ही साथ एक जाने माने राजनीतिज्ञ ,पत्रकार, लेखक, संपादक, शिक्षाविद और 1925 में ऑक्सफोर्ड ब्लू का खिताब पाने वाले हॉकी के एकमात्र पहले भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी थे. उनकी कप्तानी में 1928 के ओलंपिक में भारत ने पहला स्वर्ण पदक जीता था. पीएम को भेजे पत्र में कहा गया है कि कांशीराम एक राजनीतिज्ञ व सच्चे समाज सुधारक थे. उनके समाज सुधार जैसे कार्यों को देखते हुए भारत सरकार द्वारा उन्हें भारत रत्न का सम्मान देते हुए उनके द्वारा किए कार्यों को सम्मान किया जाना चाहिए.



# फर्जी कागजात बना कर जमीन पर कब्जा का चल रहा है खेल



संवाददाता। रांची

नगड़ी प्रखंड के लाल गुटुवा पंचायत के कुटे में हटिया विस्थापित परिवार समिति की पंकज शाहदेव की अध्यक्षता में बैठक हुई. उन्होंने कहा कि कुछ भू-माफियाओं द्वारा फर्जी कागजात तैयार कर मसना सहित बने हुए घरों वाले अधिग्रहित भूमि को बल पूर्वक कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है. इस तरह का प्रयास सिर्फ कुटे में ही नहीं, बल्कि मुड़मा,आनी, जगन्नाथपुर समेत सभी पुनर्वासित गावों में हो रहा है.

अगर इसकी जांच कराई जाए, तो कई मामले सामने आयेंगे. उन्होंने कहा कि सरकार से मांग करते हैं की कि इसकी जांच की जाए, अन्यथा हटिया विस्थापित परिवार समिति के बैनर तले आने वाले समय में प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा.

**रखी मांग**

- हटिया विस्थापित समिति ने सरकार से की जांच की मांग
- कार्रवाई नहीं होने पर प्रखंड कार्यालय का करेंगे घेराव

मौके पर महावीर मुंडा, विनय उरांव, नरमी गाड़ी, झरिया उरांव ने भी अपने-अपने विचार रखे. मौके पर रमेश कुमार राम, विशुवा तिर्की, सोमारी मुंडा, बाहा गाड़ी, दीपक मुंडा, राजेश मुंडा, अनिता मुंडा, रीतू तिर्की, दानी गाड़ी, सरिता मुंडा, निकोलस तिर्की, जोसेफ तिर्की, आशीष बैठा, राजू लोहारा, बाबूलाल गाड़ी, विजय लोहरा, सौतन बैठा, मनोज लोहारा, पप्पू बैठा, अन्नू लोहरा समेत बड़ी संख्या में महिला-पुरुष शामिल थे.

### हिल टॉप पब्लिक स्कूल में 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

# मेहनत ही सफलता की असल कुंजी : प्राचार्य

संवाददाता। रांची

रांची के बरियातू स्थित हिल टॉप पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शनिवार को दशम वर्ग के छात्र-छात्राओं को समारोह आयोजित कर विदाई दी गई. इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई.

अष्टम वर्ग के बच्चों ने अपनी नृत्य कला से सबका मन मोह लिया. इस अवसर पर विद्यालय निदेशक राजेश कुमार गुप्ता ने बोर्ड के विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी. प्राचार्य संगीता राज ने कहा कि दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा ही छात्र-छात्राओं में उज्जवल भविष्य का द्वार खोलती है. इसलिए अपनी तैयारी को बेहतर तरीके से परीक्षा के दौरान कॉपी पर उतारें, ताकि बेहतर रिजल्ट आये.



प्राचार्य सुनीता श्रीवास्तव ने भी बच्चों से कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है. मेहनत ही हमारे भविष्य को तय करता है. इस अवसर पर सरिता, सीमा, पूर्वी, गार्गी, अमृत, साधना, शिवानी, सिंमकी, मौसमी एवं अन्य सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार रखें. अंततः मिष्ठान वितरण एवं मोमेंटो देकर दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई.

### ऑल इंडिया पोस्टल पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक में निदेशक ने दिया भरोसा

# प्राथमिकता के आधार पर हल किए जाएंगे मुद्दे

संवाददाता। रांची

ऑल इंडिया पोस्टल/आरएमएस पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक शनिवार को केडी रॉय व्यथित की अध्यक्षता में हुई. एसोसिएशन के कर्मठ सदस्य कन्हैया तिवारी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई.

स्टेट सचिव ने कहा कि पोस्टमैन के जनवरी 96 से बकाया भुगतान नहीं करने के मुद्दे समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई. डाक निदेशक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि जल्द ही इन मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जायेगा. सचिव ने अतिरिक्त निदेशक, सीजीएचएस रांची के साथ 8 फरवरी को जोनल एडवाइजरी कमेटी की बैठक में हुई प्रगति का ब्योरा देते हुए कहा कि दो माह के अंदर एएलसी का टेंडर कर दिया जाएगा. पेंशनर्स के मेडिकल क्लेम के भुगतान पर अतिरिक्त निदेशक ने कमेटी को आश्वस्त किया कि इस मुद्दे को बिना विलंब के निपटाया जाएगा. जोनल मीटिंग में सीजीएचएस की ओर से डॉ. सोनाली भट्टाचार्य, अतिरिक्त निदेशक, डॉ. एके सिंह एवं डॉ. हिमालय कुमार झा, सीएमओ के अलावा एसोसिएशन की ओर से एमजेड खान, जी चौधरी, केपी मिस्त्री आदि शामिल थे.



इस क्रम में निर्णय लिया गया कि अगली होने वाली जोनल मीटिंग में एंपैनल हॉस्पिटल के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे. नियमित मीटिंग के आयोजन पर भी सहमति बनी. मौके पर राज्य अध्यक्ष साधन कुमार सिन्हा, बिपिन कुमार चौधरी कार्यकारी अध्यक्ष, गौतम विश्वास मंडल सचिव, एसपी मंडल ने भी अपने विचार रखे. बैठक में सदस्यता अभियान को जारी रखने का भी निर्णय लिया गया. मौके पर त्रिलोकीनाथ साहू, गणेश डे, रफी अहमद, सुखदेव राम, हरे राम तिवारी, रमेश दुबे, आरबी बैठा, बी बारा, जयराम प्रसाद, चंदेश्वर राम, रामचंद्र प्रसाद, डी साहू, बलदेव साहू आदि शामिल थे.

**फाइलेरिया उन्मूलन** झारखंड सहित 11 राज्यों में एमडीए कार्यक्रम शुरू, 25 तक चलेगा अभियान

# 14 जिले के 2.17 करोड़ लोगों को खिलाई जाएगी दवा

संवाददाता। रांची

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय राज्य मंत्री, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय प्रो. एसपी सिंह बघेल ने शनिवार को स्वयं फाइलेरिया रोधी दवा खाकर, मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम का देशव्यापी अभियान झारखंड सहित 11 राज्यों में शुरू किया. इस अवसर पर कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े हुए प्रतिभागियों ने भी फाइलेरिया रोधी दवाएं खाई.

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा 10 फरवरी से झारखंड के 14 फाइलेरिया प्रभावित जिलों में 2.17 करोड़ लाभुकों में फाइलेरिया रोग के उन्मूलन के लिए एमडीए कार्यक्रम प्रारंभ किया गया है. इन जिलों में बोकारो, देवघर, धनबाद, गुमला, रामगढ़, साहेबगंज, पाकुड़, कोडरमा, रांची, गिरिडीह, गढ़वा, लोहरदगा, सिमडेगा और पूर्वी सिंहभूम शामिल हैं.

**स्वास्थ्य अभियान**

- केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने किया वर्चुअल शुभारंभ
- राज्य भर में प्रतिबद्धता से कर रहे हैं कार्य : आलोक त्रिवेदी

उन्होंने कहा कि मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन के दौरान फाइलेरिया रोधी दवाओं का वितरण ही नहीं, बल्कि प्राशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों के सामने लाभार्थियों द्वारा दवा का सेवन सुनिश्चित जाएगा. साथ ही राज्य स्तर पर सभी विभागों से समन्वय बना कर एमडीए को पूरी तरह से सफल बनाने के लिए अथक प्रयास किए जा रहें हैं. यह भी कहा कि हम सब शत-प्रतिशत लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवाएं खिलाने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहें हैं.

### 25,80,373 लोगों को रांची में खिलाई जाएगी दवा

एमडीए कार्यक्रम के तहत जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (अनगड़ा, बेड़ो, बुढमू और तमाड़ को छोड़ कर) सहित रांची शहरी क्षेत्र के सभी 53 वार्डों में फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए डीईसी एवं अल्बेंडाजोल की दवा 25 लाख 80 हजार 373 लोगों को खिलाई जानी है. यह दवा खाली पेट नहीं खाना है. गर्भवती महिलाएं, दो वर्ष से छोटे बच्चों एवं अत्यंत गंभीर बीमार व्यक्ति को यह दवा नहीं खिलानी है. 25 फरवरी तक घर- घर जाकर दवा का सेवन कराया जाना है.



फाइलेरिया एक वेक्टर जनित लाईलाज तथा उससे बड़ी दिव्यांगता पैदा करने वाली बीमारी है. यह गंदे पानी में पनपने वाले संक्रमित मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से फैलती है. यह जानलेवा बीमारी नहीं है, लेकिन इसकी वजह से शरीर में विकृति पैदा होती है. इसलिए इस रोग से बचाव के लिएसभी व्यक्तियों को दवा का सेवन करना आवश्यक है.

### श्रीश्याम मंदिर में वृहद भंडारे का हुआ आयोजन

**रांची।** श्रीश्याम मंदिर, हरमू रोड में शनिवार को श्रीश्याम मित्र मंडल की ओर से वृहत भंडारा चलाया गया. इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद प्राप्त किया. प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और उपमंत्री अनिल नारनौली ने बताया कि इस बार का यह 99वां भंडारा है. ममता जैन, उनके पुत्र मनीष जैन, हर्षा जैन ने सपरिवार खाटू नरेश, लड्डू गोपाल जी, शालिग्राम जी, शिव परिवार, हनुमान जी और गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि का वर मांगा. मौके पर अध्यक्ष सुरेश सरावगी, अंकित जैन, आकांक्षा जैन, श्याम सुंदर शर्मा, अमित सरावगी, वेद भूषण जैन, आशीष डालमिया, कौशल चौधरी, अभिषेक सरावगी, मनीष वर्मा, झूलन मुंडा, उपेंद्र पांडे, कृष्णा शर्मा, शीतल घोष, अमित महतो आदि ने योगदान दिया.

# दिल्ली में प्रभारी मीर से मिले ग्रामीण कांग्रेस के प्रतिनिधि

संवाददाता। रांची

रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस के महासचिव जफर इमाम अंसारी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली में झारखंड कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर से मुलाकात की. उन्होंने अपनी मांगों को उनके समक्ष रखा. कहा कि झारखंड सरकार के गठन के चार वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास निगम, वक्फ बोर्ड, महिला आयोग, उर्दू अकादमी, मदरसा बोर्ड समेत अन्य संवैधानिक संस्थाओं का गठन अभी तक नहीं हुआ है.

साथ ही पार्टी एवं सरकार में अल्पसंख्यक, आदिवासी, दलित एवं पिछड़े वर्गों को उचित भागीदारी भी




नहीं मिल रही है. उन्होंने प्रभारी से मांग की कि उक्त मामलों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए उचित कार्रवाई की जाए. प्रभारी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त कराया कि पार्टी के वरिष्ठ एवं अनुशासित सिपाहियों को उचित स्थान दिया जाएगा. मौके पर रांची जिला कांग्रेस के सदस्यता प्रभारी सह महासचिव गुलजार अहमद, महासचिव गौरी शंकर महतो, महासचिव चंदन बैठा, शमीम अख्तर आजाद आदि शामिल थे.









# डीपीएस के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने मन मोहा

**रांची।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में नर्सरी एवं प्रेप कक्षा के बच्चों के लिए वार्षिकोत्सव का रंगारंग आयोजन हुआ. इस अवसर पर नर्सरी एवं प्रेप के नन्हें-मुन्हें बच्चों ने अपने मनमोहक प्रतिभा का प्रस्तुतीकरण किया. कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ. मुख्य अतिथि के तौर पर न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद (न्यायाधीश, उच्च न्यायालय झारखंड) एवं विशिष्ट अतिथि नीरू प्रसाद कार्यक्रम में शामिल हुई. कार्यक्रम में बच्चों ने संगीत, नृत्य और नाटक में शामिल होकर अपना अतुलनीय प्रदर्शन दिया. कक्षा नर्सरी के छात्रों द्वारा 'इंद्रधनुष' की सतरंगी छटा बिखेरी गई. वहीं कक्षा प्रेप के बच्चों ने 'युफोरिया' नामक कार्यक्रम द्वारा दर्शकों का मन मोह लिया. बच्चों ने बड़े उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया. दर्शक दीर्घा में बैठे दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गुंजायमान हो उठा. इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि पिछले 35 सालों से दिल्ली पब्लिक स्कूल सुदृढ़ समाज के निर्माण में एक स्तम्भ की भांति अपना योगदान देता आ रहा है. छात्रों द्वारा सुन्दर प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि आज के होनहार बच्चे आने वाले समय में सुनहरे भारत का नेतृत्व करेंगे. प्राचार्य डॉ. राम सिंह ने कहा कि विद्यालय में बच्चों को नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के साथ उनके सपनों को जीने का मौका मिलता है. इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों को विभिन्न कला और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता है. वहीं बच्चों के चरित्र निर्माण में माता-पिता एवं परिवार के सभी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान होता है. मोबाइल के यथोचित उपयोग पर जोर देते हुए प्राचार्य ने अभिभावकों से बच्चों को अपना बहुमूल्य समय देने तथा उनकी समस्याओं का समाधान करने का आग्रह किया.

## टेंडर हार्ट के छात्रों ने साइंस सिटी और तारामंडल का भ्रमण किया



**रांची।** तुपूदाना स्थित टेंडर हार्ट स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस सिटी एवं वराहमिहिर तारामंडल का शैक्षणिक भ्रमण किया. रांची के चिरौन्दी स्थित साइंस सिटी म्यूजियम में विद्यार्थी विज्ञान की दुनिया के साथ अंतरिक्ष की अनेकों अनसुलझे रहस्यों से रूबरू हुए. यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक रोमांचपूर्ण दौरा रहा, इस दौरान विद्यार्थी काफी उत्साह दिखे. भ्रमण के बाद बच्चों ने बताया कि भविष्य में नई उमंग एवं सोच के साथ आगे बढ़ेंगे. स्कूल के चैयरमैन सुधीर तिवारी एवं प्राचार्या उषा किरण झा ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विज्ञान को लेकर बच्चों के मन मे बसे डर को दूर करना था. इस टूर से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास तो बढ़ेगा ही साथ ही बच्चे उपयुक्त विषय का चयन कर पढ़ाई में उत्कृष्टता हासिल करेंगे.

## सरला बिरला पब्लिक स्कूल में फ्लैग ऑफ समारोह का आयोजन



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2023-24 का समापन हुआ. इस अवसर पर विद्यालय परिसर में फ्लैग-ऑफ समारोह का आयोजन किया गया. छात्रों ने वर्तमान सत्र के सफल समापन पर प्रेरणादायक विचार साझा किए. वहीं विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्कूल का प्रतिनिधित्व कर नाम रौशन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया. पूरे वर्ष में छात्रों की सक्रिय भागीदारी और अर्जित अंकों के आधार पर प्राचार्या ने यजुर्वेद सदन को सत्र 2023-24 के लिए सर्वश्रेष्ठ सदन घोषित किया जबकि कक्षा II ए, V ए, VI जी और IX ए को सर्वश्रेष्ठ कक्षा घोषित किया गया.

## बच्चों ने सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया जागरूकता अभियान


**रांची।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी स्कूल के तत्वाधान में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर पोस्टर, हैंड बिल और फूल-मालाओं के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक किया गया. इस दौरान पिठोरिया, रिंग रोड, कांके चौक, चांदनी चौक व कांके ब्लॉक चौक जैसे महत्वपूर्ण एवं दुर्घटना सम्भावित स्थानों पर विद्यार्थियों ने लोगों को जागरूक किया. इस अवसर पर छात्रों ने दोपहिया वाहन चालकों को हेल्मेट पहनने एवं चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाने के लिए आग्रह किया. साथ ही साथ यातायात नियमों का पालन करने वाले लोगों को फूल और मालाओं से उनका धन्यवाद किया गया. वहीं यातायात नियमों के प्रति सजग करने के लिए छात्रों ने लोगों को नियमावली का हैंड बिल भी वितरित किया. स्थानीय लोगों ने विद्यालय के इस जन जागरूकता कार्यक्रम की जमकर प्रशंसा की.



## कस्तूरबा में आए आवेदनों का चल रहा है डोर टू डोर जांच

**रांची।** रांची जिला स्थित 13 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और 5 झारखंड बालिका आवास विद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए आए नामांकन आवेदनों की डोर टू डोर वेरिफिकेशन चल रहा है. नामांकन के लिए आए आवेदनों का वेरिफिकेशन इस इस लिए किया जा रहा है. क्योंकि जो मापदंड तय किया गया है. उसमें आवेदक आते हैं कि नहीं इसकी जांच की जा रही है. रांची जिला प्रोग्रामिंग कार्यालय द्वारा मिली जानकारी के अनुसार हर स्कूल स्कूल में क्लास 6 में नामांकन के लिए 75 सीट निर्धारित किया गया है. हर स्कूल में नामांकन के लिए लगभग 200 आवेदन आते हैं. जिनके पिता नहीं है या माता पिता दोनों नहीं हैं, गरीब हैं और आवेदक अन्य आर्थिक बाधाओं से गुजर रहा है, तो ऐसे में उस आवेदक को प्राथमिकता दी जाती है.


## शिशु विहार के बच्चों ने किया राजभवन उद्यान का भ्रमण



**रांची।** कांके रोड स्थित डीएवी गांधीनगर स्कूल एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में डीएवी शिशु विहार के 500 बच्चों ने राजभवन उद्यान का भ्रमण किया. इस अवसर पर बच्चों ने उद्यान में 400 किस्म के लगे गुलाबों को बारीकी से देखा. इस दौरान राजभवन में रखे एम आईजी 21 विमान की ओर बच्चें काफी आकर्षित हुए. उद्यान में लगा चरखा देख बच्चें उत्साहित हो उठे. वहीं आज़ादी के समय युद्ध में उपयोग हुए तोपों को भी बच्चों ने खुब निहारा. मौके पर स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा, जूनियर विंग शिशु विहार की इंचार्ज डॉ. जया जायसवाल, लक्ष्मी सिन्हा, मनी शर्मा, सीमा जैन, निशा वर्मा, अंजना बाला, रागिनी सिंह, जयुली सेन, आयुश मौजूद थे.

## आरयू: रिझरंग के दूसरे दिन स्कीट नाटक का हुआ मंचन





**रांची।** रांची विश्वविद्यालय में चल रहे यूथ फेस्ट रिझ रंग के दूसरे दिन नाटक, प्रहसन, माइम, मिमिक्री, पोस्टर मेकिंग जैस इवेंट आयोजित किये गये. छात्रों के उत्साह को देखकर कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने इन लाजवाब प्रस्तुतियों को देख कर सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं. कहा कि हमारे छात्र इस्ट जोन यूथ फेस्ट में भी बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे. विश्वविद्यालय के अलग अलग कॉलेजों के छात्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया.

## मनन विद्या स्कूल में 12वीं के स्टूडेंट्स को दी गई विदाई



**रांची।** मनन विद्या मनरखन महतो स्कूल में बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह आयोजित हुआ. इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति के साथ छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया. प्रधानाचार्या रेखा नायडू ने बच्चों को नैतिक जिम्मेदार बनने के साथ जीवन के लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया. वहीं इस मौके पर छात्रा सुदिक्छा सिंह ने विद्यालय में बिताए अपने चौदह सालों के अनुभव को सभी के साथ साझा किया. कार्यक्रम में स्कूल के चेयरमैन मनरखन महतो, ट्रस्टी वीरेन्द्रनाथ ओहदार, ट्रस्टी खुशबू सिंह, ट्रस्टी कृति काजल, डायरेक्टर मनोज कुमार महतो, प्रधानाचार्या रेखा नायडू, प्रबंधक मुकेश कुमार, एडमिनिस्ट्रेटर मीना कुमारी, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे.

## एक्सआईएसएस में चल रहे पनाश का समापन



**रांची।** एक्सआईएसएस चल रहे वार्षिक उत्सव पनाश 2024 का समापन शनिवार को हुआ. दूसरे दिन फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में, अल्पना केर्केटा और वंदना रानी इंडवार ने पहले स्थान प्राप्त किया, कुकिंग विदावउट फायर की प्रतियोगिता में सेंट जेवियर्स कॉलेज की टेस्ट टाइटन्स टीम ने जीता हासिल की, ओपन माइक प्रतियोगिता में, एक्सआईएसएस से बिप्लव कुमार ने पहला स्थान लाया फैशन शो, कार्यक्रम जो पारंपरिक संस्कृति को आधुनिक फैशन के साथ मिश्रित करने के रूप में था, इसके विजेता एक्सआईएसएस से रहा. फोटोग्राफी प्रतियोगिता में एक्सआईएसएस से अंकित प्रणय तिर्की पहला स्थान प्राप्त किया.रील प्रतियोगिता में जिज्ञासा एक व्यावसायिक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता थी, एक्सआईएसएस की यूनिटम टीम ने पहले स्थान प्राप्त किया.

## औषधीय पौधों के अनुसंधान में बीएयू सर्वोत्तम केंद्र घोषित

**रांची।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा संचालित अखिल भारतीय समन्वित औषधीय व एरोमेटिक प्लांट और पान लता अनुसंधान परियोजना के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) केंद्र को देश का सर्वोत्तम केंद्र घोषित किया गया है. अयोध्या में स्थित आचार्य नरेंद्र देव कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 31वें वार्षिक बैठक में इस विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. लिजेंद्र सिंह ने परियोजना के बीएयू केंद्र के प्रधान आचार्य नरेंद्र देव कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, अयोध्या में संपन्न इस परियोजना की 31वीं वार्षिक समूह बैठक में उक्त विवि के कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह ने परियोजना के बीएयू केन्द्र के प्रधान एक्सप्लोरर कौशल कुमार को इसका प्रमाण पत्र दिया. वर्तमान में देश के 26 कृषि विवि अनुसंधान केन्द्रों में औषधीय और एरोमेटिक पादप संबंधी यह समन्वित अनुसंधान परियोजना चल रही है.

## छात्र संगठनों की है ललकार आओ सरकार करो गिरफ्तार

**रांची।** जेएसएससी सीजीएल पेपर लीक मामले में आंदोलनरत छात्रों पर नामकुम थाने में प्राथमिकी दर्ज कराये जाने के खिलाफ छात्र संगठनों ने शनिवार को सरकार को ललकारा-आओ सरकार करो गिरफ्तार. मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में छात्र संगठन जेबीकेएसएस के देवेन्द्र नाथ महतो के नेतृत्व में शनिवार को दोपहर 12 बजे छात्रों का दल पहुंच गया और प्रशासन को गिरफ्तारी के लिए ललकारा, लेकिन पुलिस प्रशासन का कोई अधिकारी आंदोलन स्थल पर शाम पांच बजे तक नहीं पहुंचा.

## मेघनाद की शक्ति से मूर्च्छित हुए लक्ष्मण

**रांची ।** श्रीराम और रावण युद्ध में मेघनाद के शक्ति बाण से भैया लक्ष्मण मूर्छित हो गये. श्रीराम शोकाकुल हो उठे तो बानर सेना में भी शोक की लहर दौड़ गयी. विचार-विमर्श के जामंत जी की सलाह पर हनुमान जी संजीवनी ढूंढने निकल पड़े. यह नजारा फिल्मी नहीं, बल्कि रामलीला का है. शनिवार की रात कुछ ऐसे ही मनोहारी दृश्यों से एचइसी सेक्टर तीन के लोग देर रात तक मंत्रमुग्ध होते रहे. यहां राम जानकी सेवा समिति की ओर से रामलीला का खास आयोजन किया गया है.

## श्रीशिव बारात महासमिति के अध्यक्ष बने राजेश



**रांची।** महाशिवरात्रि पर भव्य रूप में शिव बारात निकालने को लेकर शनिवार को श्रीशिव बारात आयोजन समिति, पहाड़ी मंदिर की बैठक हुई. इसमें तैयारियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया. साथ ही पुरानी समिति भंग कर नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय को मुख्य संरक्षक, जितेंद्र सिंह को मुख्य संयोजक,दीपक लाल को संयोजक, विनय सरावगी, पूर्व मेयर आशा लकड़ा, कैम्ब्रिज इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर नवनीत सिंह, सुमित सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव, पहाड़ी मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष और पूर्व आईएएस एनएन पांडेय, सचिव राकेश सिन्हा, विनोद कुमार, भरत कांशी साहू, शिव गुप्ता, राजन वर्मा, विश्वनाथ शिव मंदिर, पिस्का मोड़ के अध्यक्ष और बारात स्वागतकर्ता शैलेश्वर दयाल सिंह संरक्षक बने.

## टीआरआई में चिल्ड्रन ऑफ हेवन की स्क्रीनिंग

**रांची।** रांची के मोरहाबादी स्थित ट्राइबल रिसर्च सेंटर में शनिवार को फिल्म ''चिल्ड्रन ऑफ हेवन'' की स्क्रीनिंग की गयी. फिल्म में अली और जाराय नामक दो भाई बहनों की कहानी है, जो गरीब परिवार के रहने वाले हैं. जारा के जूते फटे होते हैं और अली उसे मोची के पास सिलवाने जाता है. उससे बहन के जूते गुम हो जाते हैं. वह उन्हें ढूंढने के लिए साहसिक कार्यों की एक शृंखला पर निकल पड़ता है. जब वह ऐसा नहीं कर पाता तो वह एक नई जोड़ी को जीतने के लिए एक नया तरीका आज़माता है. यह फिल्म ईरानी है. पूरी दुनिया में अच्छी फिल्मों की सूची में शामिल हैं, फिल्म को आइडीबी रेटिंग आईएमडीबी 8.2 दी गई है. इस फिल्म के डायरेक्टर माजिद मजीदी हैं. फिल्म 1994 में प्रदर्शित की गई है. सेराल मुर्मू ने कहा कि झारखंड में फिल्म की साक्षरता (लिटरेसी) बाकी राज्यों के मुकाबले नहीं है.

## ध्यान केंद्रित रखें, परीक्षा में मिलेगी सफलता : सिन्हा


**रांची।** सीबीएसई की 10वीं और 12वीं बोर्ड परीक्षा शुरू होने में 4 दिन शेष है. आखिरी समय में बोर्ड परीक्षा को लेकर डीएवी कपिलदेव के प्राचार्य एम के सिन्हा ने छात्रों से जरूरी टीप्स साझा किए हैं. प्राचार्य एम के सिन्हा ने बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा के आखिरी समय में अपना ध्यान बिलकुल केंद्रित रखना होगा. गहरी नींद लें. सभी विषयों पर बराबर ध्यान दें. परीक्षा से पहले सैंपल पेपर का अभ्यास करते रहें. किसी तरह की डाउट होने पर स्कूल के संबंधित शिक्षक से बात कर समस्या का हल करें.

## सामलौंग में मरियम की नई मूर्ति स्थापित

**रांची।** रोमन कैथोलिक चर्च सामलोंग में विगत दिनों से माता मरियम के आदर में चल रही नोविना प्रार्थना का समापन हो गया. इस अवसर पल्ली पुरोहित फादर मैक्सीमियुश टोप्पो और फादर आनंद लकड़ा के द्वारा पल्ली में पुनर्निर्मित ग्रोटो की अस्सिश की गई. साथ ही ग्रोटो की माता मरियम की नई मूर्ति को स्थापित किया गया. ज्ञात हो की सामलिंग चर्च लुर्ध की माता मरियम को समर्पित है. विगत 80 के दशक में रांची एवं अन्य पल्ली के पल्लीवासी वर्ष में एक बार तीर्थ के लिए आया करते थे.

## सीजीएल पेपर लीक मामले में आजसू करेगी आंदोलन

**रांची।** आजसू छात्र संघ जेएसएससी सीजीएल परीक्षा पेपर लीक के चरणबद्ध आंदोलन करेगी. अस बात की जानकारी आजसू के प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने



प्रेस रिलीज जारी कर के दी. रांची विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों में आंदोलन के लिए प्रभारी बनाए गए है. रांची विश्वविद्यालय मुख्यालय, अभिषेक शुक्ला, मारवाड़ी कॉलेज ,विशाल यादव, रूफी प्रवीण, जमाल गद्दी, एसएस मेमोरियल कॉलज दीपक, अजीत, रामलखन कॉलेज, मदन, चेतन प्रकाश, डोरंडा कालेज, अमित तिर्की, विमेंस कॉलेज ज्योस्तना, अंजू, गोस्सनर कॉलेज, रोशन नायक, पीजी डिपार्टमेंट, आकाश नयन, मंजीत ऋषभ,अमित, हर्ष, संत पॉल, समीर गद्दी और लॉज व हॉस्टल प्रभारी, रोशन सेठ को बनाया गया है.

## ब्रदर सिल्वेस्टर का निधन, अंतिम संस्कार आज

**रांची।** संत अलोइस के ब्रदर सिल्वेस्टर बाड़ा रविवार को बसिया कोनबीर नोआटोली में दफन किये जायेंगे. ब्रदर सिल्वेस्टर बाड़ा का जन्म 5 अप्रैल 1944



ईस्वी को गुमला में हुआ था. उन्होंने पहली प्रतिज्ञा 8 मई 1969 एवं आखिरी प्रतिज्ञा 3 जून 1972 ली . 1968 ई से 1973 तक संत अलॉयसिस स्कूल में शिक्षक के रूप में कार्यरत रहे. संत अलोइस स्कूल रांची में 2019-2023 के पूर्व सचिव के रूप में कार्यरत थे. वर्तमान में रांची प्रोविंश के प्रोविंसियल हाउस कांके से जुड़े थे. बीते रात 9 फरवरी 2023 को मांडर के फादर कोंसटंच लीवन्स अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई.

## नाराज अभ्यर्थी 16 फरवरी से करेंगे आमरण अनशन

**रांची।** जेएसएससी जूनियर इंजीनियर की परीक्षा का रिजल्ट प्रकाशित नहीं होने से छात्र नाराज हैं. छात्रों ने बताया कि 3 बार परीक्षा होने के बावजूद अभी तक रिजल्ट जारी नहीं हो पाया है. ये परीक्षा इस बार टीसीएस जैसी विश्वसनीय और विश्वस्तर की एजेंसी से ली गई है. आयोग के कैलेंडर के अनुसार इसका रिजल्ट दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह तक जारी कर दिया जाना था परन्तु अभी तक इसका रिजल्ट जारी नही हो पाया है. इसी संबंध में जूनियर इंजीनियर के अभ्यर्थी 8 फरवरी को जेएसएससी की उप सचिव मधुमिता कुमारी से मुलाकात करने गये. लेकिन देर शाम तक इंतजार करने के बाद भी मधुमिता ने मिलने से साफ मना कर दिया. इसके बाद अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके पास अब शांतिपूर्ण ढंग से भूख हड़ताल करने के अलावा और कोई विकल्प नहीं बचा है.

**परिचर्चा** सर्वसम्मति से सांप्रदायिक ताकतों को परास्त करने का फैसला लिया गया

# हिंसा की राजनीति के खिलाफ इंसाफ मंच की परिचर्चा

संवाददाता। रांची

इंसाफ मंच के तत्वावधान पर शनिवार को हजारीबाग के इचाक प्रखंड दाऊद कॉलोनी में नफरत और हिंसा की राजनीति के खिलाफ सद्भाव और इंसाफ के लिए परिचर्चा का आयोजन मोबारक हुसैन फैज की अध्यक्षता में हुई. इसकी शुरुआत मॉब लिंचिंग के शिकार लोगों और किसान आंदोलन के शहीदों को एक मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई. कार्यक्रम के माध्यम से सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर इस बार सांप्रदायिक ताकतों को परास्त करने का फैसला लिया गया. मुख्य वक्ता के रूप में शामिल माले नेता व पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि देश में संविधान और लोकतंत्र के पक्ष में बोलने वाले कार्यकर्ताओं को जेलों में बंद किया जा रहा है. भाजपा की अंधभक्ति को ही देशभक्ति की संज्ञा दी जा रही है. देश में मजदूर किसानों के मेहनत से तैयार देश के आर्थिक संसाधनों को निजी हाथों में बेचा जा रहा है. देश की संपत्ति को बेचना देशभक्ति नहीं बल्कि देश के साथ गद्दारी है.

धर्म की आड़ में नफरत और हिंसा की राजनीति की जा रही है. महंगाई बढ़ाकर देश की जनता का जीना दुभर करने वाली मोदी सरकार को सबक सिखाना होगा. मौके पर मौलाना मोख्तार, इब्राहिम अंसारी, माले नेता भुवनेश्वर केवट, शेर मोहम्मद, सुलतान खान, चांद अख्तर, शिव कुमार सिंह, मो जमिल, मो तौफिक, बेबी तबसूम, साजदा खातून, उदय द्विवेदी, रोहित मेहता, बद्री सिंह ने अपने विचार रखा. मौके पर सात सूत्री प्रस्ताव पारित किये गये. जिसमें मॉब लींचिग के लिए राज्य में कानून बनाने, राज्य में वक्फ बोर्ड का अविलंब गठन करने, उर्दू शिक्षकों की बहाली करने, दोषियों को प्रोत्साहित करने वाले को भी दंडित करने समेत कई प्रस्ताव शामिल हैं.





## ब्रीफ खबरें

### धूमधाम से हनुमान मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया गया

**चान्हो।** प्रखंड के गुटुवा स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर का पांचवा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है. इस अवसर पर आयोजन समिति की ओर से चौबीस घंटे के अखंड हरिकीर्तन का भी आयोजन किया गया है जिसमें मांडर, चान्हो, बेडो समेत आसपास के कई गांवों से चौदह कीर्तन मंडलियों ने हिस्सा लिया है. आयोजन समिति के सदस्य जिपस सह समाजसेवी आशुतोष तिवारी ने बताया कि कीर्तन मंडलियों की टीम में शामिल महिला सदस्यों को लाल पाड़ वाली साड़ी वहीं रात में कीर्तन में मौजूद रहनेवाले पुरुषों को कंबल दिया गया है.

### नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

**इटकी।** स्थानीय त्रिविन्धा चौक स्थित न्यू ऑप्टिक पैलेस में शनिवार को निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया. शार्प साइट आई हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से आयोजित शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ प्रदीप कुमार दुबे ने 85 लोगों के नेत्र रोग की जांच कर जरूरतमंदों के बीच मुफ्त दवा का वितरण किया गया. शिविर को सफल बनाने में मुख्य रूप से हाजी इस्माईल, मो आसिफ, शाद अब्दुल्लाह व हॉस्पिटल के स्टॉफ ने सराहनीय योगदान दिया.

### खलारी सरना एकेडमी का वार्षिकोत्सव मनाया गया

**खलारी।** सरना एकेडमी कुसुमटोला में 11वां वार्षिकोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया . जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री बन्धु तिर्की तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य अब्दुल्ला अंसारी, बेंती पंचायत मुखिया सरिता देवी , इंदिरा देवी उपस्थित थे.कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि बंधु तिर्की ने दीप प्रज्वलित कर किया.उसके बाद सभी अतिथियों का बुके देकर स्वागत किया गया.स्कूली बच्चों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया.स्वागत भाषण निदेशक महेंद्र उरांव ने दिया.वही प्रधानाचार्य गोपाल सिंह ने स्कूल का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया.मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने कहा कि इस सुदूरवर्ती क्षेत्र में कम संसाधन में बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जा रही है जो काफी सराहनीय है.

### पिपरवार में द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**पिपरवार।** सीसीएल मगध संघमित्रा एरिया मे क्षेत्रिय स्तरीय द्विपक्षीय सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने की और संचालन एरिया सेफ्टी ऑफिसर शंभू नाथ ने किया. बैठक में मगध संघमित्रा एरिया के सभी विभागों के प्रमुख अधिकारी एवं श्रमिक प्रतिनिधि शामिल हुए. सभी का स्वागत बुके देकर किया गया. बैठक में महाप्रबंधक नृपेंद्र नाथ,परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायण, खान प्रबंधक मोअकरम,स्टाफ ऑफिसर विद्युत एवं यांत्रिक नलिन चंद,कार्मिक एवं प्रशासनिक अधिकारी एसके चौबे आदि लोग शामिल थे.

### जरूरतमंद बच्चों के लिए विशेष अभियान शुरू

**खलारी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिविल कोर्ट राaची डालसा ने खलारी में जरूरतमंद बच्चों के लिये विशेष अभियान की शुरुआत की है. डालसा प्रतिनिधि मुन्नु शर्मा ने बताया कि खलारी प्रखण्ड क्षेत्र में कोई भी बच्चें कूड़े कचरे चुनते भीख मांगते नही देखें "नो चाइल्ड इन ट्रैश चाइल्ड बेगिंग फ्री खलारी" अभियान की शुरूआत की है. मुन्नु शर्मा ने कहा कि कूड़ा चुनने भीख मांगने वाले बच्चों को सामाजिक सुरक्षा की जरुरत है. एक अध्ययन के अनुसार ऐसे बच्चें संक्रमण सहित अन्य बीमारियों को अपने अंदर प्रवेश करने की अनुमति देते है.

### 135 बूथों पर फाइलेरिया की दवा खिलाई गई

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक अस्पताल के द्वारा फाइलेरिया कार्यक्रम के तहत कुल 135 बूथ पर 17171 बीएससी की गोली एवं 6993 एल्बेंडाजोल की गोली खिलाया गया. इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एमडीए प्रभारी सुरेंद्रनाथ महतो, डॉ मुकेश कुमार, डॉ सुधा, संजीव, छोटेलाल पटेल, एएनएम बबीता ,लकी मनी, हिल्दा लकड़ा मौजूद थी.

---

विरदीडीह गांव और तेलवाडीह गांव में 2 करोड़ 19 लाख से सड़क निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

# क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता: सुदेश महतो

**संवाददाता। सोनाहातू**

प्रखंड क्षेत्र के विरदीडीह गांव और तेलवाडीह गांव में विधायक सुदेश कुमार महतो ने 2 करोड़ 19 लाख से बनने वाली मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया.विरदीडीह से सालसुद तक सड़क निर्माण 83 लाख की लागत से बनाया जायेगा तथा डी मोड से तेलवाडीह होते हुये परमजाड़ेया तक एक करोड़ 26 लाख से बनाया जायेगा. शिलान्यास समारोह को सम्बोधित करते हुए विधायक सुदेश



महतो ने कहा कि गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य पर गुणात्मक सुधार किया जा रहा है.शिक्षा को लेकर हाई स्कूल और मिडिल स्कूल में स्मार्ट क्लास, स्टूडेंट्स बस सेवा,लाइब्रेरी, आदि की सुविधा दिया जा रहा है. स्वास्थ्य को लेकर हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है. हर घर में शुद्ध पेयजल पहुंचाने का काम किया जा रहा है.प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा.गांव में राजनीतिक जागरूकता लाने का काम किया गया है. योजनाओं के माध्यम से हम गांव में भरोसा देने का काम कर रहे है. मौके पर सुनील सिंह, चितरंजन महतो, श्याम महतो, संजय महतो, फणीभूषन सिंह मुंडा, तिलोक कर्जी, सुषेन प्रामाणिक, मनोहर सिंह मुंडा, दीनबंधु मुंडा,खेत्र मोहन सिंह मुंडा,फगुराम महतो,आदि मौजूद थे. कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुखिया ब्रजकिशोर सिंह मानकी अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण किये. सभी को माला पहनाकर स्वागत किया गया.

**रखी बाते**

- हर पंचायत में स्वास्थ्य उपकेंद्र को विकसित किया जा रहा है
- प्रखंड के सभी जर्जर सड़क का मरम्मत किया जायेगा

---

बीबीएमकेयू व अंतर्गत धनबाद व बोकारो के कॉलेजों में पठन-पाठन ठप

# बीबीएमकेयू में मारपीट के बाद एबीवीपी की तालाबंदी

**संवाददाता। धनबाद |** सरस्वती पूजा के चंदा को लेकर विनोद बिहारी महतो यूनिवर्सिटी में मारपीट व हंगामे के दूसरे दिन एबीवीपी की तरफ से विरोध स्वरूप धनबाद के कॉलेजों में शनिवार को तालाबंदी की गई . इस कारण बीबीएमकेयू और अंतर्गत कालेजों में पठन-पाठन का कार्य बाधित रहा . वहीं शनिवार को होने वाले स्नातक सेमेस्टर-3 की परीक्षा भी नहीं हो सकी . प्रबंधन ने परीक्षा को स्थगित कर दिया है . एबीवीपी मारपीट में शामिल छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की मांग कर रहे हैं . चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गयी, तो जोरदार आंदोलन होगा .

**सरस्वती पूजा चंदा विवाद : एनएसयूआई और आजसू के साथ विद्यार्थी परिषद के सदस्य उलझ गये थे**

### सरस्वती पूजा को लेकर तैयारी चल रही थी

बताते चलें कि बीबीएमकेयू में सरस्वती पूजा को लेकर तैयारी चल रही थी . इसी क्रम में एनएसयूआई और आजसू के छात्र क्लास में घूम-घूमकर चंदा कर रहे थे . पीजी फिजिक्स की क्लास में चंदा को लेकर पहुंचने पर छात्रों के बीच विवाद हो गया . धक्का-मुक्की हुई और फिजिक्स विभाग के प्रोफेसर ने विवाद को रोकने का प्रयास तो कुछ छात्र उनसे भी उलझ गए . बाद में किसी तरह विवाद को रोका गया . लेकिन एक पक्ष यूनिवर्सिटी के बाहर गेट पर आकर खड़ा हो गया, जब दूसरा पक्ष वहां पहुंचा तो दोनों में फिर विवाद हो गया और जमकर मारपीट हुई . एबीवीपी के दो छात्र जख्मी हो गए . बाद में दोनों पक्षों ने बरवाअड्डा थाने में शिकायत की थी, हालांकि फिलहाल तक मुकदमा दर्ज नहीं किया गया है .



### प्रबंधन कार्रवाई करे, नहीं तो होगा आंदोलन : एबीवीपी

**धनबाद।** एबीवीपी धनबाद के विभाग संयोजक शिवम कुमार ने कहा कि यह विवाद कॉलेज परिसर के अंदर हुआ है और एक प्रोफेसर के साथ बदसलूकी हुई है . इसी में एबीवीपी के लोगों ने विरोध किया तो उनके साथ भी मारपीट हुई . ऐसे में प्रबंधन को एफआइआर करानी चाहिए, यदि प्रबंधन ऐसा नहीं करता है तो इसका एबीवीपी जोरदार तरीके से विरोध करेगा . महानगर मंत्री किशोर कुमार झा ने कहा कि शिक्षक के सम्मान में एबीवीपी ने नारा देते हुए कहा कि ये गुंडा गर्दी नहीं चलेगी . प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि जल्द से जल्द करवाई हो अन्यथा विद्यार्थी परिषद रोज और उग्र आंदोलन करेगी . विश्वविद्यालय विद्यार्थियों का नहीं गुंडों का गढ़ बन गया है . विद्यार्थियों पर ऐसा बर्बरता पूर्ण हमला निंदनीय है, एबीवीपी एक ही मांग करती है कि दोषियों पर जल्द से जल्द विश्वविद्यालय की तरफ से कार्रवाई हो .

### भाजपा ने बूथ स्तरीय तैयारी की समीक्षा की

**सिल्ली/मुरी।** सिल्ली पंचायत के जाम टोला में शनिवार को भाजपा सिल्ली शक्ति केंद्र की बैठक भाजपा सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद प्रसाद साहू के अध्यक्षता में की गई. बैठक में भाजपा के रांची लोकसभा विस्तारक जयकांत पासवान एवं सिल्ली विधानसभा विस्तारक मनीष कुमार मुख्य रूप से शामिल हुए. बैठक में गांव चलो अभियान के तहत सिल्ली शक्ति केंद्र के सभी बूथ अध्यक्षों के साथ चर्चा की गई. इस मौके पर राजेंद्र प्रसाद साय, पुर्णिमा सिंह देव, शैलेन्द्र बड़ाइक, कांचन सोनार, गुलाब सिंह, सुरज गोराई, प्रदीप सोनार , अंबुज रजक, हेमंत कोइरी, कृष्णा रविदास, रामचरण बेदिया, विवेकानंद महली, रघुनाथ साय समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### लापुंग में प्रखंडस्तरीय एमडीए कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

लापुंग। लापुंग प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय लापुंग में एमडीए कार्यक्रम का आयोजन किया गया. लापुंग प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम का फीता काट कर विधिवत उद्घाटन किया गया. इस मौके पर लापुंग प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा ने कहा कि फाइलेरिया को जड़ से खत्म करने के लिए फाइलेरिया कार्यक्रम को सफल बनाने की जरूरत है. हमें रांची जिला को फाइलेरिया जैसी बीमारी से मुक्त करना है. इस मौके पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नमिता आशावंती लकड़ा ने कहा कि एमडीए कार्यक्रम का आयोजन लापुंग प्रखंड में की जा रही है. दो साल से ऊपर सभी को फाइलेरिया रोधी टैबलेट खिलाना और शत प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति ही कार्यक्रम की सफलता है.

---

# उपेक्षा का दंश झेल रहा लापुंग का प्रसिद्ध बाबा वनखंडी धाम

**संवाददाता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड क्षेत्र के बोकरन्दा पंचायत अन्तर्गत पबीरा गांव के पहाड़ पर स्थित प्रसिद्ध बाबा वनखंडी धाम की उपेक्षा और उदासीनता से तंग आकर अन्ततः स्थानीय ग्रामीणों ने खुद सीढ़ी और चबुतरा निर्माण कार्य का बीड़ा उठाया. शनिवार की सुबह पबीरा गांव के ग्रामीण जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के बाद बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में सीढ़ी और चबुतरा बनाने को लेकर श्रमदान कर निर्माण कार्य में जुट गए हैं.श्रमदान करने वाले ग्रामीणों में बिरंची महतो ने बताया कि बाबा वनखंडी धाम पूरे लापुंग प्रखंड का इकलौता ऐसा धार्मिक एवं प्राकृतिक धरोहर है जो पहाड़ों के ऊपर समुद्र तल से 2026 फीट की ऊंचाई पर गुफा में विराजमान शिवलिंग आस्था और विश्वास का महत्वपूर्ण केंद्र बना हुआ है. यहां भगवान भोलेनाथ की अति प्राचीन शिवलिंग के प्रति लोगों की



आस्था और विश्वास अद्भुत है. लेकिन दुर्गम होने के कारण हजारों श्रद्धालुओं के आस्था का यह केंद्र सड़क एवं अन्य सुविधाओं के अभाव में वर्षों से उपेक्षित पड़ा है. इस संबंध में समिति के लोगों ने वर्षों पहले कई बार सांसद और विधायक को लिखकर और ज्ञापन देकर सड़क निर्माण की मांग की है. हर बार सिर्फ आश्वासन और भरोसा दिलाया जाता है कि बहुत जल्द इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा.

पूर्व डीडीसी ने लापुंग प्रखंड के मालगो पंचायत के कई गांवों का दौरा किया

# आधी रोटी खाएं, बच्चों को जरूर पढ़ाए: डॉ परमेश्वर

**सुनील कुमार गुप्ता। लापुंग**

लापुंग प्रखंड के मालगो पंचायत के रायटोली सहित विभिन्न गांवों और टोलों का दौरा करते हुए पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ परमेश्वर भगत ने लोगों की समस्याओं की जानकारी ली. उन्होंने शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, पलायन जैसे मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया. उन्होंने कहा कि बच्चे ही गरीबों का असली धन हैं. बच्चों में संस्कार युक्त शिक्षा बेहद जरूरी है. दो रोटी कम खाएं लेकिन अपने बच्चों को जरूर पढ़ाए, शिक्षा के माध्यम से ही आने वाला अच्छा भविष्य एवं स्वच्छ समाज का निर्माण किया जा सकता है. डॉ परमेश्वर भगत ने सभी लोगों को सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक और आर्थिक रूप से जागरूक रहने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि गांव वाले आपस में एकता बनाए रखें और गांव के विकास को लेकर एकजुटता प्रदर्शित करें. जब तक



जागरूकता नहीं होगी तब तक विकास की बात बेमानी होगी. बैठक के दौरान ग्रामीणों ने गांव में व्याप्त समस्याओं की जानकारी दी और समाधान करने का अपील किया. ग्रामीणों ने आने वाले दिनों में पेयजल की समस्याओं के साथ साथ खेतों की सिंचाई के लिए तालाब एवं कुओं के निर्माण की मांग रखी. इस संबंध में पूर्व डीडीसी के द्वारा स्थानीय पदाधिकारी से मिलकर शीघ्र कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया. समाजसेवी ज्योतिष राम साहु और वीरेंद्र साहु सहित कई लोगों ने सम्बोधित किया. इस मौके पर ज्योतिष राम साहु, वीरेंद्र साहु, शंकर साहु, इन्द्रजीत राय, धनंजय राय, कामेश्वर राय, देवेंद्र राय, दिगंबर राय, दुर्गा राय, चंपू कुजूर, सनिका केरकेट्टा, नीलम केरकेट्टा, सरजू केरकेट्टा, कुंवरमनी देवी, कमलेश मांझी, होबेन होरो,मंगरी देवी और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद थे.

---

**आयोजन** बेड़ो में रसोईया एवं सहायिकाओं की प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

# राजकीय मध्य विद्यालय की एतवरिया उरांव ने मारी बाजी

**संवाददाता। बेड़ो**

बेड़ो प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक के परिसर में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत प्रखंड स्तरीय रसोईया एवं सहायिकाओं की कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. संकुल स्तरीय प्रतियोगिता की विजेताओं एवं उपयोगिताओं ने प्रखंड स्तरीय रसोइया की कुकिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया.बेड़ो में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न विद्यालयों के रसोईया ने एक से बढ़कर एक पौष्टिक भोजन बनाया . प्रखंड स्तरीय कुकिंग प्रतियोगिता में राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक की एतवरिया उरांव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं राजकीय मध्य



विद्यालय बेड़ो बालिका की मांगी उरांव ने दूसरा स्थान हासिल किया. बतौर मुख्य अतिथि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो के चिकित्सक डॉ राजीव रंजन, स्वास्थ्य विभाग की बीपीएम अमिता लाल एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के बाल संसद की प्रधानमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री तथा सीडीपीओ कार्यालय की सुपरवाइजर सहित प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी विकास भूषण एवं देव कुमार राम ने जज की भूमिका निभाते हुए सभी के भोजन की गुणवत्ता, पौष्टिकता तथा स्वच्छता सहित विभिन्न मानकों के अनुसार विजेता उपविजेता का नाम घोषित किया.

इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से बनाए गए व्यंजनों में मड़ुआ ( रागी ) का हलवा और लड्डू, पुटकल साग, चावल, दाल, पापड़ सहित मुनगा का साग एवं कई प्रकार के खास व्यंजन बनाए गए थे. प्रतियोगिता को सफल बनाने में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सुनील कुमार केशरी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी देव कुमार राम, राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालिका के प्रधान शिक्षक सह अजप्टा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बिजेंद्र चौबे,एमडीएम ऑपरेटर लाल सच्चिदानंद नाथ शाहदेव लेखपाल मो.आदिल शाह, बेड़ो बालक की प्रधान शिक्षिका नीलम सिंह, सहायक अध्यापक अरुण कुमार साहु, इंदुमती कुमारी, नीना कुमारी,संकुल साधन सेवी सुशांत कुमार मिश्रा, विकास कुमार गुप्ता, अब्दुल नासिर, दिलीप कुमार सिंह सहित विभिन्न विद्यालयों के प्रधान शिक्षक शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी.

**मान सम्मान**

- मांगी उरांव ने दूसरा स्थान हासिल कर बढ़ाया मान
- प्रशस्ति पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर किया गया सभी को सम्मानित

---

## न्यूज अपडेट

### सादे समारोह में दसवीं के छात्रों को दी गयी विदाई



**मांडर।** आक्सब्रिज स्कूल मांडर में शनिवार को दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को सादे समारोह में विदाई दी गई. ज्ञात हो कि विगत, 27 जनवरी को दसवीं के छात्र रजनीश सिंह की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी. सर्वप्रथम दिवंगत छात्र को श्रद्धांजलि दी गई. कक्षा नौवीं के छात्रों ने कक्षा दसवीं के छात्रों को फूल भेंट देकर स्वागत किया गया. विद्यालय की प्रधानाचार्य एवोन एवेंजलीन एक्का ने विदाई समारोह में उपस्थित छात्रों की उज्ज्वल भविष्य की कामना की. प्रचार्या ने सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न से सम्मानित करते हुए बोर्ड परीक्षा एवं भविष्य में सफलता की मंगल कामना की. इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक विवेकानंद प्रसाद, जितेन्द्र सिंह ,आमिर सोहेल, पुष्पा शाहदेव, सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं छात्र गण मौजूद थे.

### 150 फीट पीसीसी सड़क का हुआ शिलान्यास



**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के भुसुर गांव से तालाब तक डीएमएफटी मद से विकास योजना अंतर्गत 1150 फीट पीसीसी सड़क का शिलान्यास खिजरी विधायक राजेश कच्छप के अनुपस्थिति में कांग्रेस के जिला प्रवक्ता अमाल खान ने किया. इस दौरान अमाल खान ने कहा कि खिजरी विधायक राजेश कच्छप का विधानसभा में लोगों को बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता रही है. मौके पर मुख्य रूप से जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, प्रखण्ड अध्यक्ष तुलसी खरवार, सफीउल्लाह अंसारी, अनिल कुमार महतो, मुखिया रोजलिन लकड़ा, उप मुखिया प्रीतम कुमार, सरस्वती देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे.

### महाशिवरात्रि को लेकर बचरा में हुई बैठक



**पिपरवार।** पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र के बचरा में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाने को लेकर बाबा सिद्धेश्वर नाथ शिव मंदिर में बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता शिवमंगल गिरी ने किया . बैठक के दौरान महाशिवरात्रि धार्मिक वातावरण में मनाने को लेकर भागवत कथा, अखंड हरी कीर्तन एवं भंडारा सहित विभिन्न आयोजन को सफल बनाने को लेकर विचार विमर्श किया गया . बैठक में मुख्य रूप से सुनील प्रसाद,रविंद्र सिंह यादव,राकेश कुमार सिंह,लाल बहादुर, संतोष कुमार गिरी,श्रीवास्तव पासवान, कौशलेस पाण्डेय, शिवराज केशरी,अनिल कुमार, पप्पू सोनी,प्रवीण कुमार, सहित दर्जनो लोग शामिल थे.

### हड़ताल को सफल बनाने के लिए मोर्चा ने की बैठक



**पिपरवार।** 16 फरवरी देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर पिपरवार क्षेत्र स्थित जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय कार्यालय में संयुक्त मोर्चा ने बैठक की.बैठक की अध्यक्षता जनता मजदूर संघ के केंद्रीय सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड सदस्य रविंद्रनाथ सिंह और संचालन एनसीओईए सीटू के पिपरवार क्षेत्रिय सचिव इस्लाम अंसारी ने किया.बैठक में उपस्थित संयुक्त मोर्चा के मान्यता प्राप्त सभी ट्रेड यूनियन के नेताओं ने आगामी 16 फरवरी को होने वाली देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की . बैठक में मुख्य रूप से जनता मजदूर संघ के क्षेत्रीय सचिव रविंद्र नाथ सिंह ,सीटू के क्षेत्रीय सचिव इस्लाम अंसारी एटक से सीसीएल वेलफेयर बोर्ड सदस्य कामरेड अरविंद शर्मा, इंटक से शंकर मुखर्जी, एचएमएस से विकास कुमार निर्मल सिंह ,आशीष दुबे, नामदेव राम ,एटक से रहमतुल्लाह ,धनेश्वर गंझु, ऋषिकेश मिश्रा,उस्मान अंसारी, सीटू से राम मुरमू , इस्लाम अंसारी आदि,मौजूद थे .

### दुआरसिनी में 70 लाख से बनेगा सोलर पावर प्लांट




**राहे।** प्रखंड के दुआरसिनी गांव में विधायक सुदेश महतो ने शनिवार को जेड्रा के द्वारा 70 लाख से लागत बनने वाली सोलर पावर प्लांट योजना का शिलान्यास किये. इस दौरान विधायक सुदेश महतो ने कहा कि गांव में बिजली नहीं पहुंच रही थी.34 परिवार को बिजली की जरूरत थी. आवश्यकता को देखते हुये 34 परिवार के लिये 335 वाट के 30 केडब्लूपी सोलर पावर प्लांट बनाया जा रहा है. जिला का पहला गांव होगा जो सोलर लाइट से जगमग होगा. इस दौरान गांव में पेयजल, सड़क,आदि समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिये. इस दौरान दरहा गांव में 14 लाख से पुलिया तथा बेला गांव में 7 लाख से बनने वाली 500 फिट पीसीसी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किये. मौके पर वाईवीएन विश्वविद्यालय के संचालक आर यादव,केंद्रीय प्रवक्ता सुधीर यादव प्रभारी संजय सिद्धार्थ,करम मुंडा,छोटन मुंडा रंग बहादुर महतो,आदि मौजूद थे.

### प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू,भव्य कलश यात्रा निकली



**अनगड़ा।** बेडवारी झटनी टुंगरी में श्री श्री 108 बजरंगबली मंदिर के प्राण - प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी. कलश यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर विभिन्न चौक - चौराहों से होते हुए स्वर्ण रेखा नदी तक पहुंची.जहां वैदिक मन्त्रोच्चारण के बीच जलबोझी की गयी. तत्पश्चात कलशयात्रा बजरंगबली मंदिर पहुंची. कलशयात्रा में पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, भाजपा रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, जिला परिषद सदस्या अनुराधा मुंडा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामसाय मुंडा, रणधीर चौधरी सहित हजारों की संख्या में महिलाएं, बच्चियां व पुरुष शामिल हुए. कलश यात्रा के उपरांत मंडप पूजन हुआ. कोषाध्यक्ष छोटेलाल महतो ने बताया कि प्राण - प्रतिष्ठा कार्यक्रम तीन दिवसीय है. मौके पर छोटू महतो, सेवाराम महतो, राजेंद्र महतो, महेंद्र महतो, ज्योतिष महतो, सहित अन्य उपस्थित थे.

### फ्रेशर्स फेस्टिवल में जुटे कॉलेज के छात्र-छात्राएं



**मांडर।** भारथी ग्रुप ऑफ इंस्टिच्यूशन में सतीश कुमार सिन्हा मेमोरियल कॉलेज ऑफ नर्सिंग एवं भारथी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शनिवार को फ्रेशर्स फेस्टिवल का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संस्था के अध्यक्ष श्रीमति छवि सिन्हा, सचिव नितिन पराशर एवं शैक्षणिक सचिव दीपाली पराशर उपस्थित थे. कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए. बीएससी नर्सिंग में मिस फ्रेशर एवं मिस्टर फ्रेशर के रूप में क्रमशः अकांक्षा कुमारी एवं नितिन कुमार और जीएनएम में मनतशा प्रवीन एवं सतीश कुमार को चुना गया. कार्यक्रम में नर्सिंग कि प्रचार्या निहारिका श्रीवासतव एवं शिक्षक गणअंजिला गरी, प्रतिमा कुजूर, सुषमा कुमारी, अदिति ज्योति ढांगा , तुलसीदास आदि उपस्थित थे. एंकरिंग मनीष कुमार एवं निभा राज ने किया.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय अनुकूल है. कोई बड़ा कार्य होगा. नौकरी में पदोन्नति होगी. बेरोजगारी दूर होकर प्रसन्नता बनी रहेगी. निवेश शुभ रहेगा. बाहरी सहयोग से कार्य होगा. नए कार्य की शुरुआत हो सकती है. यात्रा लाभदायक रहेगी.

**वृषभ** सरकारी संस्थान से लाभ का योग है. पिता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें. किसी संत से शुभ ज्ञान प्राप्त होगा. पुराने भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी. आत्मविश्वास बढ़ता है. व्यवसाय ठीक है. चिंता और तनाव रहेगा.

**मिथुन** ससुराल से लाभ संभव है. नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं. अप्रत्याशित लाभ होगा. बेरोजगारी दूर होगी. कार्य और समय को ले कर सक्रिय रहना होगा. परिवार की चिंता रहेगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी.

**कर्क** बिना वजह विवाद हो सकता है. इससे बचना होगा. अप्रत्याशित खर्च सामने आयेंगे. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा. कार्य में बाधा होगी. धन और कीर्ति की हानि हो सकती है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. कीमती वस्तुएं संभालकर रखें.

**सिंह** जीवनसाथी के साथ कोई यात्रा का योग बन सकता है. काम में मन लगेगा. वरिष्ठजनों का सहयोग प्राप्त होगा. कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी. यात्रा, निवेश व नौकरी मनोनुकूल रहेगी. फालतू बातों पर ध्यान न दें. घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी.

**कन्या** मान-सम्मान में वृद्धि होगी. बेरोजगारी दूर होगी. नेत्र व मस्तिष्क दर्द हो सकता है. व्यावसायिक कठिनाई दूर होगी. चिंता कम रहेगी. प्रसन्नता बनी रहेगी. कार्य में लगन बढ़ेगी. गणेश जी पर दूब हल्दी अर्पण करें.

**तुला** विवाद को तूल न दें. आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है. अपनों से सहयोग नहीं मिलेगा. चिंता रहेगी. विस्तार कार्यों में देरी हो सकती है. हिम्मत रखें. नकारात्मकता बढ़ेगी. आपके कार्य, प्रभाव से व्यवसाय ठीक है.

**वृश्चिक** किसी से विवाद और उससे मानहानि का संभावना है. कोर्ट कचहरी में सफलता हासिल होगी. परिवार में आनंदोत्सव हो सकता है. कुछ दिक्कतों के साथ लाभ में वृद्धि होगी. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. निवेश शुभ रहेगा.

**धनु** उन्नति के प्रयास कोमल रहेंगे. रोजगार में वृद्धि होगी. धन प्राप्ति सुगम होगी. भूमि और भवन संबंधी बाधा दूर होगी. यात्रा, निवेश और नौकरी मनोनुकूल लाभ होगा. विरोधी अनुकूल रहते हैं. उनकी तोपें तनी रहेंगी.

**मकर** मित्र व संबंधियों से लाभ होगा. कोर्ट कचहरी के काम निबट करेंगे. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा से लाभ होगा. नौकरी में प्रमोशन मिल सकता है. प्रसन्नता में वृद्धि होगी. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. थकान रहेगी.

**कुंभ** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे. आय में वृद्धि होगी. निवेश शुभ रहेगा. यात्रा अनुकूल रहेगी. बेचैनी रहेगी. अपनों से संबंध बिगड़ सकते हैं. वाणी पर नियंत्रण रखें. कोई नया कार्य होगा, जिसका लाभ होगा.

**मीन** आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा. पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा. नौकरी में काम का दबाव अधिक हो सकता है. आय में वृद्धि होगी. परहित के काम करने का मौका मिल सकता है. मंदिर में अन्न का दान करें.

## बिरसा कृषि विव के डॉ अरुण को फेलो अवार्ड



**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के आनुवंशिकी और पौधा प्रजनन विभाग के वैज्ञानिक डॉ. अरुण कुमार को सोसाइटी फॉर रेप्सिड मस्टर्ड रिसर्च द्वारा फेलो अवार्ड से सम्मानित किया गया. राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान, जयपुर में 7 से 9 फरवरी तक आयोजित पांचवें राष्ट्रीय सरसोवर्गीय फसल (ब्रैसिका) सम्मेलन में उन्हें यह अवार्ड आईसीएआर के पूर्व उप शिक्षा महानिदेशक डॉ अरविंद कुमार ने प्रदान किया. सम्मेलन में उन्होंने रेप्सिड मस्टर्ड उत्पादन द्वारा देश की खाद्य तेल सुरक्षा में योगदान करनेवाला एक उभरता हुआ राज्य होगा झारखंड विषय पर अपना शोध पत्र भी प्रस्तुत किया.

## एमएस डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन



**धनबाद।** कोयला मंत्रालय के अपर सचिव एम नागराजू शनिवार को धनबाद पहुंचे. उन्होंने धनबाद के बेलगड़िया में मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन किया. इस दौरान उनके साथ कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद, उपायुक्त वरुण रंजन, बीसीसीएल सीएमडी समीरन दत्ता, डीपी मुरली कृष्ण रैमया सहित तमाम बीसीसीएल के अधिकारी मौजूद रहे. उन्होंने अधिकारियों संग झरिया मास्टर प्लान के तहत विस्थापितों के लिए बनाए गए बेलगड़िया टाउनशिप और और वहां रह रहे विस्थापितों के आवासों का भी निरीक्षण किया. अपर सचिव ने निरीक्षण के दौरान अधिकारियो को कई दिशा निर्देश भी दिए.

## पुलिस के हत्थे चढ़ा बाइक चोर गैंग

**जमशेदपुर।** शहर में बाइक चोरी करने वाला गिरोह पुलिस के हत्थे चढ़ा है. साकची पुलिस ने ऐसे चार युवकों की पहचान कर हिरासत में लिया है जो बाइक चोरी करने और उसे बेचने का काम करते है. पुलिस सभी से थाना में पूछताछ कर रही है. हिरासत में लिए गए आरोपियों की निशानदेही में अब तक चोरी के कुल 17 दोपहिया वाहन बरामद किए गए है यह संख्या लगातार बढ़ रही है. यह गिरोह वाहन चोरी करने के बाद उसे तीन से चार हजार रुपये में किसी दूसरे के पास गिरवी रख देता था. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों एक व्यक्ति की बाइक साकची थाना क्षेत्र से चोरी कर ली गई थी. हालांकि कुछ घंटे बाद ही बाइक को बरामद कर लिया था.

### जेएसएससी सीजीएल परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामला में एसआईटी की कार्रवाई हुई तेज

# पलामू, पटना व चेन्नई से 14 लोग हिरासत में, एसआईटी कर रही पूछताछ

संवाददाता। रांची

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में रांची पुलिस पलामू, पटना और चेन्नई से 14 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है. एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित एसआईटी पटना- चेन्नई से हिरासत में लिये गये लोगों से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्पूरयास कर रही है कि प्रश्न पत्र लीक मामले में कहीं उनकी भूमिका तो नहीं. पूछताछ के दौरान जिन पर शक है, उनके संबंध में पुख्ता सबूत पाए जाने पर गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी. हालांकि हिरासत में लिए गये लोगों से पूछताछ में क्या-क्या जानकारी मिली है, इसका खुलासा एसआईटी ने नहीं किया है.एसआईटी इस मामले में फूंक-फूंक कर कदम उठा रही है और बारीकि से पूछताछ कर रही है. एसआईटी को जो भी जानकारी मिली है, उसका क्रॉस वेरीफिकेशन भी किया जा रहा है.



### राज्य सरकार के निर्देश पर एसआईटी जांच में जुटी

जेएसएससी सीजीएल परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन करने का निर्देश दिया था. इसके बाद ही एसएसपी ने रांची के सदर डीएसपी संजीव कुमार बेसरा के नेतृत्व में स्पेशल टास्क फोर्स का गठन किया. एसआईटी में चार पुलिस निरीक्षक समेत कई पुलिसकर्मी शामिल हैं. एसआईटी गठन के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गयी और पहले दिन दो लोगों, जबकि दूसरे दिन और दर्जन भर लोगों को हिरासत में लेकर पूछचाथ की जा रही है. गौरतलब है कि जेएसएससी सीजीएल की परीक्षा 28 जनवरी 2024 को हुई थी, लेकिन आरोप है कि परीक्षा से पहले ही प्रश्न पत्र लीक हो गया था. इस घटना के बाद तत्कालीन सदर डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन हुआ, लेकिन उनका ट्रांसफर हो जाने के कारण नए सिरे से एसआईटी का गठन किया गया है. एसआईटी को जल्द से जल्द अभियुक्तों की शिनाख्त कर उन्हें गिरफ्तार करने का आदेश दिया गया है.

### पलामू से दो को दबोचा, रांची ले आई एसआईटी

एसआईटी ने पलामू में मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र और हुसैनाबाद में छापेमारी कर दो युवकों को हिरासत में लिया. दोनों युवकों से मेदिनीनगर टाउन थाना में कई घंटे तक पूछताछ करने के बाद एसआईटी दोनों को साथ रांची ले गयी. दोनों युवकों के मोबाइल पर जेएसएससी का प्रश्न पत्र मिला है. दोनों के मोबाइल पर किसी ने प्रश्न पत्र को भेजा था. एसआईटी प्रश्न पत्र भेजने वालों की तलाश कर रही है. मामले की जांच के लिए एसआईटी पलामू में 24 घंटे से कैंप कर रही थी.

### कौन है रवि किशोर, एसआईटी को है तलाश

एसआईटी पलामू के एक कोचिंग संचालक रवि किशोर की तलाश कर रही है. रवि के घर पर भी पुलिस अधिकारियों ने छापेमारी की थी, लेकिन वह नहीं मिला. कुछ वर्ष पहले पलामू में फोर्थ ग्रेड में भर्ती के दौरान रवि का नाम सामने आया था. बाद में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पैसा लेकर नौकरी दिलाने का आरोप भी उस पर लगा था. पुलिस एवं एसआईटी को शक है कि रवि पेपर लीक मामले में संलिप्त है.

### भाजपा में कई दावेदार, प्रभात, शिवधारी व ब्रजमोहन के साथ वीडी राम रेस में

# पलामू में कांग्रेस के दावे से टेंशन में राजद, मीरा व राजीव के चर्चे

- 1984 के बाद से पलामू में लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाई है कांग्रेस
- 2006 में हुए उपचुनाव के बाद से पलामू में राजद का भी हाथ खाली

संवाददाता। रांची

झारखंड के एकमात्र एससी सुरक्षित संसदीय सीट पलामू में इस बार दिलचस्प मुकाबला होने वाला है. एनडीए गठबंधन से इस सीट पर भाजपा अपना प्रत्याशी उतारेगी. सीटिंग सांसद वीडी राम के साथ कई नेता टिकट की रेस में हैं, लेकिन इंडी गठबंधन में कौन सी पार्टी यहां से चुनाव लड़ेगी यह साफ नहीं हुआ है. वैसे तो इस सीट पर राजद का मजबूत दावा है. कांग्रेस 1984 के बाद से यहां चुनाव नहीं जीत पाई है. कई वर्षों से विपक्षी गठबंधन के तहत सीट राजद के खाते में जाता रहा है. इसलिए कांग्रेस अपने प्रत्याशी यहां नहीं देती है, लेकिन इस बार स्थिति बदलने के आसार हैं. कांग्रेस ने राज्य के जिन 9 लोकसभा सीटों पर दावा किया है, उसमें से एक पलामू भी है. कांग्रेस की दावेदारी इसलिए भी मजबूत हो सकती है क्योंकि राजद 2006 में हुए उपचुनाव के बाद से यहां से कोई चुनाव नहीं जीत सका है. कांग्रेस भले ही पलामू से चुनाव लड़ना चाहती है, लेकिन यहां उसके पास चुनाव लड़ने के लिए फिलहाल कोई बड़ा चेहरा नहीं है. अगर सीट बंटवारे के समय आपसी तालमेल बना और यह सीट कांग्रेस के खाते में गई तो कांग्रेस कोई पैराशूट उम्मीदवार उतार सकती है. चर्चा है कि कांग्रेस यहां से लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष मीरा कुमार या फिर पूर्व डीजीपी राजीव कुमार पर दांव खेल सकती है. 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी और सांसद कामेश्वर बैठा की भी चर्चा है.



वीडी राम



राजीव कुमार



मीरा कुमार



कामेश्वर बैठा

### जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा, बढ़ते जा रहे दावेदार

पलामू लोकसभा सीट से फिलहाल भाजपा के वीडी राम सांसद हैं. वे झारखंड के पूर्व डीजीपी रहे हैं. उनकी उम्र 72 के करीब हो चुकी है। चर्चा है कि एज फैक्टर के कारण उनका टिकट कट सकता है. इसलिए जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है वैसे-वैसे लोकसभा सीट पर अपनी दावेदारी पेश करने के लिए कई नेता सामने आ रहे हैं. पलामू के पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, एससी आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम और प्रभात कुमार के भी चुनाव लड़ने को लेकर चर्चा है.

### पलामू में सिमट गया राजद का जनाधार

एक वक्त था जब पलामू झारखंड में राजद का सबसे बड़ा गढ़ हुआ करता था, लेकिन अब राजद का जनाधार पलामू में सिमट गया है. 2005 के विधानसभा चुनाव में राजद ने पूरे झारखंड में 7 सीटों पर कब्जा किया था, जिनमें से 5 सीटें पलामू प्रमंडल की थी. 2009 के चुनाव में राजद ने पूरे प्रदेश में 5 सीटें हासिल की थी, लेकिन 2014 के चुनाव में राजद का सफाया हो गया. 2019 में राजद को सिर्फ एक सीट चतरा में जीत मिली.

### भाजपा का वोट शेयर विपक्ष के लिए चिंता का सबब

इंडी गठबंधन में पलामू सीट पर राजद या कांग्रेस में कौन चुनाव लड़ेगा यह तो आने वाले दिनों में साफ हो जाएगा, लेकिन चुनाव जीतने के लिए सबसे जरूरी है पार्टी का जनाधार होना. 2014 और 2019 के चुनाव में वीडी राम ने पलामू में न सिर्फ कमल खिलाया बल्कि उन्होंने वोट शेयर भी बढ़ाया है. 2019 के चुनाव में भाजपा का वोट शेयर 62 .46 फीसदी था, जबकि राजद को सिर्फ 22 .98 फीसदी वोट हासिल हुए थे. भाजपा का बढ़ा हुआ वोट शेयर इंडी गठबंधन के लिए चिंता का विषय है.

# 10 लाख के इनामी जोनल कमांडर कल्टू ने किया सरेंडर



**खास बातें**

- पुलिस अधीक्षक के सामने किया आत्मसमर्पण
- पिछले 20 सालों से माओवादियों के साथ था कल्टू

आशीष टैगोर। लातेहार

लातेहार पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है. एसपी अंजनी अंजन की टीम ने भाकपा माओवादियों के जोनल कमांडर और 10 लाख रुपए के इनामी कल्टू उर्फ मोजिंदर उर्फ लालदीप उर्फ कार्तिक गंझू को सरेंडर कराने में सफलता प्राप्त की है. कल्टू ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के समक्ष आत्मसमर्पण किया. एसपी ने उसे गुलदस्ता और शॉल भेंट कर समाज के मुख्य धारा में आने की बधाई दी. एसपी ने बताया उसने झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति नई दिशा से प्रभावित हो कर सरेंडर किया है. उसे सरकार की इस नीति का लाभ दिया जाएगा. एसपी ने बताया कि वह पिछले 20 सालों से माओवादियों के साथ है. संगठन के विभिन्न पदों पर रह कर जोनल कमांडर के पद तक पहुंचा था। मौके पर प्रशिक्षु आईपीएस ललित मीणा समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे.

**आठ मामले दर्ज हैं:** एसपी ने बताया कि कल्टु के ऊपर झारखंड और बिहार के विभिन्न थानों में कुल आठ मामले दर्ज हैं. लातेहार के बालूमाथ और गारू थाना में एक एक और बिहार के औरंगाबाद जिला के मदनपुर थाना में कुल छह मामले दर्ज हैं.

### बचपन में ही भाकपा माओवादी में शामिल हो गया था

कल्टू ने पत्रकारों को बताया कि वह बचपन में ही माओवादियों में शामिल हो गया था. किस वर्ष गया था, उसे याद नहीं है. शुभम संदेश के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि वह प्राथमिक विद्यालय तक पढ़ा है. समाज के मुख्य धारा में लौट कर उसे अच्छा लग रहा है. आगे बताया कि पारिवारिक उलझनों के कारण उसने माओवाद को छोड़ कर समाज की मुख्य धारा में लौटा है.

### विजन : गढ़वा में अबुआ आवास योजना स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में सीएम बोले

# राज्य को ऐसा बनाएंगे, जिसमें कोई भेदभाव नहीं होगा

संवाददाता। रांची

सीएम चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड को ऐसा प्रदेश बनाएंगे, जहां किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा. हर धर्म के लोगों को मान-सम्मान के साथ जीने का अवसर मिलेगा. किसी भी तरह का ऊंच-नीच का भेदभाव नहीं होगा. गांव से ही हमारी सरकार चलेगी. सीएम शनिवार को गढ़वा में अबुआ आवास योजना स्वीकृति पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार सभी की सेवा करेगी.



### क्या कहा सीएम ने

- सबको शिक्षा मिलेगा, सबको चिकित्सा की सुविधा मिलेगी और सबको रोजगार मिलेगा
- झारखंड के युवाओं को झारखंड में ही नौकरी मिलेगी
- झारखंड में स्थित कंपनियों में स्थानीय लोगों को रोजगार मिलेगा
- युवाओं को नौकरी करने के लिए कहीं और नहीं जाना होगा
- बच्चों की पढ़ाई के लिए हमारी सरकार ने मॉडल स्कूल बनाए हैं
- उच्च शिक्षा के लिए गुरुजी क्रेडिट कार्ड की शुरुआत की है.

### भाजपा पर साधा निशाना

सीएम ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमंत सोरेन के काम से बीजेपी भयभीत है. इसलिए हेमंत बाबू को केंद्रीय एजेंसी की मदद से झूठे केस में फंसाया और जेल भेज दिया. केंद्र सरकार ने झारखंड के साथ अन्याय किया. आठ लाख पीएम आवास की सूची बनी, लेकिन आवास के पैसे नहीं मिले, बार-बार हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार से आग्रह किया, लेकिन पैसे नहीं मिले. इसके बाद हेमंत बाबू ने अबुआ आवास योजना की परिकल्पना की. हम 20 लाख परिवारों को अबुआ आवास योजना देंगे. पलामू पाइपलाइन सिंचाई योजना की तरह संथाल परगना और कोल्हान में प्रोजेक्ट शुरू किए जाएंगे.

# 90 जायरीनों का जत्था रांची के एयरपोर्ट से उमराह के लिए रवाना

संवाददाता। रांची



मदीना ट्रेवल्स ग्रुप आजमीनों के लिए पिछले 13 वर्षों से हज उमराह का जरिया बन रहा है. शनिवार को 90 जायरीनों का जत्था रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से जेद्दा के लिए रवाना हुआ. मदीना ट्रेवल्स ग्रुप के मौलाना इलियास मजहरी ने बताया कि आजमीनों को मक्का व मदीना की सभी जगहों की जियारत करायी जायेगी. जायरीनों की सुविधा के लिए उन्हें मक्का में 500 मीटर एवं मदीना में 600 मीटर की दूरी पर ठहराया जाता है. यहां जायरिनों को बस की सुविधा भी आने जाने के लिए उपलब्ध कराई जाती है. अन्य स्वादिस्ट व्यंजनों के साथ भारतीय भोजन भी उन्हें परोसा जाता है. इस जत्थे में झारखंड के कई उलेमा भी गये हैं. यह जत्था मौलाना सलाउद्दीन के नेतृत्व में गया है. मौके पर फातिमा गर्ल्स अकेडमी इटकी के निदेशक मौलाना नसीम अनवर नदवी, मौलाना नौशाद नदवी, मौलाना इलियास मजाहरी, मौलाना अबू बक्र, मास्टर सरफराज, मौलाना सरफुद्दीन, मो शाकिर, मो मोख्तार, मौलाना नूरुद्दीन, मो मारूफ, कारी सोहैब आदि शामिल थे.

**रांची व दिल्ली के उमराह पैकेज:** उमराह पर जाने वाले जायरीन रांची जेद्दा व जेद्दा से रांची वापसी के लिये 72 हजार रुपये का टूप पैक निर्धारित है. वहीं कई लोग दिल्लीसे जेद्दा उमराह के लिए जाते हैं. इसलिए कि रांची की फ्लाई दिल्ली उसके बाद दिल्ली से जेद्दा जाती है. इसलिए दिल्ली के आजमीनों को भी इस सफर में जोड़ा जाता है. दिल्ली से रवानगी से लेकर दिल्ली वापसी तक के लिए जायरिनों से 65 हजार रुपये पैकेज के रूप में लिया जाता है.

### मीटिंग | राज्यस्तरीय महासम्मेलन में राज्य के सभी 24 जिलों से महिला समूह की दीदियां भाग लेंगी

# कल मोरहाबादी में जेएसएलपीएस का राज्यस्तरीय महासम्मेलन

संवाददाता। रांची

12 फरवरी को मोरहाबादी में जेएसएलपीएस द्वारा आयोजित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के एक्सपोजर व क्षमता संवर्द्धन शिविर-सह-महासम्मेलन की तैयारी को लेकर शनिवार को समाहरणालय सभागार में डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने बैठक की. उपायुक्त ने इस राज्यस्तरीय महासम्मेलन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशानिर्देश दिए उपायुक्त राहुल सिन्हा ने पदाधिकारियों से महासम्मेलन के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की. कहा कि इस महासम्मेलन में शामिल होने वाली स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं के सुरक्षित आने-जाने, भोजन-पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें. उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखें. डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों से कहा कि यह कार्यक्रम हम सभी के लिए काफ़ी महत्वपूर्ण है. इसका सफल आयोजन कराना हम सभी की जिम्मेदारी है. यह गौरव कि बात है कि ऐसा कार्यक्रम रांची में कराया जा रहा है. डीसी ने कहा कि कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी ईमानदारीपूर्वक योगदान दें. संबंधित अधिकारी मिनट टू मिनट कार्यक्रम का रिहर्सल करें.



उपायुक्त ने कहा- सफल आयोजन हम सबकी जिम्मेवारी

### राज्यस्तरीय महासम्मेलन में प्रतिभागियों की संभावित संख्या 30 से 35 हजार होगी

डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राज्यस्तरीय महासम्मेलन में राज्य के सभी 24 जिलों से महिला समूह की दीदियां भाग लेंगी, जिसमें प्रतिभागियों की संभावित संख्या 30 से 35 हजार होगी. रांची में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट होगा. उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को लाइव टेलीकास्ट सुनिश्चित कराने को कहा. कार्यक्रम का उद्देश्य सखी मंडल की महिला सदस्यों को सामाजिक, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करना, महिलाओं का क्षमता संवर्धन और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है.

### महिलाओं को अपनी सफलता की कहानियों को साझा करने के लिए एक मंच मिलेगा

महासम्मेलन इन महिलाओं को अपनी सफलता की कहानियों, चुनौतियों और नवीन समाधानों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा. साथ ही अपने सहयोगियों एवं सहकर्मियों से कुछ नया सीखने का अवसर प्रदान करेगा. महासम्मेलन में एनआरएलएम के अंतर्गत योग्य समूहों को रिवॉलविंग फंड, सामुदायिक निवेश कोष, बैंक लिंकेज की राशि वितरित की जाएगी. इस स्वयं सहायता समूहों की दीदियों के द्वारा निर्मित उत्पाद की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए सम्मेलन स्थल पर स्टॉल भी लगाये जाएंगे.

# पोड़ाहाट स्टेडियम में 14 को होगी भाजपा की जनसभा

संवाददाता । चक्रधरपुर

भारतीय जनता पार्टी की ओर से आगामी 14 फरवरी को चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. जहां भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबुलाल मरांडी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे. इस लेकर शनिवार को चक्रधरपुर के प्रखंड कार्यालय के समीप भगवान बिरसा मुंडा के समीप बैठक आयोजित की गई. जहां मुख्य रुप से मौजूद पूर्व मंत्री सह भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बड़कुंवर गागराई,भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय पांडेय,पूर्व विधायक शशिभूषण सामड उपस्थित थे. इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने कहा कि आगामी 13 फरवरी को बाबूलाल का चाईबासा आगमन होगा. 14 की सुबह चाईबासा में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर लोकसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा. चाईबासा में कार्यक्रम संपन्न होने के बाद चक्रधरपुर के पोड़ाहाट स्टेडियम में बाबूलाल सभा को संबोधित करेंगे. वहीं पूर्व मंत्री बड़कुंवर गागराई ने कहा कि लोकसभा चुनाव मिशन 2024 के तहत 14 फरवरी को चाईबासा में शंखनांद होगा.



# प्रीत-रीत का दौर आ रहा, लगता है बसन्त आया है!



कविता कलम

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय


**कोयलिया** पुकारती रह गयी, धरती और आसमान पुकारते रह गये, लेकिन बसंत के चपल चरण रुके नहीं, पधार ही गये. यह तो बसंत का स्वभाव है कि यह आते ही जन-जन का हृदय बाग-बाग हो जाता है. ऐसा प्रतीत होता है, मानो कोई चिर-प्रतीक्षित वस्तु अचानक हाथ लग गयी हो. सामान्यतः माघ शुक्ल पंचमी से बसंत का शुभारंभ माना जाता है, लेकिन वास्तविकता तो यह है कि बसंत ऋतु के महीने चैत्र और वैशाख ही हैं. यह तो हुई ज्योतिष की बात, लेकिन यदि दिल की बात तो इस बात में सच्चाई है कि बसंत आता नहीं, लाया जाता है. जिसे उसका महत्व समझ में नहीं आया, उसका रस महसूस नहीं हो सका, उसके लिए बसंत का आना और नहीं आना दोनों एक समान है. आशय यह है कि जब हृदय तरंगिनी की उन्मुक्तता किसी नर या नारी विशेष के अधरों पर नाचने लगती है, तभी उसके लिए वास्तव में वसंत आता है अथवा नहीं.



बसंत कवियों को बहुत अधिक प्रभावित करता है. यही कारण है कि बहुत सारे कवियों ने बसंत के चाल-चरित्र को अपने शब्दों में ढाला है. उन्हीं में से एक कवि है **डॉ. रूपचंद्र शास्त्री 'मयंक'**. वातावरण के आये परिवर्तनों को देखकर इन्हें लगता है कि बसंत आ गया है.

टेसू की डालियां फूलतीं, खेतों में बालियां झूलतीं,
लगता है बसन्त आया है!
केसर की क्यारियां महकतीं, बेरों की झाड़ियां चहकती,
लगता है बसन्त आया है!
आम-नीम पर बौर छा रहा, प्रीत-रीत का दौर आ रहा,
लगता है बसन्त आया है!
सूरज फिर से है मुस्काया, कोयलिया ने गान सुनाया,
लगता है बसन्त आया है!
शिव का होता घर-घर वन्दन, उपवन में छाया स्पन्दन,
लगता है बसन्त आया है!

इस साल बसंत पंचमी दो झोलियों के साथ आ रही है. उसकी एक झोली में भक्ति है तो दूसरे में श्रृंगार. बसंत पंचमी के दिन ही वेलेंटाइन डे के रूप में आ रहा है प्रेम का विदेशी त्योहार. एक ओर विद्यादायिनी, वीणा-पुस्तक धारिणी जगज्जननी सरस्वती की पूजा अर्चना होगी तो दूसरी और प्रेमियों और प्रेमिकाओं का पाश्चात्य पद्धति से मिलन होगा.




उसी दिन त्रिशूल, डमरू, बाघंबरधारी भोले नाथ का तिलकोत्सव होगा ओर महाशिवरात्रि की तैयारियां प्रारंभ हो जाएंगी. दो तीन दिनों से मौसम ने ले ली है अंगड़ाई बढ़ी ठंड में कांपने लगे हैं लोग. शिशिर ऋतु यानी जाड़े का भी अपना एक अलग आनंद होता है. रांची की कवयित्री **सुनीता अग्रवाल** शिशिर ऋतु में सौंदर्य ढूंढ रही हैं. इनकी कविता का शीर्षक है-ओस के मोती.



माना मौसम नहीं अनुकूल मेरे.
तेरे, हम सबके.
ठंड से सिकुड़े हैं हर जन, जन-जन.
शीत अपने चरम पर है.
मौसम नम है.
सुबह पड़ती कुहांसे वाली अति ठंडी है.
बाहर निकलो तो रोम-रोम बर्फ़ हुआ जाता है.
धुंध कुहांसा भी ऐसा रचा कि
दूर तलक कुछ नज़र न आता.
अदभुत नजारा यह भी है जो मन को लुभाता है.
पेड़-पौधों पर, रूखी-सूखी टहनियों पर, ओस की बूंदें
जब मोती बन प्रकृति की शोभा
अनायास ही बढ़ा देती है.

जब हृदय में आनंद होता है तो संसार की हर वस्तु आनंदमयी हो जाती है. अगर हृदय में सौंदर्य है तो कण-कण में सौंदर्य की अनुभूति होती है. इसी बात की अनुभूति कराती है कवयित्री सुनीता अग्रवाल की यह कविता. प्यार भी तभी सुख दे पाता है. अब जब प्यार की बात चली है तो यह जान लेना जरूरी है कि अगर इकरार न हो तो प्यार का कोई मतलब नहीं रह जाता. इसमें समस्या यह आ जाती है कि जितनी जल्दी प्यार हो जाता है, इकरार करना उतना आसान नहीं होता. रांची की कवयित्री **अर्पणा सिंह** की इस रचना में कुछ ऐसा ही उधेड़बुन महसूस हो रहा है.



बिन सोचे बिन समझे कर बैठे प्यार
पर समझ न आए कैसे करूं इकरार
आकर तेरे शहर में
हम मिल न सकेंगे यार
सबसे छिपा कर रखना
होगा अपना प्यार
हर बंधनों को तोड़
रीति रिवाज़ों से मुँह मोड़
एक झलक पाने को मन आतुर रहता यार
हर दर्द छिपा कर हम मुस्कुरा रहे हैं
आने वाली ख़ुशियों को ठुकरा रहे हैं
न चाह थी न प्यास बस थी मिलन की आस
कैसे बताएँ हाले दिल तुझको बंदिशें हैं हज़ार
बिन सोचे बिन समझे अब कर बैठे प्यार
पर समझ न आए कैसे करूं इकरार

यह तो कवयित्री के उलझन की बात हुई, लेकिन मैं जहां तक समझता हूं उसका सार यही है कि जब प्यार किया तो डरना क्या? अगर सचमुच हो गया है प्यार तो थोड़ा सोचिए, थोड़ा समझिए और फिर कर दीजिए इजहार. अर्पणा जी बहुत अच्छी कवयित्री हैं और अपने शब्दों को संवेदना की गहराई तक पहुंचाने की क्षमता रखती हैं. खूब लिखती हैं और प्रकाशित होती रहती हैं. इनकी प्रेम संबंधी अवधारणा इस कविता में ढूंढी जा सकती है-

हर बंधनों को तोड़ रीति रिवाज़ों से मुँह मोड़
एक झलक पाने को आतुर हो मन
वो है प्रेम
जिसमें चाहत नहीं समर्पण हो कुछ पाना नहीं खोने की ज़िद हो
वो है प्रेम
दर्द सहने की ताक़त क्षीण हो जाए कर्ण सुनने, आंखें देखने को तरस जाएं, फिर भी लब्ज़ उफ़ ना करें
वो है प्रेम
जिसमें न जाति बंधन , ना उम्र बाधा बने ना ज़ुबान कुछ कहे, सिर्फ़ आंखें ही बातें करें
वो है प्रेम
जिसमें सिर्फ़ समर्पण हो, मर मिटने की चाहत हो
जो राधा ने कृष्ण से, मीरा ने गोबिंद से सबरी ने राम से, हीर ने रांझा से किया
वो है प्रेम

मौसम चाहे कोई भी हो, अगर प्रियतम का साथ न हो तो वह आनंद नहीं दे पाता, केवल दर्द ही देता है. प्याले सा छलकता दर्द-सतह छूते ही बर्फ बन जानेवाला दर्द. यह अनुभूति रांची की कवयित्री **रिंकू बैनर्जी** की इस कविता में कूट-कूट कर भरी हुई है. आशा है आप भी इस दर्दीली अनुभूति से प्रभावित होंगे.



छलकते प्याले सा मेरा दर्द
सतह छूते ही बर्फ बन जाता है.
निविड़ निभृत दिल के
मयख़ाने में उदास, सिसकती शाम का
एक खूबसूरत ग़जल है मेरा दर्द.
दूर-दूर तक फैलाता
उदासी का चादर ओढ़ाता असहाय, निरुपाय, विवश है मेरा दर्द.
मेरा दर्द...एक खामोश झील है.

हमारी सनातन संस्कृति में यही कामना की जाती है कि सभी लोग सुखी हों, सभी संपन्न हों, किसी के भाग में दुःख, दारिद्र या दर्द न हो. सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामया, सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित दुःखभागभवेत्. भगवान करें कि आनेवाला बसंत सबके लिए आनंदमय हो. इन्हीं शब्दों के साथ इस मित्र को आज्ञा दीजिए. अगले सप्ताह फिर मिलेंगे. जय हिंद! जय झारखंड!!

# बड़ी आबादी और बड़ी बीमारी का देश



**भारत** एक विशाल देश है. एक विशाल भूभाग पर फैले इस देश की आबादी शीघ्र ही चीन को भी पीछे छोड़ देगी. देश में विकास की रफ्तार बहुत तेज़ है. शीघ्र ही यह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा. प्रतिवर्ष नए एम्स के नए केंद्र खुलते जा रहे हैं और वहां विश्वस्तरीय विशालकाय भवन भी बनाये जा रहे हैं. . प्रतिवर्ष दर्जनों की संख्या में नए मेडिकल कॉलेज खुलते जा रहे हैं. इनमें आधे से अधिक सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं. बहुत नाम मात्र फीस पर छात्र-छात्राएं वहां नाम तो लिखा लेते हैं, पर उनकी अव्यक्त यातनाएं भी शुरू हो जाती हैं. बहुत खराब होस्टल व्यवस्था, उससे भी खराब भोजन व्यवस्था, कॉलेज में अध्यापकों की कमी और उनका निरपेक्ष रवैया सबसे जूझते हुए छात्रगण एमबीबीएस तो किसी तरह पास कर लेते हैं.पर उनकी यातना का मुख्य अंग 'इंटर्नशिप' होता है. उनके काम का कोई निश्चित समय नहीं होता. बिना किसी प्रकार अवकाश के उन्हें 60-70 घंटे लगातार बिना सोए अस्पताल में ड्यूटी करनी पड़ती है. नियमित समय और नियमित भोजन का तो प्रश्न ही बेमानी है. ऊपर से अल्प राशि का गुजारा भत्ता हास्यास्पद है. अस्पताल की नियमित नर्सें कभी कभी उनको देख कर महसूस करती हैं कि इनसे अच्छी तो हमारी ज़िन्दगी है. इंटर्न की अवधि समाप्त होते होते छात्रों की देश सेवा और बीमारों की सेवा भावना पूरी तरह समाप्त हो चुकी होती है. उन्हें रोजगार और पैसा चाहिए सबसे पहले, पर सरकारी क्षेत्र में नौकरी इतनी आसानी से थोड़े मिलेगी. उनको पीजी की डिग्री लेकर आना पड़ेगा. अब एक और लड़ाई. तीन चार साल बाद जब आप हांफते हांफते नौकरी के लिये तैयार होते हैं तो फिर सभी सरकारें परीक्षा लेंगी. और इस सबके बाद आपको नियुक्ति मिलती भी है तो राजपत्रित अधिकारियों के सबसे निचले पायदान पर. इसी यंत्रणा के दौर में डॉक्टरों की एक लंबी फौज निजी अस्पतालों की ओर रुख करती है. वहां उन्हें व्यवसायी मालिक को मुनाफे की गारंटी तो देनी पड़ेगी, तभी तो उनको मोटी तनख्वाह मिल पाएगी. आज़ादी के बाद सरकारों ने चिकित्सा व्यव्यस्था पूरी तरह अमेरिकी अपना ली. अच्छा इलाज चाहिए तो प्राइवेट अस्पताल जाइये. गरीब हैं तो आयुष्मान भारत का सहारा लीजिए. रोचक है कि भारतीय चिकित्सा परिषद के सख्त निर्देशों के बाद भी आपका पर्चा स्पष्ट शब्दों में लिखा नहीं होता. बीमारी क्या है यह डॉक्टर बताना अपनी हैसियत के विरुद्ध मानते हैं. उनका देखने का तरीका कहता है कि आप क्या करेंगे बीमारी के बारे में जानकर? हां, उनका मातहत आपको चैम्बर से बाहर आकर निर्देशित करता है कि आपकी जांच होगी. काउंटर पर इतने हज़ार जमा करवा दीजिए और यह अनंत सिलसिला चलता रहता है. इन प्राइवेट क्लीनिकों में कार्यरत डॉक्टर चिकित्सा व्यवसायियों के लिए रुपये छापने की मशीन हैं. इस एक अरब चालीस करोड़ की आबादी में चौदह करोड़ से अधिक मधुमेह से पीड़ित लोग हैं और लगभग बारह करोड़ कैंसर से. अन्य बीमारियों जैसे अनीमिया , थाइरोइड इत्यादि की चर्चा करें तो स्थिति विकराल नज़र आएगी. क्या सरकारों की नज़र में स्वस्थ लोग विकास के पैमाने में नहीं आते? सोचिएगा.



चौराहा

प्रमोद कुमार झा

# भक्ति-सौंदर्य के संगम त्रिकूट पर्वत और तपोवन



यायावर

डॉ. जंगबहादुर पाण्डेय

**देवघर** के आस पास अनेक दर्शनीय स्थल हैं जिनमें शिव गंगा सरोवर, तपोवन मंदिर,नौ लखा मंदिर, त्रिकूट पहाड़, नंदन पर्वत और वासुकी नाथ मंदिर है. देवघर से लगभग 15 किलोमीटर की दूरी पर वासुकी नाथ जाने के मार्ग पर त्रिकूट पर्वत स्थित है. यह तीन पहाड़ों का विग्रह है. इसलिए इसे त्रिकूट पर्वत के नाम से जाना जाता है.यह प्रकृति की गोद में स्थित है और यहां पहाड़ की गुफा में शिवलिंग स्थित है. यहां बंदरों की संख्या अत्यधिक है. सावधानी नहीं बरतने पर बंदर हाथ से छीन कर कुछ भी ले भागते हैं. ऐसी कुछ घटना डा श्रीराम परिहार के साथ घटी. हमलोग ताकते रह गये और बंदर उनके हाथ से प्रसाद लेकर नौ दो ग्यारह हो गया.यही कारण है कि यहां गाइड अपने हाथ में छोटा डंडा लिये रहते हैं, जिसके भय से बंदर दूर भागे रहते हैं.

त्रिकूट पर्वत की ऊंचाई 2470 फीट है. यह झारखंड के प्रमुख दर्शनीय तीर्थ स्थलों में एक है. कुछ दिन पहले तक झारखंड सरकार ने रोप वे की व्यवस्था यहां की थी, लेकिन प्राकृतिक आपदा के कारण रोप वे टूट गया और अभी पैदल ही त्रिकूट पर्वत पर चढ़ना पड़ता है. सभी यात्रियों का चढ़ना मुश्किल है, लेकिन उत्साह में बूढ़े बुजुर्ग भी चढ़ जाते हैं. पर्वत के ऊपर एक हनुमान जी का मंदिर है. वहां से संपूर्ण देवघर का परिदृश्य मनोरम दिखाई पड़ता है. इसे देखकर सुमित्रानंदन पंत की कविता याद आ रही हैः-




पावन भूमि है पर्वत प्रदेश. पल पल परिवर्तित प्रकृति वेश.

प्रकृति की गोद में स्थित यह त्रिकूट पर्वत अपनी रमणीयता में अनुपम एवं अद्वितीय प्रतीत होता है. पर्वत की तलहटी में पर्चून की अनेक दुकानें हैं. देवघर और वासुकी नाथ जाने वाले दर्शनार्थी अवश्य ही त्रिकूट पर्वत के दर्शन का लाभ उठाते हैं और अपनी मनोकामना पूर्ति का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं. देवघर से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर तपोवन मंदिर है. यह भी एक छोटे से पहाड़ पर स्थित है. यहां भी गुफा में अनेक देवी देवताओं की मूर्तियां हैं, लेकिन देवाधिदेव शंकर का विग्रह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है. बंदरों की प्रचुरता यहां भी द्रष्टव्य है और कहने की इजाजत मिले तो कहना चाहूंगा कि यहां के बंदर ज्यादा हठी और उत्पाती हैं. यहां दर्शकों को अत्यधिक सावधानी बरतनी पड़ती है. तपोवन मंदिर की पावनता ओर पुनीतता अपने आप में शिष्ट और विशिष्ट है. चित्रकूट की पावन भूमि में स्थित कामद गिरि के संदर्भ में तुलसी ने यह घोषणा की है कि कामदगिरि के अवलोकन मात्र से सारे अवसाद समाप्त हो जाते हैं- कामदगिरि भे राम प्रसादा. अवलोकत अपहरत विषादा. मैं त्रिकूट पर्वत और तपोवन मंदिर के दर्शन के संदर्भ में कहना चाहूंगा- त्रिकूट तपोवन भे शिव प्रसादा. अवलोकत अपहरत विषादा. जो लोग देवघर के शिवलिंग के दर्शनार्थ आते हैं,वे इन दोनों दर्शनीय स्थलों का दर्शन प्रायः अवश्य करते हैं और दर्शन का फल प्राप्त करते हैं.

# बसंत बहार और एक्स पर प्यार





नश्तर

सुधीर राघव

**बसंत** में प्रेम उमड़ता है. यह बसंत की मान्यता प्राप्त पहचान है. कुछ कवि मिजाज के लोग बसंत की पहचान खेतों में सरसों फूलने और बगीचों में फूल खिल जाने से करते हैं. कवि को जब फूल, झरने, नदी, सरोवर सब में नायिका नजर आने लगे तो जान लो कि वह बसंत की घनघोर फीलिंग ले रहा है. हालांकि कवि की तुलना उस शराबी से नहीं की जा सकती, जिसे बोतल में सुंदरी नजर आती है, क्योंकि शराबी का तो रोज ही बसंत रहता है. उसके जीवन से जाड़ा-सर्दी, गरमी-बरसात सब गायब है. उसे तो साक्षात ऋतुराज का वरदान है, इसलिए वह अपनी जिंदगी के सारे बसंत बहुत कम उम्र में पूरे कर लेता है.

बुजुर्गों का मन जब सुबह की सैर के लिए मचलने लगे तो भी समझना चाहिए कि बसंत आ गया है. मुग़ल गार्डन के दरवाजे जिस दिन आम जनता के लिए खोल दिए जाते हैं, दिल्ली के बाल-बच्चे दार पर्यटक उसी दिन से बसंत मान लेते हैं. रंग-बिरंगे स्वेटर में जब उनके अपने फूल ट्यूलिप के फूलों के साथ झूमते हैं तो पूरे मुगल गार्डन की शोभा बढ़ जाती है. बसंत की एक गैर-मान्यता प्राप्त पहचान यह भी है कि भंवरे और तितलियों का कंपटीशन बढ़ जाता है. दोनों एक ही फूल का रस चूसना चाहते हैं. 377 प्रकार की बाधाएं हटने के बाद भंवरे तो तितलियों से भी ज्यादा खुले और फ्रैंक नजर आते हैं. बसंत में दीवाना दिल उसे ढूंढता है, जो पास नहीं है. इसलिए एक दिन पलटूराम को अपनी एक्स की जबरदस्त हुड़क लगी. याद करने और हुड़क में फर्क है. याद सिर्फ एक मानसिक प्रक्रिया है, जबकि हुड़क आपको फिजिकली एक्टिव कर देती है और आप सारी लोकलाज भूल जाते हैं. पलटूराम भी यह भूल गए कि उनके मौजूदा परिवार का क्या होगा! सब उनपर थू-थू करेंगे. भरे जाड़े में उन्होंने अपनी एक्स के पास जाने की घोषणा कर दी. कसम से, उसी दिन उनका बसंत आ गया.

हालांकि पलटू और उनकी एक्स के बीच पिछला ब्रेकअप जोरदार हुआ था. कई दिन हंगामा चला. एक्स ने पूरा मीडिया इकट्ठा कर टसुए बहाए. उसने पलटूराम के लिए अपना दरवाजा हमेशा के लिए बंद कर लिया था. मगर अब पलटू ने जैसे ही जाकर दरवाजे पर ठकठक की, बंद दरवाजा फिर से खुल गया. इस तरह हुड़क दोनों ओर बराबर थी. लेकिन नजारा बदला हुआ था. जैसे ही पलटूराम बेडरूम में पहुंचे वहां एक्स के 38 और ख़सम पहले से मौजूद थे. सबकी औकात एक्स के आगे निल बटे सन्नाटा थी. उसी सन्नाटे में पलटूराम भी खो गए.


# कैनवास पर प्रकृति के रूपों को उकेरती मनीता



कला-संवाद

मनोज कुमार कपरदार











**हमारा** महानगरीय व शहरी समाज का एक बड़ा हिस्सा भले ही प्रकृति की चिंता से दूर है, किंतु आज भी ग्रामीण जनजातीय समाज सदियों से पर्यावरण के प्रति सजग और संवेदनशील रहा है. दरअसल हमारी विकसित अथवा सभ्य समाज प्रकृति और पर्यावरण को अपनी दासी बनाने की मानसिकता में जीता है, जबकि ग्रामीण खासकर जनजातीय समाज अपनी जीवन शैली को प्रकृति और पर्यावरण के अनुकूल बनाये रखना पसंद करता है. कला की दुनिया में भी कई ऐसे कलाकार हैं, जो अपनी कला के माध्यम से प्रकृति संरक्षण का संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं. ऐसे ही एक कलाकार हैं मनीता उरांव. मनीता उरांव स्वयं को प्रकृति से बहुत निकट मानती है. मनीता उरांव अपने गांव से आकर शहर में रह रही हैं, लेकिन हमेशा इन्हें अपने गांव के वृक्ष, फूल, पौधे, पत्तियां, घास, झरने, पहारा, बादल, पत्थर, नदियां और कहें तो समूची प्रकृति इन्हें अपनी ओर खिंचती रही है. तभी तो इसे अपने कैनवास पर उतार कर मनीता अपने जीवन की गहरी आस्था को पाती है. प्रकृतिवादी कला की आवश्यक विशेषता वास्तविकता को यथासमय सटीक, अलंकृत और वास्तविक रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास है. इसमें विशेष रूप से सामाजिक और मानवीय दुखों का चित्रण भी शामिल है. प्राकृतिक चित्रकला का एक विशिष्ट रूप निम्न सामाजिक वर्गों के जीवन के रोजमर्रा के दृश्य है.

हालांकि, पूरी तरह से अवास्तविक रूपांकन प्राकृतिक रूप से किया जा सकता है. उदाहरण के लिए अनुपात, रंग और दृष्टिकोण को प्रकृति के लिए सही दर्शाया गया है. कैनवस पर प्रकृति के अनेक रूपों को रचते हुए मनीता को लगता है कि दुनिया को अगर बने रहना है तो उसे अपने सुखों के लिए प्रकृति की दुनिया को बिगाडना नहीं, संवारना होगा. इनकी कला यात्रा का लक्ष्य इसी संदेश को आम लोगों तक पहुंचाना है. और इस कार्य के लिए इन्होंने कला को चुना है. इनके कार्य को इसी भाव के साथ के देखा जाना चाहिये. यूं तो पेंटिंग में इनकी रुचि बचपन से थी, लेकिन कॉलेज के दिनों में विशेष रूप से कला की ओर इनका रूझान बढ़ा, फिर इन्होंने मास्टर इन फाइन आर्ट्स की डिग्री ली. अब रांची में रह कर बच्चों और वयस्कों को कला का प्रशिक्षण भी दे रही हैं, जिसमें चित्रकला, मूर्तिकला, पटरी, क्रिएटिव आर्ट इत्यादि शामिल हैं. इनका मानना है कि बच्चों को यदि विधिवत कला की शिक्षा दी जाय तो उन्हें कई तरह की बुराइयों से बचाया जा सकता है. साथ ही उनकी ऊर्जा का उपयोग सृजनात्मक दिशा में किया जा सकता है. इसी उद्देश्य के साथ ये बच्चों को कला का प्रशिक्षण दे रही हैं. कला के अकादमिक अभ्यास के साथ साथ वर्तमान में कला के विभिन्न रूपों और आयामों को दर्शाने की कोशिश कर रही है. इनकी पेंटिंग के रंग हमारे अनुभूति बोध को सीधे-सीधे प्रकृति की ओर ले चलते हैं. मनीता पेंटिंग को न केवल प्रकृति की अर्थवत्ता को प्रदान करती है, बल्कि उसमें अर्थों के लिए नये-नये आयाम खोलती हैं, दूसरी ओर रंगों की ऐसी प्रस्तुति दर्शकों की नजरों से एक रागात्मक रिश्ता बना कर आंख मिचौली जैसा रोचक खेल खेलती है.



# आखर



पंकज-किरण

# इक लफ़्ज़-ए-मोहब्बत का अदना ये फ़साना है

प्रेम सृजन ही नहीं, जिंदगी का भी सबसे खूबसूरत आधार है. यह हमेशा से ही कवियों का प्रिय विषय रहा है. प्रेम से जुड़े कई अन्य भाव भी उपजते हैं, जैसे कि विरह, मिलन और त्याग इत्यादि. आइए, इश्क के हर रंग, हर भाव और हर एहसास को अभिव्यक्त करने वाली कविताओं का करें रसास्वादन -



रश्मि शर्मा

## वही इक ख़्वाब

एक ख़्वाब
आंखों में पलना चाहता है
करता है कोई सरगोशियां रात-दिन
अब होंठों पर प्रेम-गीत
मचलना चाहता है....

बीत गए जीवन के सूने,
थार से बारह बरस
कैक्टस में भी अब एक फूल गुलाबी
खिलना चाहता है...

जिंदगी के आसमान में
छाए रहे काले मेघ
चमका नहीं कभी अरमानों का सूरज
एक आस का जुगनू
हर पल चमकना चाहता है

या मौला दे दे अब
मेरे ख़्वाबों को अपनी दुआ
मर-मर के भी रह गया जो जिंदा
वही इक ख़्वाब
फिर से इन आंखों में पलना चाहता है.



शंकरानंद

## चाहिए टहनी

पहाड़ की खोह का एकांत
शहर के बीच में भी हो सकता है
समुद्र की चुप्पी
चौराहे के बीचोंबीच.

घड़ी की दिशा बदल सकती है
ठहर सकता है समय.

स्थिर हो चुकी उधियाती लहर
ठहर सकती है घंटों .

तुम्हारे पास होने से
सब कुछ हो सकता है
जो नहीं होगा
वह कहीं न कहीं गलत होगा .

मेरे होने में इस तरह गुंथी हो तुम कि
लताओं की तरह फैलने के लिए भी
चाहिए मुझे तुम्हारी टहनी.



शिरोमणि राम महतो

## चाहना

गौरेया जैसे चहकती है
घर की मुंडेर पर
वैसे तुम चहको
मेरे दु:खों के ढेर पर.

जैसे मछलियां इठलाती हैं
लबालब भरे तालाब में
वैसे तुम अठखेलियां करो
मेरे आंसुओं के बांध में.

पहाड़ की गोद से उछलकर
जैसे झरना गिरता है- झील में
वैसे ही तुम समा जाओ
मेरे प्रेम की 'अथाह' में!

मेरे प्रेम की अथाह में
तेरे दु:ख धुल जाये
और तेरे अंतस् का सीप
भावों से भर जाये!



नीरज नीर

## प्रेम में लौटना

प्रेम में कभी लौटना नहीं होता,
जैसे नदी नहीं लौटती है
पुराने छोड़े घाट पर,
जैसे शाखों से गिरे फूल
वापस नहीं लगते ..

प्रेम का मार्ग एकतरफा होता है
जिसमें कोई अगर लौटे भी
तो लौटता है विक्षत,
बिना पंख के पंछी की तरह,
जहां उड़ने की कोई गुंजाइश
नहीं बची होती है..

प्रेम बस लौटता है
स्मृतियों की पीठ पर बैठकर
हृदय को मुट्ठी में भींचता हुआ.



डॉ. कविता विकास

## तुम्हारे नाम का


होते नहीं कभी तुम मेरे पास
बस तुम्हारे होने भर का अहसास
क्या - क्या गज़ब ढाता है.
खिल उठते हैं शीत के कांस
साथ गुलमोहर मुस्कराता है.
देहगंध की परिचित सुवास
भरकर हवाओं में तुम्हारा आभास
बोझल शामों में रंग भरती है
मन की चिरैया उड़ने लगती है.
जीते हैं हम लेकर यह आस
लौटेंगे कभी तो वे पल ख़ास
जब तुम मेरे पास होगे
मुझको आंखों मे भर लोगे.
पतझड़ में उधड़े हैं लिबास
हिय में है फिर भी उजास
हरियाली का संकेत आता है
और एक बीज अंतस में
तुम्हारे नाम का जी जाता है.



हिमकर श्याम

## तुम

जब भी अपनी कविताओं में
बांधना चाहता हूं शब्द
एक चेहरा बार-बार
अपने भीतर
उतरता हुआ महसूस
होता है,
ठीक वैसा ही आकार लेता हुआ
जैसे कि तुम
चुपके से आकर मेरे कानों में
कहती हो-
किसे बांधना चाहते हो
अपनी कविताओं में-
ख़ुद को, मुझे या दर्द को ?



नीलोत्पल रमेश

## ढाई अक्षर

प्रेम
कोई छुईमुई का फूल नहीं है
और न ही
दिखाई पड़ने वाली
कोई चीज
कि छूते ही
खत्म हो जाएगा

प्रेम
ढाई अक्षर का तो है
लेकिन इसमें
ब्रह्मांड का कण-कण
समाहित है

प्रेम
इसका गान करते-करते
असंख्य कवि - कथाकार
काल के गाल में
समाहित होते चले गए
पर इसकी विराटता
अवर्णनीय है

प्रेम
कुछ अंदर ही अंदर
चलने वाला प्रवाह है
जिसे सिर्फ़
महसूसा जा सकता है
यह अव्यक्त प्रक्रिया है
जिसमें व्यक्त न होते हुए भी
सब कुछ
निरंतर व्यक्त होता रहता है.



प्रीति कर्ण

## इश्क का मुमकिन है मुक्कमल होना

मैं चखती हूं
इश्क की चाशनी
बिना किसी परहेज या
बंदिशों की दखल के बगैर.
मुझे इश्क हो जाता है
सुबह की चाय जब खौलती है
अदरक की सौंधी सुखन में.
मैं कई बार खुद को खो देती हूं
बेकिंग ट्रे से उठती हल्की-हल्की
भीनी वनिला एसेंस की
मादक अनुभूति में.
रंग बिरंगी तितलियों की
छुअन, ऊंगलियों को रेशम सी
गुदगुदाहट से भर देती हैं
मुझ पे चढ़ जाता है
इश्क का गाढ़ा रंग.
मुझे गुरेज नहीं उन
हवाओं से
जो हौले से पलकों को
चूम लेती हैं.
इश्क का मुमकिन है
मुक्कमल होना....
मेरी नज़र में.



सत्या शर्मा 'कीर्ति '

## यहीं मेरे पास हो तुम

जब जा रहे थे तुम
तुम्हारे कदमों संग ही
लिपट कर चल पड़ा
मेरा अंतर्मन

तुम्हारे बैग के ही
किसी चेन में बंद हो गई
मेरी हंसी.

तुम्हारे पानी के बोतल ने
सहेज ली थी
मेरी आंखों की नमी

तुम्हारे पास से गुज़रने
वाली हवा,
हवा नहीं मेरी भावनाएं थीं

शायद तुम्हारे पॉकेट में
रुमाल संग तह कर
रखी हो मेरी सांसें

सुनो
मैं तो लिपट कर चली गई
तुम्हारे ही संग
और इस शरीर में
सांसें बन थोड़ा-थोड़ा
तुम यहीं रह गए
पता है न तुम्हें...



माधवी उपाध्याय

## वो बात हृदय की कह देना

अनुराग पगे मृदु बातों से,
औ फूलों की सौगातो से,
पल-पल तड़पाना ठीक नहीं
यूं नजर चुराना ठीक नहीं.

कुछ भाव भरे उद्बोधन से,
आकुल राहें करती हैं सदा
संवेदित मन की आतुरता,
रह -रह आहें भरती हैं सदा.
अनुराग भरे सु- नातों से,
हिय को तरसाना ठीक नहीं.
यूं नजर चुराना ठीक नहीं.

करते हैं मौन इशारे क्यूं,
मन में जो है,वो कह देना
रोके से जो न रुका कभी,
वो बात हृदय की कह देना
उपवन की चांदनी रातों में,
ऐसे तड़पाना ठीक नहीं.
यूं नजर चुराना ठीक नहीं.

चाहत की अनुपम क्यारी में,
हिय पुष्प सुगंधित कर देना
प्रात: की नव किरणों के संग,
मधु भाव अनूठा भर देना.
यूं दूर -खड़े मुलाक़ातों से,
निज को भरमाना ठीक नहीं.
यूं नजर चुराना ठीक नहीं.



नरेश अग्रवाल

## मैं भी खोया हूं उसी में

छाया इंतजार करती है पथिक का
पके फल उसे चखने वाले का
जिंदगी उसे अच्छी तरह जीने वाले का.
हवा में भी रहती होगी बेचैनी
मजबूत फेफड़ों में समाने की,
अनाज भी तलाशता होगा
सबसे अधिक भूखे को,
सभी खोज रहे अपनी-अपनी पसंद
मैं भी खोया हूं उसी में
न जागता हूं न सोता हूं
केवल उसकी छवि देखता हूं.
सांसें जरूर रुक जाती है बार-बार
थम जाता है सब कुछ,
और सोचता हूं उसके बारे में
पुन: उस स्वाद को महसूस करता हूं
जो मिला था कल के स्पर्श से !



## कुछ क्षणिकाएं



नरेश बंका

### चाहत

मेरे और उसके चाहने में फर्क था ,
मुझे वो और उसको सारा जमाना चाहिए था.

### मतलब

एक सवाल -प्यार का असली मतलब क्या होता है ?
एक जवाब- जो मतलब के लिए किया जाए वह प्यार कहां होता है.

### खेल

बड़ा अजीब होता है यह मोहब्बत का खेल भी,
एक थक जाए तो दोनों हार जाते हैं.

### प्रेम

प्रेम स्पष्ट होता है ,
तभी तो कष्ट होता है.

### टाइमपास

प्यार करना है तो उम्र भर के लिए करो ,
टाइम पास तो पॉपकॉर्न खाने से भी होता है.

# पितृसत्ता के खिलाफ दृढ़ता से मुस्तैद कहानियां



मनोज भक्त

समीक्षा

महिलाएं भी देशों, वर्गों, नस्लों, धर्मों और जातियों में बंटी होती हैं. पुरुष सत्ता और उसकी सामाजिक-सांस्कृतिक घेरेबंदी की विविधता के बावजूद इससे मुक्ति की लड़ाइयों में वे ईरान से हिंदुस्तान तक बेशक एक हैं. उनके अंदर पेशा गत विभाजन भी उनकी चेतना को अलग-अलग धार और आवेग देता है. राष्ट्र-राज्य के विराट ढांचों की सबसे निचली इकाई परिवार है जहां महिलाओं की गुलामी का रोजनामा दर्ज होता है. निम्मी बनाम निम्मो बी कहानी संग्रह की कहानियों में यह मध्यम वर्गीय परिवार है. मूलतः शहरी परिवार.

'तुम्हें जो अच्छा लगे' कहानी की मुख्य पात्र आजी एक ग्रामीण और अनपढ़ लेकिन अनुभवों से समृद्ध महिला हैं. इसे छोड़कर अन्य सभी कहानियों में प्रमुख महिला पात्र शहर की हैं. घर और ऑफिस के दायरे में ढलती-उलझती हुई. कालेज की उन्मुक्तता या ब्याह-पूर्व मां-बाप के घर की आजादी शादीशुदा महिलाओं के लिए पूर्व-जन्म या खोयी हुई जन्नत जैसी है. यह उनके शादीशुदा पारिवारिक जीवन के वर्तमान में बिजली की कौंध की तरह उभरती रहती हैं. किरण जी की कहानियों में महिला चरित्र समाज-परिवार-पेशा की अड़चनों को झेलने या उनसे टकराने के लिए इस कौंध से जरूरी ऊर्जा लेते हैं.



निम्मी बनाम निम्मो बी की कहानी गुजरात दंगे से प्रभावित निम्मी की है. एक आजाद ख्याल लड़की जिसने परंपराओं को तोड़ कर शादी की थी. गुजरात दंगे ने उसके पति को छीन लिया. वह उसे सहारा देनेवाले नईम से निकाह कर लेती है. इस दंगे ने निम्मी की आर्थिक जिंदगी को गहरा धक्का दिया और उसकी सामाजिक-धार्मिक पहचान को भी बदल दिया. गुजरात दंगा बड़ी मानवीय त्रासदी है. कहानीकार ने खुद को इसे एक संदर्भ के बतौर ही सीमित रखा है. हालांकि ऐसे संदर्भ खुद ब खुद सामाजिक-राजनीतिक कैनवास खड़ा कर देते हैं.

किरण की कहानी वर्तमान और अतीत के संश्लेषण के साथ आगे बढ़ती हैं. चरित्र के विकास में किस्सागोई की कारीगरी ढेर सारे धागों की बुनावट को छिपाये रखती है. तकरीबन हर मोड़ पर विचारों का द्वंद चलता रहता है और पाठक के पास आसपास देखने का मौका नहीं मिलता है. परिवेश का विकास विचारों के द्वंद में गौण हो जाते हैं. कई जगहों पर इस वैचारिक टकराव में कथाकार का एक्टिविज्म एक पर्यवेक्षक या प्रमुख कथाकार के रूप में दिखाई पड़ता है.

महिला उत्तराधिकार का सवाल आज भी कई समुदायों में बहस का विषय है. आम भारतीय समाज में कानूनी रूप से मान्यता के बावजूद व्यवहारिक धरातल पर आज भी इसे लागू करना आसान नहीं है. साम्राज्य, शायद इस बार और बाबा की थाती जैसी कहानियों में इसके कई पहलू सामने आते हैं. कभी वह पुरुष उत्तराधिकार के लिए बेटे की चाहत, कभी बेटे पैदा करने की मूढ़तापूर्ण जिम्मेवारी को औरत पर थोपना या बाबा की संपत्ति से सीमा दी कानूनी बेदखली के रूप में आती है. प्रजनन पर नियंत्रण के अधिकार की वास्तविकता निर्णय कहानी से उद्घाटित होती है. विधवा होना या बेटा पैदा नहीं होना औरत को सामाजिक रूप से हीन बना देता है. विज्ञान और आधुनिकता की ऊंची उड़ान का दंभ भरनेवाले समाज के इन अंधखोहों को किरण जी अपनी कहानियों के माध्यम से सामने लाती हैं.

बेटियों को बेटों की तरह पालना एक मुहवरा है. इसमें पितृसत्ता का अहंकार छिपा बैठा है. बेटियों के पालन-पोषण में कुछ अधिक देना जो उनके हक में नहीं था. इस मुहावरा का यही अर्थ है. फ्रील वाले फ्राक में किरण इस मुहावरे को उलटा लटकाती हैं. अपने तरीके से. किरण की किस्सागोई और तर्कशीलता में पितृसत्ता पर हमलों का कहीं भी तीखा रूप नहीं दिखता है. कई जगहों पर उन्हें स्वीकारते नजर आते महिला चरित्र. लेकिन वे पितृसत्ता के खिलाफ दृढ़ता से आगे बढ़ते हैं और उसका सामना करते हैं. ये कमजोर चरित्र नहीं हैं. बेटी की तरह बेटे का लालन-पालन क्या समाज इसे कबूल करने की स्थिति में है?

महिला स्वतंत्रता के बहुत से पक्ष हैं. इनमें यौन-स्वतंत्रता या विधवा विवाह से लेकर पहनावे की आजादी भी शामिल हैं. भारतीय समाज में साइकिल से स्कूल जानेवाली लड़कियों की एक पूरी पीढ़ी जवान हो रही है. इनके पास गति है, आजादी है और तायदाद है. यह परिघटना समाज में नए तनावों को भी जन्म दे रही है. महिला सवालों को एक नया संदर्भ भी दे रहा है. गुस्से में शर्मा जी द्वारा पत्नी-बेटी को घर से निकालने वाली दुनिया को विपुल ठुकरा देता है लेकिन मंदा नहीं ठुकरा पाती है. एक बड़ा सवाल उभरता है 'क्यों'. मध्यवर्ग की दुनिया के अंधेरे हिस्से में आज भी चल रहा है. लेकिन विकसित होती सच्चाई यह भी है कि इस दुनिया को भी दूसरी मंदाएं रोशन कर रही हैं भले ही किसी जगह म्हासा आमिनी इसके लिए अपनी कुर्बानी दे रही हो और किसी जगह कोई और.

# मुक्तात्मा

कहानी



वीणा ठाकुर
मैथिली कथा



कुमार मनीष अरविन्द
हिन्दी अनुवाद

**गतांक से आगे**

हठात् मणिशंकर की अस्वीकृति से भरी हुई मुखाकृति प्रकट हो गयी थी प्रतिमा की नजरों के सामने. तथापि उनके मुंह से एक शब्द भी न निकला. शायद पौत्र को देखने की इच्छा फिर से जाग गयी थी उनकी. मनुष्य के जीवन में चरम हताशा का पल आता है. वह समय उसकी परीक्षा की घड़ी होती है. तप कर निकल गये तो शुद्ध स्वर्ण, हार गये तो राख ! प्रतिमा ने अपनी मौन स्वीकृति दे दी थी. आशु ने पन्द्रह-बीस दिनों के बाद ही प्रतिमा को पासपोर्ट, वीसा, टिकट सारा कुछ भेज दिया थ. छह माह का वीसा मिला था उसे.

प्रतिमा ने कितनी ही बार मन्नतें मानी थी, हर बार उसकी मन्नत पूरी हुई थी. मनोवांछित फल मिला था. विदेश यात्रा से पूर्व भी एकबार मन्नत मांगना जरूरी था, परन्तु तब उसे अभीष्ट पता कहां था ? किस चीज की मन्नत मांगे वह ? कितनी आशा से वह बहू-बेटे के पास गयी थी !


आशु के घर पहुंचते ही उत्साह के अतिरेक में पौत्र को गोद में उठाती हुई प्रतिमा ने उसका चुम्बन लेते हुए कहा- ''यह बच्चा ईश्वर का आशीष है, इसलिए इसे आशीष कहूंगी मैं.'' तभी अर्चना ने 'डिसइन्फैक्टैंट लिक्विड' उसकी तलहथी पर देते हुए कहा था- ''पहले इससे हाथ पोंछ लीजिए.'' पहला धक्का तभी लग गया था प्रतिमा को. उसने अर्चना के चेहरे की ओर देखा तो उसके चेहरे के भाव ने उसे भीतर तक उदास कर दिया था.

भौतिक सुख-सुविधाओं से सम्पन्न आशु के फ्लैट को देखकर प्रतिमा को संतोष हुआ था. नियमित दिनचर्या, सारा कुछ व्यवस्थित, कहीं किसी तरह का कोई व्यतिक्रम नहीं. चारों ओर एक प्रकार का अनुशासन-सा व्याप्त था, परन्तु यही अनुशासन तो प्रतिमा के लिए घातक हो गया जैसे ! अपने-अपने समय पर आशु और अर्चना अस्पताल चले जाते थे. बच्चे की देखभाल हेतु फुलटाइमर आया थी. प्रतिमा को बहुत संतोष हुआ था, जब आशु ने उनसे कहा था- ''मां आपको यहां कोई काम नहीं करना है, आप रानी की तरह यहां राज करिए.'' एक गौरव का बोध-सा हुआ था प्रतिमा को, बेटे की बात सुनकर.

आशु के घर में अभाव तो किसी भी चीज का नहीं था. परन्तु आत्मीयता की भूखी प्रतिमा का मन तब भी तृप्त नहीं हुआ. जब तक प्रतिमा अपने ससुराल और मायके में रही थी, कभी उसने खाने की अपनी थाली स्वयं नहीं परोसी थी. मणिशंकर कितनी ही बार हंसी करते कहते- ''बहू आएगी तो आपको परोस कर खाना खिलाएगी, तब तक अपने से परोस कर खाइए.'' प्रतिमा भी हंस पड़ती थी सुनकर.

(क्रमशः)

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी



**टेस्ट श्रृंखला :** इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन मैचों के लिए भारतीय टीम घोषित, सिराज की हुई वापसी

# श्रृंखला से हटे विराट कोहली, चोट के कारण अय्यर भी बाहर

संवाददाता । नयी दिल्ली

- पारिवारिक कारणों से इस वक्त विदेश में हैं कोहली
- ग्रोइन में शिकायत के बाद टीम में नहीं चुने गए अय्यर

स्टार बल्लेबाज विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बचे हुए मुकबलों से हट गए हैं साथ ही श्रेयस अय्यर भी चोट के कारण टीम से बाहर हो चुके है, जिसकी पुष्टि शनिवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने की. इससे कोहली की उपलब्धता को लेकर चल रही अटकलें खत्म हो गयीं. कोहली पहले दो टेस्ट में नहीं खेले थे. बीसीसीआई ने एक विज्ञप्ति में कहा कि विराट कोहली व्यक्तिगत कारणों से श्रृंखला के बचे हुए मैचों के चयन के लिए उपलब्ध नहीं होंगे. बोर्ड कोहली के फैसले का पूरा सम्मान और समर्थन करता है. कोहली इस समय पारिवारिक कारणों से विदेश में हैं. अभी श्रृंखला 1-1 से बराबरी पर है. तीसरा मैच 15 फरवरी से राजकोट में शुरू होगा. सीनियर बल्लेबाज अय्यर को कमर के निचले हिस्से और 'ग्रोइन' में खिंचाव की शिकायत के बाद टीम में नहीं चुना गया है. हालांकि बीसीसीआई ने उनका मेडिकल अपडेट नहीं दिया गया है. माना जा रहा है कि अय्यर को हर हाल में बाहर कर दिया जाता और उनकी चोट ने चयनकर्ताओं के लिए फैसला आसान कर दिया है. सूत्र ने कहा कि अगर श्रेयस को चोट के कारण आराम दिया जाता तो बीसीसीआई के चिकित्सा बुलेटिन में इसका अपडेट होता. इसमें कोई अपडेट नहीं है तो माना जा सकता है कि उन्हें बाहर किया गया है. अय्यर ने काफी लंबे समय से अर्धशतक नहीं जड़ा है और बल्लेबाजों के मुफीद भारतीय पिचों पर उनके आउट होने का तरीका चिंता का विषय है. निकट भविष्य में लंबे प्रारूप के लिए अय्यर के नाम पर शायद विचार नहीं किया जाये क्योंकि शॉर्ट गेंद का सामना करना उनकी कमजोरी रही है.

### 17 सदस्यीय भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप कप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, केएल राहुल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर ,कुलदीप यादव,मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार और आकाश दीप.

### आकाशदीप को पहली बार टीम में मिला मौका



इस 17 सदस्यीय टीम में एकमात्र नया चेहरा बंगाल के तेज गेंदबाज आकाश दीप हैं जिन्हें प्रथम श्रेणी क्रिकेट और हाल ही में भारत 'ए' बनाम इंग्लैंड लायंस टेस्ट श्रृंखला में लगातार प्रदर्शन की बदौलत यह मौका मिला है. बायें हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार को रिलीज कर दिया गया है क्योंकि जडेजा की वापसी हो गयी है जबकि आवेश खान की जगह मोहम्मद सिराज की वापसी हुई है. आकाश एक अच्छा बल्लेबाज भी है और बंगाल टीम के साथी मुकेश कुमार की तुलना में तेज गेंदबाजी करता है. मुकेश अपना स्थान बरकरार रखने में सफल रहे हैं. हालांकि आकाश के राजकोट में पदार्पण करने की संभावना नहीं है. इस समय वह थुम्बा में केरल के खिलाफ रणजी ट्राफी मैच खेल रहे हैं और 13 फरवरी को ही टीम के साथ जुड़ेंगे.


### जडेजा व राहुल की टीम में वापसी



राष्ट्रीय चयन समिति ने सीनियर खिलाड़ी रविंद्र जडेजा और केएल राहुल को टीम में शामिल किया है लेकिन बीसीसीआई की चिकित्सा टीम द्वारा मंजूरी मिलने के बाद ही उन्हें खिलाया जा सकता है. इन दोनों को चोट लगी थी. सूत्र ने कहा कि राहुल फिट हैं और अंतिम एकादश में शामिल किये जाने के लिए तैयार हैं. उसके अभी 'क्वाड्रीसैप्स' में थोड़ी ऐठन है और चिकित्सा टीम इसे बढ़ाना नहीं चाहती. जडेजा की मांसपेशियों में खिंचाव है और वह बेहतर हो रहे हैं. मैच शुरू होने में अब भी पांच दिन बचे हैं और अगर वह ठीक रहते हैं तो बढ़िया है. अगर राहुल और जडेजा अंतिम एकादश में वापसी करते हैं तो विशाखापत्तनम में पदार्पण करने वाले रजत पाटीदार को बाहर बैठना पड़ेगा.

**अंडर-19 विश्व कप :** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ छठा विश्व कप खिताब जीतने को तैयार हैं टीम इंडिया

# बड़ों का बदला लेंगे भारतीय युवा जांबाज




भाषा। बेनोनी (दक्षिण अफ्रीका)

भारत के 18 और 19 साल के युवा क्रिकेटर रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल जीतकर रिकॉर्ड छठा आईसीसी अंडर-19 विश्व कप खिताब जीतने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे जिसके बाद कुछ के कॅरियर को उड़ान भरने के लिए पंख मिलेंगे जबकि कुछ गुमनामी में डूब जायेंगे. साथ ही भारतीय टीम के युवा जांबाज सीनियर टीम को 2023 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के हाथों मिली हार का बदला भी लेना चाहेंगे. पिछले साल 19 नवंबर को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने रोहित शर्मा की अगुवाई वाली सीनियर टीम को वैश्विक मंच पर रूला दिया था जिससे उदय सहारन की अगुआई वाली टीम का ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीम को हराकर खिताब जीतना सुखद होगा. कप्तान सहारन ने हाल में कहा था कि फाइनल में सामने ऑस्ट्रेलिया हो या पाकिस्तान , फर्क नहीं पड़ता. हम विरोधी टीम पर फोकस नहीं कर रहे और अपने खेल पर ध्यान दे रहे हैं. हमने मैच दर मैच रणनीति बनाई है और हर मैच को संजीदगी से ले रहे हैं. यह पूछने पर कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्या बदला दिमाग में होगा क्योंकि सीनियर टीम पिछले साल वनडे विश्व कप फाइनल उससे हारी थी, उन्होंने कहा कि ऐसा कुछ नहीं सोच रहे हैं. हम अपने खेल पर फोकस कर रहे हैं और हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना है. मैच हालात के हिसाब से खेल रहे हैं. हर मैच महत्वपूर्ण है क्योंकि यह विश्व कप है और सारी टीमें अच्छी है. ऑस्ट्रेलिया के कप्तान ह्यू वेबगेन, सलामी बल्लेबाज हैरी डिक्सन, तेज गेंदबाज टॉम स्ट्रेकर और कैलम विडलर ने इस चरण के दौरान लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है जो भारत के लिए परेशानी बन सकते हैं.

### अंडर-19 विश्व कप इतिहास

| वर्ष | चैंपियंस |
|---|---|
| 1988 | ऑस्ट्रेलिया |
| 1998 | इंगलैंड |
| 2000 | भारत |
| 2002 | ऑस्ट्रेलिया |
| 2004 | पाकिस्तान |
| 2006 | पाकिस्तान |
| 2008 | भारत |
| 2010 | ऑस्ट्रेलिया |
| 2012 | भारत |
| 2014 | दक्षिण अफ्रीका |
| 2016 | वेस्ट इंडीज |
| 2018 | भारत |
| 2020 | बांग्लादेश |
| 2022 | भारत |
| 2024 | ? |

### इस प्रकार है दोनों टीमें

**भारत**

उदय सहारन (कप्तान), अर्शिन कुलकर्णी, आदर्श सिंह, रुद्र मयूर पटेल, सचिन धास, प्रियांशु मोलिया, मुशीर खान, अरावली अवनीश राव (विकेटकीपर), सौम्य कुमार पांडे (उप कप्तान), मुरुगन अभिषेक, इनेश महाजन (विकेटकीपर), धनुष गौड़ा, आराध्या शुक्ला, राज लिम्बानी, नमन तिवारी.

**ऑस्ट्रेलिया**

ह्यू वेबगेन (कप्तान), लाचलान ऐटकेन, चार्ली एंडरसन, हरकीरत बाजवा, महली बियर्डमैन, टॉम कैम्पबेल, हैरी डिक्सन, रेयान हिक्स (विकेटकीपर), सैम कोनस्टास, राफेल मैकमिलन, ऐडन ओकोनोर, हरजस सिंह, टॉम स्ट्रेकर, कैलम विडलर और ओली पीक.



### फाइनल में भारत से दो बार हारा है ऑस्ट्रेलिया

भारत की अंडर-19 टीम ने 2012 और 2018 फाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था और इस चरण के खिताबी मैच में भी वह प्रबल दावेदार होगी. भारतीय टीम हमेशा आयु वर्ग के टूर्नामेंट में 'पावरहाउस' रही है और इस टूर्नामेंट में नौवीं बार फाइनल में पहुंचना इसका प्रमाण है. भारत की अंडर-19 टीम ने 2016 के बाद सभी फाइनल खेले हैं, जिसमें से उसने 2018 और 2022 चरण में खिताब जीते जबकि 2016 और 2020 में उसे हार मिली. विराट कोहली की टीम ने 2008 में ट्रॉफी जीती थी, जिसके बाद अंडर-19 विश्व कप ने काफी लोकप्रियता हासिल की है. लाइव टीवी कवरेज और 'स्ट्रीमिंग' से इसके प्रति उत्सुकता भी बढ़ गयी है.

### कई बनेंगे स्टार, कई होंगे गुमनाम

अंडर-19 विश्व कप के बाद भारतीय टीम में कई खिलाड़ी स्टार बनेंगे, तो कई गुमनाम हो जाएंगे. अंडर-19 विश्व कप ने युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, शिखर धवन, रोहित शर्मा, कोहली, रविंद्र जड़ेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे स्टार क्रिकेटर दिये हैं. लेकिन उन खिलाड़ियों की सूची इससे भी ज्यादा बड़ी है जो 'स्टारडम' हासिल करने के बाद शीर्ष स्तर तक पहुंचने में असफल रहे. 2000 के दशक के शुरू में रीतिंदर सिंह सोढ़ी और गौरव धीमान से लेकर उन्मुक्त चंद, हरमीत सिंह, विजय जोल, संदीप शर्मा, अजितेश अर्गल, कमल पासी, सिद्धार्थ कौल, स्मिट पटेल, रविकांत सिंह और कमलेश नागरकोटी तक देखें तो यह सूची काफी लंबी है. पृथ्वी साव अपने कॅरियर को फिर से संवारने की कोशिश कर रहे हैं जबकि यश धुल को सीनियर स्तर के क्रिकेट के मानकों का सामना करना बेहद मुश्किल लग रहा है.

# कठिनाई में मेरी ताकत है मेरा धर्म और अध्यात्म : महाराज

भाषा। केपटाउन



दाहिने हाथ में 'ओम नमः शिवाय' लिखा तांबे का कड़ा पहनने वाले और जल्द ही अयोध्या जाने की तमन्ना रखने वाले दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी स्पिनर केशव महाराज के लिए धर्म और अध्यात्म कठिन हालात में उनकी ताकत है. केशव मैदान पर भी कभी अपनी आस्था की अभिव्यक्ति से परहेज नहीं करते हैं और मैदान में उतरने पर डीजे से 'राम सियाराम' बजाने को कहते हैं. भारत में वनडे विश्व कप के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ मैच में उनके बल्ले पर 'ओम' का स्टिकर लगा था और पाकिस्तान के खिलाफ चेन्नई में मैच जीतने के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में जीत पर खुशी जाहिर करने वाले संदेश के अंत में लिखा ' जय श्री हनुमान '. भारत के खिलाफ अपनी सरजमी पर हाल ही में टेस्ट श्रृंखला के दौरान मैदान पर उतरते समय उन्होंने डीजे से 'राम सियाराम' बजाने के लिये कहा था और यह वीडियो काफी वायरल हुआ. भारतीय मूल के केशव ने यहां 'एसए 20 फाइनल' से पहले भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा कि मैं काफी धार्मिक और अध्यात्म में रूचि रखने वाले परिवार से हूं. धर्म और अध्यात्म मुझ पर थोपे नहीं गए लेकिन मैं महसूस करता हूं कि कठिन हालात में यह मुझे मार्गदर्शन और एक दृष्टिकोण देते हैं. मैं अपनी आस्था से काफी जुड़ा हुआ हूं.

# मेस्सी पर नाराजगी से चीन में अर्जेंटीना का मैत्री मैच रद्द

भाषा। हांगकांग

- हांगकांग में मेस्सी के प्रदर्शनी मैच नहीं खेलने से है नाराजगी
- 18 से 28 मार्च तक अर्जेंटीना को करना था चीन का दौरा

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी के हांगकांग में प्रदर्शनी मैच में नहीं खेलने के कारण अगले महीने चीन में होने वाले अर्जेंटीना के फुटबॉल मैत्री मैच को शुक्रवार को रद्द कर दिया गया. मेस्सी की कप्तानी में विश्व कप चैम्पियन अर्जेंटीना को 18 से 26 मार्च तक के अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान चीन का दौरा करना था. बीजिंग में आइवरी कोस्ट और हांगझोउ में नाईजीरिया के खिलाफ मैच होने थे. लेकिन मेस्सी ने अपने इंटर मियामी क्लब के साथ दौरे पर हांगकांग में प्रशंसकों को नाराज कर दिया था. वह पिछले रविवार को 'ग्रोइन' चोट के कारण मैत्री मैच में नहीं खेले और बेंच पर बैठे रहे थे. इससे खेल प्रेमी काफी नाराज हो गये थे. शुक्रवार को अर्जेंटीना और नाईजीरिया के बीच मैत्री मैच रद्द कर दिया गया.

हांगझोउ स्पोर्ट्स ब्यूरो ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा कि कारण सभी को पता है, हमें अधिकारियों से पता चला है कि परिस्थितियां मैच कराने के सही नहीं हैं. इसलिये फैसला किया गया है कि मैच रद्द कर दिया जायेगा.

**मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट**

# अमित की ताबड़तोड़ पारी से मयूराक्षी बनी चैंपियन

संवाददाता। रांची



अमित सिंह को मिला मैन ऑफ द मैच पुरस्कार

बीएयू के मैदान में खेले जा रहे टाटा मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन शनिवार को हुआ. टूर्नामेंट के रोमांचक फाइनल में अमित मयूराक्षी ने स्वर्णरेखा की टीम को 7 विकेट से हराकर खिताब जीता. टॉस जीत कर मयूराक्षी की टीम ने क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया. स्वर्णरेखा की शुरूआत अच्छी रही. पहले विकेट के लिए विक्की और राजा मेहदी ने 45 रन जोड़े. दूसरे विकेट के लिए राजा ने मुकेश के साथ साझेदारी कर निर्धारित 16 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 161 रन बनाए. कप्तान राजा मेहदी ने 52 गेंदो में 78 रनों की पारी खेली. वहीं मुकेश ने 28 रन बनाए. मयूराक्षी की ओर से पंकज त्रिपाठी ने 2 विकेट लिए. लक्ष्य का पीछा करने उतरी मयूराक्षी की टीम ने तेज शुरूआत की. शकिल अख्तर और अमित सिंह की जोड़ी ने शुरूआत के 7 ओवर में 89 रन जोड़े. शकिल 21 गेंदो में 31 रन बनाकर विक्की का शिकार बनें. दूसरी तरफ से अमित ने रन के गति को कम नहीं होने दिया और मैच को छक्के के साथ समाप्त किया. अमित ने 47 गेंदो में 82 रन की नाबाद पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई. इस पारी में उन्होंने 8 चौके ओर 6 छक्के लगाए. मयुराक्षी ने 15.1 ओवर में 3 विकेक खोकर 162 रन बनाए. शानदार पारी के लिए अमित को प्लेयर ऑफ द चुना गया. वहीं पूरे प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले राजा मेंहदी को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया. फाइनल मैच में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व खेल मंत्री हफीजुल हसन मौजूद थे. विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार रजत गुप्ता, विजय पाठक, सुरजीत सिंह, विनय कुमार, अनुपम शशांक, प्रेम शंकरण, शशि शेखर समेत अन्य लोग मैजूद थे.

## शतरंज : गुकेश ने कार्लसन को हराया



वांगल्स (जर्मनी)। भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां शुरू हुए वेसेन्हॉस शतरंज चैलेंज के पहले दिन एक के बाद एक जीत दर्ज करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैग्सन कार्लसन, अर्मेनिया के लेवोन अरोनियन और मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को पराजित किया. हालांकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा के खिलाफ पहली बाजी में हारकर पूरे अंक गंवाने से गुकेश की शुरूआत अच्छी नहीं हुई लेकिन इसके बाद वह पूरी तरह लय में आ गये और उन्होंने चार में से तीन अंक अपनी झोली में डाले. इससे वह रैपिड वर्ग में संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर चल रहे हैं.

अंडर-19 विश्व कप में चमक बिखेरने वाले अरावेल ने कहा-

# चाहता हूं, धौनी को मुझ पर गर्व हो

भाषा। बेनोनी



- मुझे यकीन ही नहीं हुआ था कि सीएसके ने मुझे चुना
- धौनी की कप्तानी में खेलना हर किसी का सपना होता है

वह पीली जर्सी वाली टीम के खिलाफ रविवार को अंडर-19 विश्व कप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगे, लेकिन उनका अगला लक्ष्य पीली जर्सी पहनकर महेंद्र सिंह धौनी को उन पर फख्र करने का मौका देने का होगा. अंडर-19 विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने जा रही भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज अरावेली अवनीश राव उन चुनिंदा खिलाड़ियों में से हैं जिनके पास इतनी कम उम्र में आईपीएल का अनुबंध है. उन्हें महेंद्र सिंह धौनी की चेन्नई सुपर किंग्स ने पिछले महीने आईपीएल नीलामी में 20 लाख रूपये के आधार मूल्य में खरीदा था. अंडर-19 विश्व कप में कई मौकों पर धौनी की झलक देने वाले अरावेली ने कहा कि मुझे यकीन ही नहीं हुआ था कि सीएसके ने मुझे चुना है. मुझे विश्वास करने में समय लगा. मैं उस समय घर पर ही था और हमारा फोन लगातार बज रहा था . उन्होंने कहा कि अब मैं धौनी सर और सीएसके को गौरवान्वित करना चाहता हूं. अभी आईपीएल के बारे में नहीं सोच रहा हूं. फाइनल के बाद सोचूंगा, लेकिन सीएसके के लिये और धौनी सर की कप्तानी में खेलना हर क्रिकेटर का सपना होता है. मेरे लिये यह सपना सच होने जैसा है.

**दौड़ेगी रांची** लगभग आठ हजार प्रतिभागी लेंगे मोरहाबादी में आयोजित मैराथन में हिस्सा, तैयारी पूरी

# कोल इंडिया मैराथन आज, 33.12 लाख रुपये का कुल पुरस्कार

संवाददाता । रांची

सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के द्वितीय कोल इंडिया मैराथन को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है. रविवार को रांची के मोरहाबादी में इसका आयोजन किया गया है. इस बार लगभग 8 हजार प्रतिभागी मैराथन में दौड़ लगाएंगे, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 6100 से अधिक पुरुष व लगभग 1400 महिला धावक हिस्सा ले रही हैं. वहीं 500 से अधिक सीसीएल के गेस्ट भी इस मैराथन भाग लेंगे. यह मैराथन बिरसा मुंडा स्टेडियम मोरहाबादी से सुबह 4.30 बजे शुरू होकर कांके रोड होते हुए मोरहाबादी में संपन्न होगा. कोल इंडिया के इस प्रतियोगिता में 33 लाख रुपए से अधिक की राशि पुरस्कार स्वरूप दिया जायेगा. मैराथन का आयोजन महिलाओं और पुरुषों की चार श्रेणियों में किया जा रहा है, जिसमें 42.195 किमी का फुल मैराथन, 21.098 किमी का हाफ मैराथन, 10 किमी एवं 5 किमी मैराथन शामिल है. सीसीएल के अधिकारियों ने बताया की मैराथन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है.



### पुरस्कार

| | फुल मैराथन | हाफ मैराथन | 10 किमी |
|---|---|---|---|
| 1. | 3.3 लाख | 2.2 लाख | 1.1 लाख |
| 2. | 2.2 लाख | 1.1 लाख | 75 हजार |
| 3. | 1.1 लाख | 55 हजार | 55 हजार |
| 4. | 65 हजार | 45 हजार | 30 हजार |
| 5. | 45 हजार | 35 हजार | 25 हजार |
| 6. | 35 हजार | 25 हजार | 15 हजार |
| 7. | 25 हजार | 15 हजार | 11 हजार |

### रांची पहुंचीं पीटी ऊषा



भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी ऊषा भी इस मैराथन में शिरकत करेंगी. मैराथन में हिस्सा लेने के लिए शनिवार की शाम पीटी ऊषा रांची पहुंची. कंपनी के चेयरमैन पीएम प्रसाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे. साथ ही मुंबई मैराथन की द्वितीय एवं तृतीय विजेता रेशमा केवाटे एवं श्यामली सिंह इस मैराथन में भाग ले रहीं है. वहीं मैराथन की दुनिया में वन लेग उदय नाम से मसहूर उदय भी हॉफ मैराथन में भागेंगे. इनके साथ कोल इंडिया मैराथन के विजेता अर्जुन टुडू भी हिस्सा लेंगे.

### 5 करोड़ का कराया गया इवेंट लायबिलिटी इंश्योरेंस

सीसीएल के स्पोर्ट्स समन्वयक आदिल हुसैन ने बताया कि इस मैराथन का 5 करोड़ का इवेंट लायबिलिटी इंश्योरेंस कराया गया है. इसमें खास बात ये है की अगर मैराथन के दौरान कोई भी धावक घायल होता है तो, उसे 10 हजार तक का इंजरी कवर मिलेगा, वहीं अगर कोई दुर्घटना घटती है, तो डेथ क्लेम 10 लाख तक कवर होगा.

### मैराथन की तैयारी पूरी - सीसीएल सीएमडी

सीसीएल के सीएमडी डॉ वी बीरा रेड्डी ने बताया कि मैराथन की तैयारी पूरी कर ली गयी है. प्रतिभागियों की सुविधा का ख्याल रखा जा रहा है. पूरे रास्ते में सुरक्षा के इंतजाम रहेंगे. पूरे रास्ते में लगभग 20 रिफ्रेशमेंट सेंटर बनाए गए है. यह मैराथन एआईएमएस द्वारा प्रमाणित है. झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन व जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है. बेहतर संचालन हेतु मैराथन के दौरान आपातकालीन चिकित्सीय सेवा हेतु मेडिकल टीम के साथ ही सीसीएल के सुरक्षा कर्मी भी उपस्थित रहेंगे.

# सफेद गेंद का विशेषज्ञ कहना बुमराह को पसंद नहीं : शास्त्री

भाषा। नयी दिल्ली



भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री जानते थे कि जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बेताब थे क्योंकि यह तेज गेंदबाज खुद को 'सफेद गेंद विशेषज्ञ' के तौर पर बुलाना पसंद नहीं करता था. बुमराह आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर रहने वाले पहले भारतीय तेज गेंदबाज हैं. विशाखापत्तनम टेस्ट में जीत से भारत को श्रृंखला में 1-1 से बराबरी दिलाने वाले मुकाबले में उन्होंने 91 रन देकर नौ विकेट झटके. इससे यह 30 साल का खिलाड़ी सबसे तेज 150 टेस्ट विकेट हासिल करने वाला भारतीय बन गया. शास्त्री ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन को दिए एक साक्षात्कार में बुमराह के साथ अपनी बातचीत के बारे में बताया जिसमें इस तेज गेंदबाज ने उनसे कहा था कि टेस्ट खेलना उनकी जिंदगी का 'सबसे बड़ा दिन' होगा. शास्त्री ने याद करते हुए कहा कि मुझे कोलकाता में उनसे पहली बातचीत याद है जिसमें मैंने उनसे पूछा था कि क्या उन्हें टेस्ट क्रिकेट में दिलचस्पी है? तब उसने कहा था कि यह उसके जीवन का सबसे बड़ा दिन होगा.

▼ब्रीफ खबरें

### प्रॉपर्टी डीलर की हत्या मामले में 3 गिरफ्तार

**पटना।** राजधानी के खगौल थाना क्षेत्र के नैनचक में भानु पासवान की गुरुवार की देर रात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी. वहीं पुलिस ने 24 घंटे के अंदर तीन हत्या के आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपित नैनचक के रहनेवाले आशंका पासवान, अभिषेक कुमार और विनोद कुमार है. वहीं अन्य इस हत्या के आरोपित अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है. गुरुवार की देर रात खगौल थाना क्षेत्र के नयनचक काली मंदिर के नजदीक अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर को गोलियों को भून डाला था.

### पारिवारिक विवाद में विवाहिता ने दे दी जान

**जहानाबाद।** पारिवारिक कलह से तंग आकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली है. घटना घोषी थाना क्षेत्र के प्रखंड कॉलोनी की है. हालांकि महिला के परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है. बताया जाता है कि नालंदा जिले के खुदागंज थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव निवासी बिरजू चौधरी ने अपनी बहन शमिला देवी की शादी घोसी थाना क्षेत्र के प्रखंड कॉलोनी निवासी परमेश्वर चौधरी के पुत्र राजू चौधरी से लगभग 2 साल पहले हिंदू रीति रिवाज के अनुसार किया था. शादी की बाद से पति-पत्नी और सास ससुर ठीक-ठाक से रह रहे थे. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है.

### युवक का नग्न अवस्था में मिला शव, हंगामा

**नालंदा।** नालंदा के लहेरी थाना क्षेत्र के गगन दीवान मोहल्ला में एक युवक का नग्न अवस्था में शव मिला. जिसके बाद इलाके में सनसनी फैल गई. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया. बताया जाता है कि युवक के गले में हेड फोन लगा हुआ था. इससे आशंका जाहिर हो रही है कि उसने मोबाइल पर किसी को ऑनलाइन वीडियो दिखाकर सुसाइड किया है. बताया जाता है कि युवक कल दोपहर को घर से निकला, उसके बाद वापस नहीं लौटा.

## विद्यालय में परिजनों ने किया जमकर हंगामा

# अल्बेंडाजोल दवा खाने से 50 स्कूली बच्चों की तबीयत बिगड़ी

संवाददाता।पटना

भागलपुर और सीतामढ़ी के एक सरकारी विद्यालय में पेट में कीड़ा को रोकने की दवा (अल्बेंडाजोल) खिलाई गई, जिसके बाद कई बच्चों की तबीयत बिगड़ गई. बच्चों की तबीयत बिगड़ते ही स्कूल में अफरातफरी का माहौल हो गया. स्थानीय लोगों का कहना है कि आनन-फानन में कुछ बच्चों को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि जबकि कुछ बच्चों को जेएलएनएमसीएच मायागंज अस्पताल भेजा गया है. घटना के दौरान परिजनों ने विद्यालय में जमकर हंगामा किया. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस घटना से आक्रोशित परिजनों ने प्रधानाध्यापक के साथ हाथापाई भी की. घटना भागलपुर जिले के उर्दू बाजार स्थित मध्य विद्यालय की है. दूसरी घटना सीतामढ़ी जिला के डुमरा प्रखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय जवाबीपुर गांव के एक विद्यालय की है, जहां अल्बेंडाजोल खाने से 50 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई है. सभी को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

वैशाली के पातेपुर प्रखंड क्षेत्र के बहादुरपुर चिकनोता गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में अल्बेंडाजोल दवा खाने से दो दर्जन से ज्यादा बच्चों की तबीयत खराब हो गई. उन सभी बच्चों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां डॉक्टर के द्वारा सभी बच्चों का इलाज किया जा रहा है. अल्बेंडाजोल दवा खाने से कैमूर जिला के गई गांवों में अफरातफरी का माहौल हो गया गया. कई बच्चे बेहोश होने लगे तो कई बच्चों को उल्टियां होने लगी. आनन-फानन में कई बच्चों को निजी अस्पताल और सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. मामला दुर्गावती रामगढ़ एवं नुआंव सहित चैनपुर के सिरबिट गांव के विभिन्न विद्यालयों का है.





### दो घंटे बाद ही बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी

सीतामढ़ी जिले के डुमरा प्रखंड क्षेत्र के जवाबीपुर प्राथमिक विद्यालय में भी अल्बेंडाजोल दवा खाने से लगभग 40 बच्चों की तबियत बिगड़ गई. आननफानन में स्थानीय लोगों ने उन बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया. विद्यालय के



शिक्षकों का कहना है कि दवा खाने के करीब 2 घंटे के बाद एक-एक कर बच्चों की हालत बिगड़ने लगी. एक के बाद एक कर लगभग 35 से 40 बच्चों को उल्टी होने लगी. किसी को चक्कर आने लगा. विद्यालय में कुछ ही देर में अफरातफरी मच गई. इस घटना की भनक परिजनों को जैसे ही लगी, परिजन स्कूल की तरफ दौड़ पड़े. तत्काल लोगों ने घटना की सूचना स्वास्थ्य विभाग को दी. सूचना मिलने पर स्कूल में स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस पहुंची और सभी बच्चों को अस्पताल पहुंचाया गया. बच्चों की संख्या अधिक होने की वजह से फर्श पर ही बच्चों का इलाज किया जा रहा है.

# नीतीश कुमार ने राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेले का किया निरीक्षण

संवाददाता।पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में आयोजित राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेला (एग्रो बिहार-2024) का शनिवार को मुआयना किया. मुख्यमंत्री ने विभिन्न स्टॉलों पर जाकर कृषि के लिए उपयोगी आधुनिक कृषि यंत्रों के बारे में जानकारी ली. इस राज्यस्तरीय कृषि यांत्रिकरण मेले में देश के प्रमुख कृषि यंत्र निर्माताओं द्वारा आधुनिक यंत्रों का प्रदर्शन किया गया है. मुख्यमंत्री ने भ्रमण के दौरान सरकारी अनुदान प्राप्त कृषि यंत्रों को क्रय करने वाले प्रगतिशील किसान लाभार्थियों से मुलाकात की तथा उनसे कृषि यंत्रों के उपयोग के संबंध में बातचीत की और उन्हें प्रोत्साहित किया. इस दौरान उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ आदि मौजूद थे.



### माले विधायक आलम ने की मांझी से मुलाकात

**पटना।** बिहार में फ्लोर टेस्ट से पहले शनिवार को बलरामपुर से माले विधायक महबूब आलम जीतन राम मांझी से मुलाकात करने पहुंचे हैं. दोनों नेताओं के बीच बंद कमरे में मुलाकात हुई है. कहा जा रहा है कि लालू प्रसाद ने मांझी को मनाने के लिए माले विधायक को दूत बनाकर भेजा है. ऐसे में सियासी गलियारे में एक बार फिर मांझी के पाला बदलने की चर्चा तेज हो गई है. हालांकि हम ने किसी भी तरह के सियासी खेल से इनकार किया है. नई सरकार के गठन के बाद से ही राजद और कांग्रेस फ्लोर टेस्ट से पहले बड़े खेल का दावा कर रहा था. कहा जा रहा है कि बड़े सियासी खेल की अटकलों के बीच लालू प्रसाद ने अपना आखिरी दांव चल दिया है.

# गोपालगंज में लग्जरी गाड़ी से रुपये और हथियार बरामद

संवाददाता।गोपालगंज

लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में एक लग्जरी गाड़ी से बड़ी रकम जब्त की गई है. साथ ही हथियार और गोली भी बरामद हुआ है. ये कार्रवाई गोपालगंज की पुलिस ने यूपी-बिहार के बॉर्डर पर स्थित बलथरी चेकपोस्ट पर की है. वहीं, वाहन में सवार गुजरात और मध्य प्रदेश के पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे गोपालगंज के कुचायकोट थाने की पुलिस पूछताछ कर रही है. एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि वाहन जांच के दौरान कुचायकोट थाने की पुलिस ने लग्जरी गाड़ी से पांच लोगों को हिरासत में लिया है. इन लोगों के पास से तीन हथियार, 15 गोली और कैश बरामद किया गया है. एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है. पुलिस के अनुसार ये सभी लोग गुजरात और मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं. पकड़े गये लोगों की पहचान गुजरात के अहमदाबाद जिला के न्यू इंडिया कॉलोनी निवासी दिनेश सिंह, गुजरात के बनस्कटा जिला के कतरबत्ता निवासी शैलेश भाई, कठियाबाढ़ जिला के भाव नगर थाना क्षेत्र के मकवाना निवासी अश्विनी कुमार के अलावा मध्यप्रदेश के भिंड जिला के भिंड निवासी रविकांत शर्मा और भिंड जिला के पादरी निवासी भागीरथ सिंह के रूप में हुई है. वहीं, एसपी का कहना है कि पकड़े गए सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है.

## जदयू बोली- खेला नहीं फ्लोर टेस्ट में मेला लगेगा

# मनोज झा का पलटवार- कहा राजद को नहीं जानते

संवाददाता।पटना

जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने दावा किया है कि एनडीए के सभी 128 विधायक एकजुट हैं. उन्होंने कहा कि खेला तो विपक्षी खेमे में होगा. कांग्रेस विधायकों के हैदराबाद शिफ्ट करने पर जदयू प्रवक्ता ने कहा कि कांग्रेस के विधायकों के फोन स्वीच ऑफ है. विधायक धोती पहनकर मंदिर में कसम खा रहे हैं. उन्होंने कहा कि 12 फरवरी को राजद और कांग्रेस के विधायक भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के समर्थन में वोट करेंगे. वहीं जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि बिहार में जो लोग दावा कर रहे हैं खेला होगा? यहां मेला लगेगा. मेला ऐसा कि गठबंधन के घटक दल, कांग्रेस के विधायकों को मंदिर-मंदिर ले जाकर तेलंगाना में कसम खिलाया जा रहा है, कि महादेव का कसम खाओ कि तुम पार्टी के साथ रहोगे. राजद के विधायक लापता हैं, उनका फोन स्वीच ऑफ है. माननीय नीतीश कुमार का काम बोलता हैं, इसका असर 12 फरवरी के फ्लोर टेस्ट पर दिखाई देगा. वहीं राजद सांसद मनोज झा ने कहा कि खेला तो होकर रहेगा. 17 साल बनाम 17 महीने के उपलब्धि से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह भी चिंतित हैं. उन लोगों को डर है कि कहीं एनडीए के विधायक खेल ना कर देंगे. उन्होंने कहा कि ये लोग राजद को नहीं जानते हैं. जब हम अपने सबसे निचले दौर पर थे तब भी लोग सफल नहीं हो सके. अभी तो एक लकीक खींच दी है. हमारे विधायक विधानसभा जाएंगे और हमेशा की तरह कार्यवाही में हिस्सा लेंगे.

### सात ठग गिरफ्तार, 10 फोन हुआ बरामद

**नवादा।** साइबर अपराधियों के खिलाफ नवादा पुलिस ने शनिवार को फिर बड़ी कार्रवाई की है. 7 शातिर साइबर अपराधियों को 10 एंड्रॉयड मोबाइल के साथ गिरफ्तार किया गया है. ये सभी शातिर साइबर जालसाज बगीचे में बैठ कर देश के विभिन्न प्रांत के लोगों से सस्ते दर पर लोन आदि के नाम पर ठगी कर रहे थे. पुलिस ने गुप्त सूचना पर वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के सिमरीडीह, बेलधा और शाहपुर के पार्वती पहाड़ इलाके में छापेमारी की. इसमें कुल 7 साइबर अपराधियों को दबोचा गया.

## एमएलसी नीरज कुमार बोले-

# पाठक भगवान है जो शिक्षकों की नौकरी ले लेंगे

संवाददाता।पटना

बिहार के पौने चार लाख नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने के लिए शिक्षा विभाग ने सक्षमता परीक्षा लेने का निर्णय लिया है. जिसके लिए आवेदन 1 फरवरी से शुरू हो चुका है. इसके साथ ही जो नियोजित शिक्षक समक्षता परीक्षा में पास नहीं होते हैं या परीक्षा में भाग नहीं लेते हैं उसके लिए केके पाठक की अध्यक्षता में पांच सदस्य कमेटी बनाई गई है, जो निर्णय लेगी कि उन शिक्षकों के साथ क्या करना है. अब नियोजित शिक्षकों को डर सताने लगा है कि उनकी नौकरी चली जाएगी. जिसको लेकर अब आंदोलन शुरू हो गया है. वहीं आंदोलनकारियों पर एक्शन लेने की शिक्षा विभाग ने भी तैयारी कर ली है. पाठक जहां शिक्षा विभाग को लेकर सख्त है, तो वहीं एमएलसी नीरज कुमार ने पाठक पर हमला बोला है. उन्होंने कहा कि पाठक भगवान है क्या? जो नियोजित शिक्षकों की नौकरी ले लेंगे. अगर नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा लेना है तो सामान्य समक्षता परीक्षा में सफल होना होगा. इसमें कहां कोई आपत्ति है, लेकिन कोई नौकरी से कैसे निकाल देगा. उन्होंने कहा कि पाठक के कहने से क्या होगा इस मामले में उनका कोई वैल्यू नहीं है. वे अपर मुख्य सचिव है तो कोई भगवान है क्या? सरकार ने नौकरी दिया है और उस नियमावली में लिखा हुआ है जो नियोजित शिक्षक दक्षता परीक्षा पास नहीं करेंगे उनको नौकरी से नहीं निकाला जाएगा. उन्हें राज्य कर्मी का दर्जा आप नहीं दे सकते हैं, लेकिन कोई नौकरी से कैसे निकाल सकते हैं. उसकी मर्जी होगी तो एग्जाम देगा उसकी मर्जी नहीं होगी.

## कारोबार

### जेएसडब्ल्यू समूह ने एमओयू किया

**भुवनेश्वर।** जेएसडब्ल्यू समूह ने ओडिशा में 40,000 करोड़ रुपये के निवेश से ईवी परियोजना स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं. जेएसडब्ल्यू समूह कटक जिले में एक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और कलपुर्जा विनिर्माण संयंत्र स्थापित करेगा. इसके अलावा जगतसिंहपुर जिले के पारादीप में एक तांबा स्मेल्टर और लिथियम रिफाइनरी स्थापित की जाएगी. राज्य मंत्रिमंडल के इन दोनों परियोजनाओं के लिए एक विशेष प्रोत्साहन पैकेज को मंजूरी दी है.

### जिंदल ने विशाखापत्तनम के साथ किया समझौता

**नयी दिल्ली।** जिंदल स्टेनलेस ने मिसाइलों और उपग्रहों के प्रक्षेपण में उपयोग किए जाने वाले मूल्यवर्धित उत्पादों के विनिर्माण के लिए एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र विशाखापत्तनम के साथ एक समझौता किया है. जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड ने शनिवार को बयान में कहा, यह सहयोग रक्षा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और अन्य उद्योगों में उपकरणों के विकास के लिए जरूरी कलपूर्जों के विनिर्माण को बढ़ावा देगा. समझौते के तहत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी और रक्षा प्रणालियों के लिए घटकों का विनिर्माण विशेष मिश्र धातुओं से किया जाएगा.

### आरबीआई ने लिमिट 20 से 30 लाख किया

**नयी दिल्ली।** विभिन्न बैंकों के बोर्ड में नॉन-एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर के रूप में शामिल होने वाले लोगों को अब ज्यादा भुगतान मिलने का रास्ता साफ हो गया है. आरबीआई ने बैंकों के नॉन-एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर्स के मेहनताने की लिमिट बढ़ा दी है. रिजर्व बैंक के ताजे अपडेट के अनुसार, बैंक अब अपने नॉन-एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर को सालाना 30 लाख रुपये तक दे सकते हैं. पहले इसके लिए 20 लाख रुपये की लिमिट थी. रिजर्व बैंक ने कहा कि बैंकों के बोर्ड बैंक के आकार, नॉन-एक्जीक्यूटिव डाइरेक्टर के अनुभव व अन्य फैक्टर्स के हिसाब से 30 लाख रुपये तक के दायरे में रेमुनरेशन फिक्स कर सकते हैं.

## कानूनी कार्रवाई से नाराज होकर टेस्ला और एक्स के मालिक एलन मस्क ने लिया फैसला

# न्यूरालिंक को डेलावेयर से नेवाडा किया शिफ्ट

भाषा।नयी दिल्ली

टेस्ला और एक्स के मालिक एलन मस्क के फैसले पर दुनिया की नजर होती है और वह चर्चा का विषय बनती है. इस बार उनकी कंपनी न्यूरालिंक के शिफ्टिंग को लेकर है. दरअसल मस्क ने ब्रेन इंप्लांट पर काम करने वाली अपनी कंपनी न्यूरालिंक के ऑफिशियल बिजनेस को डेलावेयर से करीब 4,100 किलोमीटर दूर नेवाडा शिफ्ट कर लिया है. मस्क ने यह फैसला टेस्ला में उनकी सैलरी और ट्विटर की खरीद से जुड़ी कानूनी कार्रवाईयों से नाराज होकर लिया है. न्यूरालिंक के बाद मस्क ने टेस्ला को भी डेलावेयर से ऑफिशियली हटाने का ऐलान किया है. कंपनी की ओर से शेयरधारकों को भेजे गए एक नोटिस के मुताबिक, मस्क ने न्यूरालिंक के ऑफिस को 8 फरवरी को शिफ्ट किया. इस बात की जानकारी ब्लूमबर्ग ने दी है. नोटिस में कंपनी के शेयरहोल्डर्स को बताया गया है कि डेलावेयर कॉर्पोरेशन में उनके बकाया शेयर अब नेवाडा कॉर्पोरेशन में शिफ्ट कर दिए जाएंगे. इससे उनके शेयरों या कंपनी में होल्डिंग पर कोई असर नहीं होगा.




### मस्क को पब्लिक मार्केट के इतिहास में सबसे बड़ा पैकेज मिल रहा है : जज

जहां तक कोर्ट की बात है तो बता दें कि चांसरी के डेलावेयर कोर्ट की जज ने मस्क के पैकेज कॉन्ट्रैक्ट को रद्द करते हुए कहा कि कंपनी इस बात पर काम करे कि मस्क अभी तक मिले अतिरिक्त वेतन को कैसे लौटाएंगे. सूत्रों के मुताबिक, जज ने कहा कि मस्क को पब्लिक मार्केट के इतिहास में सबसे बड़ा पैकेज मिल रहा है. उन्होंने कहा कि मस्क के पैकेज प्लान को मंजूरी देने की प्रक्रिया में बड़ी खामियां थीं. इसे देने से पहले कंपनी के बोर्ड ने विचार नहीं किया है. इस मामले पर बताया जाता है कि 5 साल पहले कुछ शेयर होल्डर्स ने मस्क और टेस्ला के बोर्ड पर कॉर्पोरेट संपत्तियों को बर्बाद करने और एलन मस्क को गैरकानूनी रूप से अमीर बनाने का आरोप लगाया

### 70% से ज्यादा कंपनियां यहां रजिस्टर्ड हैं

पिछले महीने 30 जनवरी को डेलावेयर कोर्ट ऑफ चांसरी की जज कैथलीन मैककॉर्मिक ने मस्क के 50 बिलियन डॉलर (करीब 4.15 लाख करोड़ रुपये) के पैकेज को 'अथाह राशि' करार देते हुए उसे रद्द कर दिया था और 2018 से मिली एक्स्ट्रा सैलरी को लौटाने का भी आदेश दिया था. कोर्ट के फैसले के बाद एलन मस्क ने एक के बाद एक कई पोस्ट अपने एक्स हैंडल पर किए थे. एक पोस्ट में उन्होंने लिखा कि डेलावेयर राज्य में कभी भी अपनी कंपनी नहीं बनाएं. एक अन्य पोस्ट में मस्क ने पोल से जरिए लोगों से सवाल किया कि क्या टेस्ला को अपना हेडक्वार्टर बदलकर टेक्सास में कर लेना चाहिए, जहां उसका फिजिकल हेडक्वार्टर है. एक अन्य पोस्ट में मस्क ने लिखा कि मेरी राय में नेवेडा या टेक्सास में कंपनी को बनाया जाए. बता दें कि अमेरिका का डेलावेयर कई कंपनियों के ऑफिशियल सेटअप का मेन लोकेशन है. अमेरिका में स्थापित 500 कंपनियों में से 70% से ज्यादा कंपनियां यहां रजिस्टर्ड हैं. क्योंकि, डेलावेयर की अदालतें काफी तेज कार्रवाई करती हैं. यहां के जजों के पास बिजनेस से जुड़ी कानूनों की बेहतर समझ है. ये जूरी के बिना बड़ी बिजनेस डील और डिसएग्रीमेंट को संभालते हैं.

### टाटा के बाद महिंद्रा भी भारत में बनाएगी एयरक्राफ्ट

**मुंबई।** भारतीय वायु सेना को मीडियम ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट (एमटीए) की जरूरत महसूस हो रही थी. इसे समझते हुए ऑटो सेगमेंट की दिग्गज कंपनी महिंद्रा ग्रुप ने ब्राजील की कंपनी एम्ब्रार के साथ मिलकर सी 390 मिलेनियम एयरक्राफ्ट बनाने का ऐलान किया है. दोनों कंपनियां इसे एयरफोर्स की जरूरतों के हिसाब से तैयार करने पर सहमत हो गई हैं. महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा ने सोशल मीडिया पोस्ट करके इस डील की घोषणा भी की है. एयरफोर्स 18 से 30 टन वजन उठाने में सक्षम एमटीए की तलाश कर रही है. एम्ब्रार ने फरवरी में बेंगलुरु में इस सी 390 मिलेनियम (सी-390 मिलेनियम) मल्टी मिशन टेक्टिकल एयर ट्रांसपोर्ट को प्रदर्शित किया था. इस विमान को लेकर एम्ब्रार की महिंद्रा और टाटा ग्रुप से वार्ता जारी थी. मगर, महिंद्रा ने इसमें बाजी मारते हुए डील का ऐलान कर दिया. दोनों कंपनियों के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हो गए हैं. दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी पैसेंजर जेट निर्माता कंपनी एम्ब्रार डिफेंस एंड सिक्योरिटी और महिंद्रा डिफेंस सिस्टम्स मिलकर इस सौदे पर काम करेंगे. आनंद महिंद्रा ने एक्स पर ट्वीट करते हुए लिखा कि इस सौदे से मुझे बहुत खुशी मिली है.

## 7 करोड़ ईपीएफओ कर्मचारियों के लिए खुशखबरी

# 2023-24 के लिए ईपीएफ पर 8.25 प्रतिशत ब्याज दर तय की

एजेंसी।नयी दिल्ली

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने 2023-24 के लिए कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) जमा पर ब्याज दर शनिवार को 8.25 प्रतिशत तय कर दी. यह पिछले तीन साल में सर्वाधिक है. ईपीएफओ ने मार्च, 2023 में 2022-23 के लिए ईपीएफ पर ब्याज दर को मामूली रूप से बढ़ाकर 8.15 प्रतिशत कर दिया था जो 2021-22 में 8.10 प्रतिशत थी. ईपीएफओ ने मार्च, 2022 में 2021-22 के लिए ईपीएफ पर छह करोड़ उपभोक्ताओं के लिए ब्याज दर को घटाकर 8.1 प्रतिशत कर दिया था, जो चार दशक में सबसे कम थी. ईपीएफ पर ब्याज दर 2020-21 में 8.5 प्रतिशत थी. इससे पहले 1977-78 के लिए ईपीएफ ब्याज दर आठ प्रतिशत थी. श्रम मंत्रालय के बयान के अनुसार, केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेन्द्र यादव की अध्यक्षता में शनिवार को ईपीएफओ के केंद्रीय न्यासी बोर्ड (सीबीटी) की 235वीं बैठक में 2023-24 के लिए ब्याज दर बढ़ाने का निर्णय लिया गया. बयान में कहा गया, सीबीटी ने 2023-24 के लिए सदस्यों के खातों में ईपीएफ संचय पर 8.25 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज दर जमा करने की सिफारिश की.



मुंबई में अभिनेत्री कंगना रनौत और राज अर्जुन शनिवार को आगामी फिल्म रजाकार के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर फोटो सेशन करवाते.

**साप्ताहिक डाटा**

## ऊर्जा मंत्री ने अक्षय ऊर्जा को लेकर किया बड़ा दावा

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड स्तर पर

एजेंसी।नयी दिल्ली

भारत का विदेशी मुद्रा भंडार इस हफ्ते बढ़कर 622.469 अरब डॉलर हो गया है, जो बीते एक महीने का उच्चतम स्तर है. 2 फरवरी को खत्म हुए पिछले हफ्ते के मुकाबले ये 5.736 अरब डॉलर बढ़ा है. रिजर्व बैंक के साप्ताहिक डाटा के अनुसार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा संपत्ति का रहा, जो 5.186 अरब डॉलर बढ़कर 551.331 अरब डॉलर हो गया है. विदेशी मुद्रा संपत्तियों में रिजर्व बैंक द्वारा विदेशी मुद्राओं का उपयोग करके खरीदी गई यूएस ट्रेजरी बिल जैसी संपत्तियां हैं. विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ा हिस्सा विदेशी मुद्रा संपत्ति का ही होता है. गोल्ड रिजर्व भी 68 करोड़ डॉलर बढ़कर 48 अरब डॉलर हो गया है. अक्तूबर 2021 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार सबसे ज्यादा 645 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा था. हालांकि साल 2022 में आयात की लागत बढ़ने की वजह से विदेशी मुद्रा भंडार में काफी गिरावट आयी थी. अब एक बार फिर ये उच्चतम स्तर की तरफ बढ़ता दिख रहा है.



### 44 प्रतिशत ऊर्जा गैर-जीवाश्म ईंधन से हासिल होती

केंद्रीय मंत्री आरके सिंह का कहना है कि साल 2030 तक हम अपनी कुल ऊर्जा जरूरत का 65 प्रतिशत अक्षय ऊर्जा से हासिल करने में सक्षम हो जाएंगे. केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी भारत की कुल ऊर्जा जरूरत में से 44 प्रतिशत ऊर्जा गैर-जीवाश्म ईंधन से हासिल होती है और साल 2030 तक इसके 65 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है. आरके सिंह ने कहा कि यह 2021 के कॉप सम्मेलन में तय किए गए लक्ष्य से कहीं ज्यादा है.

**अब हम 60-65 प्रतिशत ऊर्जा अक्षय ऊर्जा से हासिल कर सकते हैं :** ग्लासगो में हुए कॉप26 सम्मेलन में भारत ने साल 2030 तक 500 गीगावाट ऊर्जा गैर-जीवाश्म ईंधन से पाने का लक्ष्य रखा था, जो भारत की कुल ऊर्जा जरूरत का 50 फीसदी है, लेकिन अब हम 60-65 प्रतिशत ऊर्जा अक्षय ऊर्जा से हासिल कर सकते हैं. इससे 2030 तक एक अरब टन कार्बन उत्सर्जन कम होगा. केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने शुक्रवार को एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीट्यूट वर्ल्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट समिट के दौरान ये बात कही.

## पाकिस्तानी शेयर बाजार में हाहाकार

# केएसई-100 में 1700 अंकों की गिरावट

एजेंसी ।लाहौर

पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज का बेंचमार्क केएसई-100 इंडेक्स शनिवार को 1700 अंक टूट गया और पाकिस्तानी शेयर बाजार में हाहाकार मचा हुआ है. दरअसल नई सरकार पर स्थिति साफ ना होने की वजह से पड़ोसी देश का शेयर बाजार शनिवार सुबह खुलते ही क्रैश करता दिखा. पाकिस्तान के चुनाव अधिकारी जनरल इलेक्शन रिजल्ट की घोषणा करने के लिए कछुए की चाल से आगे बढ़ रहे हैं और इसका असर शेयर निवेशकों के सेंटीमेंट पर देखा जा रहा है. पीएसएक्स वेबसाइट के मुताबिक, कारोबार शुरू होने के तुरंत बाद इंडेक्स 2278 अंकों तक गिर गया. इसके बाद यह थोड़ा संभला और सुबह 9:30 बजे तक 1720.27 अंक या 2.68 फीसदी की गिरावट के साथ 62,423.60 अंक पर पहुंच गया था. केएसई-100 का गुरुवार को 64,143.87 के लेवल पर बंद हुआ था. पाकिस्तान स्टॉक एक्सचेंज (पीएसएक्स) कराची, पाकिस्तान में स्थित एक स्टॉक एक्सचेंज है. पाकिस्तान के शेयर बाजार के जानकारों ने कहा कि केएसई-100 इंडेक्स में गिरावट आई है क्योंकि चुनाव के बाद बनी अनिश्चित स्थिति के कारण निवेशक खरीदारी के बजाय बेचने की तरफ रुख दिखा रहे हैं.

## ब्रीफ खबरें

### तमिलनाडु में एनआईए की हुई छापेमारी

**चेन्नई ।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों ने कोयंबटूर में इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) से प्रेरित होकर किए गए कार बम धमाके से जुड़े मामले में शनिवार को तमिलनाडु में कम से कम 27 स्थानों पर छापे मारे. विस्फोट के संबंध में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था. इस मामले का मुख्य संदिग्ध एवं आत्मघाती हमलावर जमेशा मुबीन अक्टूबर 2022 में संवर्धित आईईडी ले जा रहे वाहन में हुए धमाके में मारा गया था.

### मिथुन अस्पताल में भर्ती सीने में दर्द की शिकायत

**कोलकाता ।** बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती को कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के अनुसार, मिथुन दा को सुबह करीब साढ़े 10 सीने में दर्द और बेचैनी महसूस हुई. जिसके बाद उनको अस्पताल में भर्ती किया गया है. फिलहाल उन्हें चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है. 73 वर्षीय अभिनेता का एमआरआई और बाकी जांच की गयी है. एमआरआई की रिपोर्ट का इंतजार है. फिलहाल उनकी तबीयत कैसी है, इसका पता अभी नहीं चल पाया है.

### भारतीय मूल के एक और युवक की मौत

**वाशिंगटन ।** वाशिंगटन के एक रेस्तरां के बाहर झगड़े के दौरान पीटे जाने के कारण घायल हुए भारतीय मूल के 41 वर्षीय युवक की मौत हो गई. जांचकर्ताओं ने बताया कि शोटो रेस्तरां के बाहर दो फरवरी को देर रात करीब दो बजे पुलिस को सूचना मिली जिसके बाद पुलिस अधिकारी वहां पहुंचे और उन्होंने विवेक तनेजा नाम के भारतीय मूल के व्यक्ति को फुटपाथ पर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पाया. उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई.

### मप्र में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**मंडला ।** मध्यप्रदेश के मंडला जिले में शुक्रवार रात बिछिया थाना अंतर्गत औरई गांव के पास खड़े एक ट्रक से जीप के टकरा जाने से चार लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हो गए. थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह धुर्वे ने बताया कि जीप चालक तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था. जीप में सवार लोग बिछिया से छिंदवाड़ा जा रहे थे तथी औरई के नजदीक यह हादसा हो गया. सिंह ने बताया कि हादसे में सुनील कूड़ा, तीरथ कुड़ापे, दारा सिंह और रोहित सैयाम की मौत हो गई.

### 2.50 करोड़ के गबन मामले में दो गिरफ्तार

**जयपुर ।** राजस्थान पुलिस ने प्रतापगढ़ जिले में एक निजी बैंक में लगभग 2.50 करोड़ रुपये के घोटाले का पर्दाफाश करते हुए बैंक के प्रबंधक सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया. प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने यहां एक बयान में बताया, धरियावद में आईसीआईसीआई बैंक में हुए लगभग 2.50 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले का पर्दाफाश कर बैंक मैनेजर प्रशांत काबरा (32) व उदयपुर के हिस्ट्रीशीटर रहे आरोपी जालम चंद जैन (72) को गिरफ्तार किया गया.

## बर्फ से कलाकारी



**गांदरबल :** शनिवार को गांदरबल जिले के सोनमर्ग में कलाकार बर्फ की घोड़ा-गाड़ी की मूर्ति को अंतिम रूप देते हुए. - फोटो: पीटीआई

### जेएनयू छात्र संघ चुनाव

## बैठक के दौरान दो छात्र संगठनों के बीच झड़प, कई छात्र घायल

**भाषा । नयी दिल्ली**

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) छात्र संघ चुनाव 2024 के लिए निर्वाचन आयोग के सदस्यों को चुनने के लिए साबरमती ढाबे पर विश्वविद्यालय आम सभा की बैठक (यूजीबीएम) बुलायी गयी थी. शुक्रवार देर रात हुई बैठक के दौरान एबीवीपी और वाम दल छात्र संगठनों के सदस्यों के बीच झड़प हो गयी. इस झड़प में दोनों संगठनों के कई छात्र घायल हुए. जिनका इलाज सफदरजंग अस्पताल में किया गया. दोनों पक्षों ने इस झड़प के लिए एक-दूसरे पर आरोप लगाये हैं. हालांकि इस पर जेएनयू प्रशासन ने अभी तक



कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है. वाम दल से संबद्ध डीएसएफ ने आरोप लगाया कि एबीवीपी के सदस्य मंच पर चढ़ गये और उन्होंने परिषद के सदस्यों तथा वक्ताओं के साथ धक्का-मुक्की की. दक्षिणपंथी छात्र समूह ने आरोप लगाया कि डीएसएफ कार्यकर्ताओं ने एबीवीपी के जेएनयू सचिव विकास पटेल पर हमला किया.

### लोस में राम मंदिर निर्माण पर आयोजित चर्चा के दौरान अमित शाह बोले-

# मंदिर के लिए संघर्ष चला तो देश में जय श्रीराम के नारे लगने लगे

**भाषा । नई दिल्ली**

गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को लोकसभा में कहा कि राम मंदिर दुनिया का एक मात्र ऐसा आंदोलन है जहां बहुसंख्यकों ने धैर्य रखते हुए संवैधानिक प्रावधानों के तहत अपना संघर्ष पूरा किया. उन्होंने कहा कि संघर्ष चला तो देश में जय श्रीराम के नारे लगे और जब मंदिर बन गया तो जय सीयाराम के नारे लगे. राम मंदिर पर चली संघर्ष से भक्ति यह यात्रा देश को आगे ले जाने वाली है. केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने न्यायसंगत तरीके से राम मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण कर अपना वादा निभाया है. मोदी सरकार जो कहती है उसे करके दिखाती है. 22 जनवरी का दिन करोड़ों भक्तों की आशा, आकांक्षा और सिद्धि का दिन बन गया.

**1528 से हर पीढ़ी ने इस आंदोलन को देखा है :** शाह ने शनिवार को लोकसभा में राम मंदिर निर्माण पर आयोजित चर्चा के दौरान कहा कि राम मंदिर आंदोलन से अनभिज्ञ होकर कोई भी इस देश के इतिहास को पढ़ ही नहीं सकता. वर्ष 1528 से हर पीढ़ी ने इस आंदोलन को किसी न किसी रूप में देखा है. ये मामला लंबे समय तक अटका रहा, भटका रहा.



लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के समय में ही इस स्वप्न को सिद्ध होना था और आज देश ये सिद्ध होता देख रहा है.

शाह ने कहा कि वर्ष 1990 में जब ये आंदोलन ने गति पकड़ी उससे पहले से ही ये भाजपा का देश के लोगों से वादा था. हमने पालमपुर कार्यकारिणी में प्रस्ताव पारित करके कहा था कि राम मंदिर निर्माण को धर्म के साथ नहीं जोड़ना चाहिए, ये देश की चेतना के पुनर्जागरण का आंदोलन है. इसलिए हम राम जन्मभूमि को कानूनी रूप से मुक्त कराकर वहां पर राम मंदिर की स्थापना करेंगे. अनेक राजाओं, संतों, निहंगों, अलग-अलग संगठनों और कानून विशेषज्ञों ने इस लड़ाई में योगदान दिया है. शाह ने कहा कि वह आज 1528 से 22 जनवरी, 2024 तक इस लड़ाई में भाग लेने वाले सभी योद्धाओं को विनम्रता के साथ स्मरण करते हुए उन्हें नमन करते हैं.

**खास बातें**

- राम मंदिर निर्माण का कार्य पूर्ण कर अपना वादा निभाया
- मोदी के समय में ही इस स्वप्न को सिद्ध होना था

**राम प्रतीक हैं करोड़ों लोगों के लिए**

शाह ने कहा कि भारत की संस्कृति और रामायण को अलग करके देखा ही नहीं जा सकता. कई भाषाओं, कई प्रदेशों और कई प्रकार के धर्मों में भी रामायण का जिक्र, रामायण का अनुवाद और रामायण की परंपराओं को आधार बनाने का काम हुआ है. जो राम के बिना भारत की कल्पना करते हैं, वो भारत को नहीं जानते हैं. राम प्रतीक हैं कि करोड़ों लोगों के लिए आदर्श जीवन कैसे जीना चाहिए, इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा गया है. इस देश की कल्पना राम और रामचरितमानस के बिना नहीं की जा सकती. राम का चरित्र और राम इस देश के जनमानस का प्राण है.

### आर्यन खान ड्रग्स केस मामला

## ईडी ने वानखेड़े के खिलाफ मनी लांड्रिंग का मामला दर्ज किया

**भाषा । मुंबई**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुंबई एनसीबी के पूर्व क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े के खिलाफ धन शोधन का मामला दर्ज किया है. आधिकारिक सूत्रों ने आज शनिवार को यह जानकारी दी. निदेशालय ने मादक पदार्थ संबंधी मामले में अभिनेता शाहरुख खान के बेटे को बरी करने के लिए उनके परिवार से कथित तौर पर 25 करोड़ रुपये की रिश्वत मांगने के संबंध में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी का संज्ञान लेते हुए यह मामला दर्ज किया. सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया है.

**आर्यन खान को क्लीन चिट दे दी गयी थी :** कॉर्डेलिया क्रूज जहाज से दो अक्टूबर 2021 को कथित रूप से मादक पदार्थ मिलने के मामले में आर्यन खान को गिरफ्तार किया गया था. सीबीआई ने एनसीबी की एक शिकायत पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत रिश्वतखोरी से संबंधित प्रावधानों के अलावा भारतीय दंड संहिता की धाराओं 120-बी (आपराधिक साजिश) और 388 (जबरन वसूली के लिए धमकी) के लिए वानखेड़े और अन्यों के खिलाफ मामला दर्ज किया था. एनसीबी ने एक वर्ष बाद क्रूज पर मादक पदार्थ मिलने के मामले में 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था, लेकिन आर्यन खान को क्लीन चिट दे दी गयी थी.

### ईडी ने कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी को समन भेजा

**लखनऊ ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में पूछताछ के लिए कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद को समन भेजा है. सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी. यह मामला लुईस खुर्शीद के नेतृत्व वाले एक ट्रस्ट द्वारा कृत्रिम अंगों और उपकरणों के वितरण में सरकारी निधि के कथित दुरुपयोग से जुड़ा है. सूत्रों ने बताया कि उन्हें धन शोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए 15 फरवरी को लखनऊ में ईडी के कार्यालय में पेश होने को कहा गया है. उत्तर प्रदेश के बरेली में सांसद-विधायक अदालत ने दो दिन पहले इस मामले में लुईस खुर्शीद के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया था और मामले पर अगली सुनवाई के लिए 16 फरवरी की तारीख तय की थी.

### केजरीवाल बोले

### पंजाब में जल्द करेंगे उम्मीदवारों की घोषणा

**दिल्ली ।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब की सभी 13 लोकसभा सीटों और चंडीगढ़ की एक सीट पर चुनाव लड़ेगी. इसके साथ राज्य में विपक्ष के इंडियन नेशनल डेमोक्रेटिक इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया गठबंधन) का एक तरह से अंत हो जाएगा. उन्होंने कहा कि पार्टी अगले 10-15 दिनों में इन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा कर देगी.

### दहशत में जी रहे 15 लाख फिलिस्तीनी

## गाजा के रफाह में बड़े हमले की तैयारी में इजरायल

**एजेंसी । नयी दिल्ली**

गाजा में हमास और इजरायल के बीच चल रही जंग खत्म होने का नाम नहीं ले रही है. इजरायल गाजा के रफाह में बड़ी सैन्य कार्रवाई की तैयारी में हैं. ऐसे में वहां शरण लिए हुए लोगों में दहशत का माहौल है. यहां करीब 15 लाख फिलिस्तीनी लोगों ने शरण ले रखी है. ये वो लोग हैं जिनका सबकुछ इजरायली हमले में तबाह हो चुका है और जान बचाने के लिए यहां रह रहे हैं. मिस्र से सटा हुआ ये इलाका अभी तक सुरक्षित है और इजरायल ने यहां बमबारी नहीं की है, लेकिन अब यहां भी सैन्य कार्रवाई की तैयारी कर रहा है. इजरायल का दावा है कि यहां हमास के लड़ाके छिपे हुए हैं, जबकि यहां रह रहे लोगों का कहना है कि



इजरायल फिलिस्तीनियों को मिस्र में धकेलना चाहता है, ताकि वो यरूशलम और वेस्ट बैंक की तरह गाजा पर भी पूरी तरह से कब्जा कर ले. यहां रह रहे लोगों ने कहा कि वो गाजा में मरना पसंद करेंगे लेकिन मिस्र नहीं जाएंगे. गाजा निवासी डॉ. नाहिद अबू असी ने कहा, यहां नेतन्याहू और उनकी सरकार राफा पर आक्रमण करने की धमकी दे रही है. हम कहां चले जाएं? यदि वे हम पर मिस्र में धकेलने की कोशिश करेंगे तो भी हम वहां नहीं जाएंगे.

## हिंसाग्रस्त हल्द्वानी के बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटाया गया

**भाषा । हल्द्वानी (उत्तराखंड)**

उत्तराखंड के हिंसाग्रस्त हल्द्वानी शहर के बाहरी इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया है लेकिन बनभूलपुरा क्षेत्र में यह लागू रहेगा जहां बृहस्पतिवार को एक अवैध मदरसे को तोड़े जाने को लेकर भीड़ ने आगजनी और तोड़फोड़ की थी. शहर के बाहरी इलाके में दुकानें शनिवार को खुलीं लेकिन स्कूल बंद हैं. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी), कानून-व्यवस्था ए.पी. अंशुमन ने हल्द्वानी में डेरा डाला हुआ है. उन्होंने बताया, प्रभावित इलाके में लगातार गश्त की जा रही है और स्थिति नियंत्रण में है.

उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार



की हिंसा में शामिल पांच लोगों को अभी तक गिरफ्तार किया गया है और तीन प्राथमिकियां दर्ज की गयी हैं. सोशल मीडिया पर अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं. एडीजी ने कहा कि बनभूलपुरा इलाके में कर्फ्यू अभी लागू है. हालांकि, निवासियों को समय-समय पर आवश्यक सामान खरीदने की अनुमति दी जा रही है.

### यात्री ने खोल दिया फ्लाइट का इमरजेंसी डोर, मची अफरातफरी

**नयी दिल्ली ।** कई बार विमानों में उड़ान के दौरान कुछ खास यात्रियों की बेवकूफी की वजह से कुछ ऐसा हो जाता है कि बाकी लोगों की जान पर बन आती है. ऐसे कई मामले आते रहे हैं. ताजा मामला थाईलैंड का है. यहां चियांग माई हवाई अड्डे पर उड़ान भरने से पहले एक यात्री ने आपातकालीन निकास द्वार खोल दिया. रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, फ्लाइट की इन्फ़्लैटेबल स्लाइड सक्रिय हो गई, जिससे टेकऑफ में देरी हुई. कनाडाई व्यक्ति को स्थानीय पुलिस ने हिरासत में ले लिया. यात्री के वकील ने दावा किया कि उसने हैलुसिनेशन के चलते विमान का दरवाज़ा खोला.

### पाकिस्तान में आम चुनाव

## पीटीआई समर्थित 92 उम्मीदवार जीते, नवाज की पार्टी को 71 सीटें

**भाषा । इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की अवाम ने आम चुनाव में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर भरपूर प्यार लुटाया है. अब तक 253 सीटों का रिजल्ट घोषित किया जा चुका है. इनमें से खान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए इंसाफ समर्थित 92 निर्दलीय चुनाव जीतकर सबसे आगे हैं.

डॉन समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी को 71 सीटें मिली हैं. अब मात्र 12 सीटों का रिजल्ट आना बाकी है. मुल्क में नेशनल असेंबली की 336 सीटों में से 266 पर मतदान कराया जाता है. बाजौर के हमले में एक उम्मीदवार की मौत हो जाने के बाद एक सीट पर मतदान स्थगित कर दिया गया था.

बिलावल जरदारी भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) को मात्र 54 सीटें मिली हैं. जेयूआईएफ को तीन और अन्य के खाते में 33 सीटें गई हैं. बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में बंद हैं और उनके चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध है. इस वजह से 71 वर्षीय खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के उम्मीदवार निर्दलीय के तौर पर चुनाव लड़े थे.




## कॅरियर-काउंसिलिंग

# डेटा एनालिसिस की पढ़ाई कर युवा बना सकते हैं अपना कॅरियर



**रजनीश प्रसाद । रांची**

डेटा से महत्वपूर्ण जानकारी निकालने की प्रक्रिया को डेटा एनालिसिस कहा जाता है. डेटा एनालिसिस में कई चरण शामिल होते हैं, जैसे डेटा सेट स्थापित करना, प्रोसेसिंग के लिए डेटा तैयार करना, मॉडलों को लागू करना, प्रमुख निष्कर्षों की पहचान करना और रिपोर्ट बनाना आदि. डेटा एनालिसिस की प्रक्रिया में वो सभी तरीके शामिल हैं, जिससे आप डेटा को तोड़ सकते हैं, समय के साथ रुझान का आकलन कर सकते हैं, और एक सेक्टर या माप को दूसरे की तुलना कर सकते हैं. इसमें एक नजर में ट्रेंड्स और रिलेशनशिप्स को सहज बनाने के लिए डेटा को देखने के विभिन्न तरीकों को भी शामिल किया जा सकता है. डेटा एनालिसिस से प्रेडिक्टिव एनालिसिस भी करने को मिलता है. इससे हम आने वाले ट्रेंड का भी अनुमान लगा सकते हैं. डेटा एनालिसिस का उपयोग अनेक में क्षेत्र में डेटा के मूल्यांकन के लिए किया जाता है, जैसे मेडिकल क्षेत्र, शेयर मार्केट, उद्योग क्षेत्र, शिक्षा क्षेत्र, सामाजिक सुधार क्षेत्र, किसी योजना को लागू करने व उसके क्रियान्वयन के लिए, बिजनेस शुरू करने और बिजनेस बढ़ाने के लिए इत्यादि.

### कॅरियर स्कोप

- प्रोजेक्ट मैनेजर
- लॉजिस्टिक्स एक्सपर्ट
- बिजनेस एनालिस्ट
- स्ट्रेटजी एनालिस्ट
- सोशल मीडिया डेटा एनालिस्ट
- क्रेडिट एनालिस्ट
- स्टैटिस्टिकल एनालिसिस
- प्रोग्रामर
- सिक्योरिटी एनालिस्ट
- डेटाबेस एनालिस्ट
- एबी टेस्टिंग एनालिस्ट
- एक्सेल एनालिस्ट

### डेटा एनालिसिस के प्रकार

- डिस्क्रिप्टिव एनालिसिस
- डायग्नोस्टिक एनालिटिक्स
- प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स
- प्रेस्क्रिप्टिव एनालिसिस

### डेटा एनालिसिस के लाभ

- डेटा एनालिसिस किसी संगठन या कंपनी के लिए बेहतर निर्णय लेने, बेस्ट कस्टमर सर्विस देने, प्रोडक्टिविटी बढ़ाने और रेवेन्यू बढ़ाने के लिए एक आवश्यक प्रक्रिया है.
- एनालिसिस से बिजनेस के लिए सही जानकारी प्राप्त कर सकते हैं.
- डेटा एनालिसिस करके किसी ऑर्गेनाइजेशन या कंपनी के लिए अधिक प्रोफिट बना सकते हैं.
- इससे आप अधिक प्रभावी मार्केटिंग कैंपेन बना सकते हैं.
- एनालिसिस से आप ग्राहकों की जरूरत को समझ सकते है और ग्राहकों को बेहतरीन सर्विस या प्रोडक्ट दे सकते है.
- डेटा एनिलिसिस के कारण हमें ग्राहक इंटरैक्शन सुनने, व्यवहार और रिलेवेंट जानकारी सीखने, लक्ष्यों को हासिल करने, अधिक प्रभावी एक्सनेबल इनसाइट्स बनाने और बिजनेस उतार-चढ़ाव को सिखने की क्षमता मिलती है.

### डेटा एनालिसिस प्रोसेस

1. डेटा की आवश्यकता
2. डेटा को एकत्रित करना
3. डेटा का स्पष्टीकरण
4. डेटा एनालिसिस करना
5. कम्युनिकेशन

### भारतीय यूनिवर्सिटीज

- गोवा इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट
- एमएटीएस यूनिवर्सिटी, रायपुर
- डीआईटी यूनिवर्सिटी, देहरादून
- यूनिवर्सल बिजनेस स्कूल, मुंबई
- विश्वकर्मा यूनिवर्सिटी
- आईआईटी (आईएसएम) धनबाद
- आईआईएम शिलांग
- आईआईएम काशीपुर
- आईआईएम अमृतसर

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)